


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 दबाव तो था लेकिन हर किसी...

प्रधानमंत्री को माफीवीर बनना... 12



वर्ष : 13 | अंक : 33 | नई दिल्ली, रविवार, 19 जून 2022 | ज्येष्ठ, पंचमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.0°C

न्यूनतम तापमान 24.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी मौसम सुहाना रहने की उम्मीद हैं, साथ ही कुछ जगह बारिश भी हो सकती हैं।

**पोल**

बिहार में 10 भाजपा नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा देना क्या सही फैसला हैं ?

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,670 |
| चांदी | 61,000 |
| सेंसेक्स | 51,360 |
| निफ्टी | 15,293 |

# मोदी की मातृ वंदना : जननी व जगत जननी के चरणों में प्रधानमंत्री

गांधीनगर, एजेंसी

मोदी अपनी मां हीराबेन के जन्मदिन पर अहमदाबाद पहुंचे। मोदी ने अपनी मां के पैर धोए, उसके बाद उस पानी को आंखों से लगाया। मोदी ने अपनी मां के साथ बैठकर पूजा की, उन्हें शॉल ओढ़ाया और उनका आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री मोदी की मां ने भी जन्मदिन पर मिलने पहुंचे बेटे का मुंह मीठा कराया। प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन ने आज अपने जीवन 100वें साल में प्रवेश कर लिया। 2014 में सत्ता में आने के बाद आडवाणी की रथयात्रा के 'सारथी' रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गौरव को फिर से स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाया। उत्तराखंड में बाबा केदार धाम का विहंगम स्वरूप हो या काशी में विश्वनाथ धाम परियोजना...भाजपा और विशेष रूप से पीएम मोदी ने हिंदुत्व के एजेंडे में मंदिरों को भव्य और दिव्य रूप प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया। आज इसका जिक्र होने की वजह भी खास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पावागढ़ में महाकाली मंदिर के शिखर पर 500 साल बाद ध्वज फहराया गया है। माथे पर तिलक लगाए मोदी ने गुजरात की धरती से देशवासियों को बड़ा संदेश दिया। उन्होंने अयोध्या राम मंदिर, काशी, केदार धाम का जिक्र करते हुए कहा, 'आज भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गौरव पुनर्स्थापित हो रहे हैं। आज नया भारत अपनी आधुनिक आकांक्षाओं के साथ-साथ अपनी प्राचीन पहचान को भी जी रहा है, उन पर गर्व कर रहा है।'







● केदार, विश्वनाथ, अयोध्या और अब गुजरात के पावागढ़ काली मंदिर में मोदी ने 500 साल बाद फहरा दिया शिखर ध्वज

**सपना जब संकल्प बन जाता है...**

पीएम ने आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि कल्पना कर सकते हैं कि 5 शताब्दी के बाद और आजादी के 75 साल बीतने के बाद मां काली के शिखर पर ध्वजा नहीं फहरी थी। आज मां काली के शिखर पर आज मां काली के शिखर पर ध्वजा फहरी है। उन्होंने कहा कि सपना जब संकल्प बन जाता है और संकल्प जब सिद्धि के रूप में नजर के सामने होता है। इसकी आप कल्पना कर सकते हैं। आज का ये पल मेरे अंतर्मन को विशेष आनंद से भर देता है।

**मातृशक्ति योजना की शुरूआत**

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को पावागढ़ में महाकाली के दर्शन कर विरासत वन में लोगों से मुलाकात की। इसके बाद वडोदरा रवाना हुए। वहां ह्यगुजरात गौरव अभियानह्न कार्यक्रम के अंतर्गत 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लागत वाली विभिन्न विभागों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

# 'अग्निपथ' की आग ने रोक दिए रेल के पहिए

## आंदोलन को देखते हुए 369 ट्रेनों को रद्द, बिहार में रात 8 बजे तक नहीं चलेंगी ट्रेनें

**जानकारी**

● रक्षा मंत्रालय ने भी अग्निवीरों को भर्तियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का किया ऐलान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्र सरकार की ओर से देश की तीनों सेनाओं में भर्ती के लिए लाई गई 'अग्निपथ योजना' का विरोध शनिवार को भी नहीं थमा। बिहार में आज बंद बुलाया गया तो पंजाब के लुधियाना में उपद्रवियों ने स्टेशन पर तोड़फोड़ की। वहीं, रेलवे ने भी आंदोलन को देखते हुए शनिवार को 369 ट्रेनों को रद्द कर दी। इनमें 210 मेल और एक्सप्रेस और 159 लोकल पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे ने दो और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को भी आंशिक रूप से रद्द कर दिया है, इस प्रकार दिन के दौरान प्रभावित होने वाली ट्रेनों की कुल संख्या 371 पहुंच गई है। सरकार ने मंगलवार को अग्निपथ योजना का ऐलान करते हुए कहा था कि सेवा में साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए शामिल किया जाएगा, जबकि उनमें से 25 प्रतिशत युवाओं को नियमित सेवा के लिए बरकरार रखा जाएगा।

देश के अलग-अलग राज्यों में अग्निपथ के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन तेज हो गए है। इस बीच रक्षा मंत्रालय ने भी अग्निवीरों को अपने मंत्रालय में होने वाली भर्तियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया है। रक्षा मंत्रालय के इंडियन कोस्ट गार्ड और डिफेंस सिविलियन पोस्ट के साथ डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की 16 कंपनियों में भी नियुक्तियों में आरक्षण मिलेगा। इससे पहले गृह मंत्रालय ने भी सुबह अग्निवीरों के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। इन्हें आयु सीमा में भी 3 से 5 साल की राहत देने का ऐलान किया गया है।

**बिहार में लगातार उग्र प्रदर्शन**

बिहार में लगातार चौथे दिन उग्र प्रदर्शन हुआ। पटना समेत प्रदेश के 6 जगहों पर पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने हमला किया। कुछ जगह पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों में फायरिंग भी हुई। उग्र प्रदर्शन को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए अब बिहार में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली ट्रेनें आज से 20 जून तक रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक ही चलेंगी। पटना के मसौढ़ी में तारगेना स्टेशन के पास पत्थरबाजी और फायरिंग हुई है।







**युवाओं से बातचीत को सरकार तैयार : अनुराग**

● केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे युवाओं से शनिवार हिंसा बंद करने और बातचीत के लिए आगे आने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार खुले मन से उनकी शिकायतें सुनने और जरूरत पड़ी तो बदलाव करने के लिए तैयार है। ठाकुर ने कहा कि अग्निपथ योजना नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से भविष्य में देश को अधिक सुरक्षित बनाने और देश के युवाओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है।

**भाजपा शासित राज्यों में अग्निवीरों को मिलेगी वरीयता**

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिहं चौहान ने अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में वरीयता देने की घोषणा की है।
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि अग्निवीरों को पुलिस और आपदा प्रबंधन विभागों में नौकरी दी जाएगी।
- सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा कि आर्म फोर्सेस से चार साल बाद रिटायर होने पर अग्निवीरों को पुलिस विभाग में वरीयता दी जाएगी।
- कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा कि सरकार ने अग्निवीरों को पुलिस विभाग की भर्ती में प्राथमिकता देने का फैसला किया है।
- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अग्निवीरों को असम आरोग्य निधि पहल में प्राथमिकता देने की घोषणा की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि अग्निपथ स्कीम के तहत सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को राज्य की सरकारी नौकरियों में वरीयता मिलेगी।
- अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने कहा कि पुलिस और राज्य सरकार की सब्सिडी योजनाओं में अग्निवीरों को प्राथमिकता मिलेगी।

**सोनिया ने युवाओं से की अपील**

अग्निपथ योजना को लेकर देश भर में हो रही हिंसा के बीच सोनिया गांधी ने युवाओं के नाम पत्र लिखा है। उन्होंने कहा मुझे दुख है कि सरकार ने आपकी आवाज को नजरअंदाज किया और एक नई योजना की घोषणा की जो पूरी तरह से दिशाहीन है, मैं आप सभी से अहिंसक तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने की अपील करती हूं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आपके साथ है।

**उप्र : 260 लोग गिरफ्तार**

यूपी में तीसरे दिन भी बवाल जारी है। जौनपुर में उपद्रवियों ने दो रोडवेज बसें और कई बाइक जला दी। वहीं, बिहार में फायरिंग की गई। राजस्थान में भी आज युवा बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार की ओर से योजना में किए गए संशोधन के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं।

**आज कांग्रेस करेगी प्रदर्शन**

अग्निपथ योजना के खिलाफ देश भर में मचे बवाल के बीच कांग्रेस पार्टी ने भी प्रदर्शन का ऐलान किया है। कांग्रेस के नेता रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे, इसमें पार्टी के सभी बड़े नेता शामिल होंगे।

## फारूक अब्दुल्ला भी नहीं बनेंगे विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार

नई दिल्ली। देश के सबसे सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति के लिए 18 जुलाई को चुनाव होना है। इसके लिए नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। भाजपा की नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस की अगुआई वाले यूपीए गठबंधन में हलचल बढ़ गई है। इस बीच विपक्ष के दो संभावित उम्मीदवारों ने राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के तौर पर अपना नाम अलग कर लिया है। पहले एनसीपी के प्रमुख शरद पवार और अब नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने उम्मीदवार बनने से इंकार कर दिया। ऐसे में सियासी गलियारे में अन्य नामों की चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि इन्हीं में से कोई एक नाम फाइनल हो जाएगा। विपक्ष को एकजुट करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी काफी कोशिशें कर रहीं हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति पद के लिए उनका नाम प्रस्तावित किया, इससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। बैठक में ममता बनर्जी ने मेरे नाम का प्रस्ताव दिया, इसके बाद कई नेताओं ने मुझे फोन किया और समर्थन देने की बात कही।

## रेलवे की संपत्ति की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगी सरकार: रेल मंत्री

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**प्रदर्शन**

● प्रदर्शनों के दौरान 371 ट्रेनें प्रभावित हुईं और लगभग दर्जनभर ट्रेनों में लगा दी गई आग

'अग्निपथ' योजना के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान देश के कुछ हिस्सों में ट्रेन सेवाओं के बाधित होने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने के मद्देनजर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सरकार रेलवे की संपत्ति की रक्षा के लिए रेलवे अधिनियम को और मजबूत करने की दिशा में काम करेगी।

वैष्णव ने 'टीवी9 ग्लोबल समिट' में प्रदर्शनकारियों से कानून हाथ में न लेने की भी अपील की। उन्होंने कहा, "सरकार आपकी सभी चिंताओं को सुनेगी और उनका समाधान किया जाएगा।" सशस्त्र बलों में अल्पकालिक आधार पर भर्ती के लिए केंद्र की ओर से पेश की गई 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ बिहार और अन्य राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनों के दौरान शुक्रवार को 340 से अधिक ट्रेन प्रभावित हुईं और सात से अधिक ट्रेन में आग लगा दी गई।

वैष्णव ने कहा, "हमें यह समझना होगा कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है और यह उस वर्ग को सेवा प्रदान करती है, जो उड़ानों का खर्च नहीं उठा सकते और जहां उड़ान सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि रेलवे अधिनियम को और मजबूत बनाने की जरूरत है तथा हम इस पर काम करेंगे ताकि रेलवे संपत्ति की और अच्छी तरह सुरक्षा की जा सके।" फिलहाल रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया जाता है, जिसमें अधिकतम सात साल की कैद का प्रावधान है।

# यूपी बोर्ड : 12वीं में दिव्यांशी व 10वीं में प्रिंस पटेल ने किया टॉप

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश 12वीं बोर्ड 2022 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस बार भी छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ दिया है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले की रहने वाली दिव्यांशी ने 12वीं में टॉप किया है। दिव्यांशी को 95.40 प्रतिशत नंबर मिले हैं। 500 में से 477 अंक दिव्यांशी हासिल किए हैं। वहीं, प्रयागराज की अंशिका यादव और बाराबंकी के योगेश प्रताप सिंह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों को 95-95प्रतिशत अंक यानी 500 में से 475-475 अंक मिले हैं। फतेहपुर के बालकृष्ण 94.20 प्रतिशत (471 अंक) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कानपुर नगर के प्रखर पाठक 94 प्रतिशत (470 अंक) के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं, इंटर की परीक्षा में लखनऊ की सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की स्वाति गोस्वामी ने 500 में से 469 अंक प्राप्त किए हैं। इंटर की परीक्षा में बैठने वाले कुल 85.33 छात्र पास हुए हैं। 81.21 प्रतिशत लड़के और 90.15 प्रतिशत लड़कियां इस बार पास हुई हैं।





**हाईस्कूल में किसान का बेटा बना टॉपर**

इससे पहले उत्तर प्रदेश दसवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी किया गया। परीक्षा परिणाम में कानपुर के छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहा। यूपी बोर्ड की दसवीं परीक्षा में 600 में से 586 अंक लाकर कानपुर नगर के प्रिंस पटेल स्टेट टॉपर बने हैं। उन्हें 97.67 फीसदी अंक प्राप्त हुए। वहीं, दूसरे स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर, मुरादाबाद की छात्रा संस्कृति ठाकुर ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्हें 585 अंक मिले हैं। वे 97.50 फीसदी अंक हासिल करने में कामयाब रहीं। प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर शिवाजी इंटर कॉलेज कानपुर नगर की छात्रा किरण कुशवाहा 585 अंकों के साथ रही। किरण को भी 585 अंक मिले हैं। इस प्रकार छात्र और छात्रा दोनों वर्ग में कानपुर नगर के छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

## संक्षिप्त खबर

### सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने 14 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से वकील एन हरिहरन ने कहा था कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ जो भी साक्ष्य हैं वे दस्तावेजी हैं और उसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता है।

### जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने एक पुलिस अधिकारी की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक फारूक अहमद मीर पर हमला शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि पंपोर इलाके के संबूरा में हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मीर सीटीसी लेथपोरा में आईआरपी 23वीं बटालियन में तैनात थे।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा अग्निपथ मामला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर अग्निपथ हिंसा मामले में एसआईटी जांच कराए जाने की गुहार लगाई गई है। याचिकाकर्ता ने अग्निपथ योजना पर सवाल उठाते हुए इसे एग्जामिन करने के लिए एक एक्सपर्ट कमिटी गठित करने की गुहार लगाई है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट विशाल तिवारी ने जनहित याचिका दायर की है। कहा है कि आर्म्ड फोर्सेस में भर्ती के लिए आई योजना अग्निपथ के विरोध में देशभर में जो प्रदर्शन हो रहे हैं और इस दौरान जो सरकारी जैसे रेलवे आदि की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया है उसकी जांच होनी चाहिए। जांच के लिए एसआईटी का गठन होना चाहिए।

### दुनिया के सौ करोड़ लोग मानसिक विकार के शिकार : डब्ल्यूएचओ

जेनेवा। दुनिया में सौ करोड़ लोग किसी न किसी रूप में मानसिक विकार के शिकार हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संकाय विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक नये विश्लेषण में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। इस विश्लेषण के अनुसार दुनिया में मानसिक रोक के शिकार हर सात लोगों में एक किशोर शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ.टैड्रॉस एडहेनटम घेबरेयेसस ने बताया कि इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ से अब तक, मानसिक स्वास्थ्य पर यह सबसे बड़ा विश्लेषण है।

## शेख हसीना ने कोविंद, मोदी को भेजा खास उपहार



ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आम-हिलसा कूटनीति को जारी रखते हुए, शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मीट्रिक टन आम्रपाली आम भेजे। बांग्लादेश उच्चायोग की ओर से यहां जारी एक बयान के मुताबिक, हसीना ने राजनयिक माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को यह अनोखा उपहार भेजा है। प्रधानमंत्री हसीना ने पिछले साल भी कोविंद, मोदी और पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम के मुख्यमंत्रियों को उपहार के तौर पर आम भेजे थे। उच्चायोग के बयान में कहा गया है कि पिछली परंपरा को जारी रखते हुए, प्रधानमंत्री हसीना ने राष्ट्रपति कोविंद और प्रधानमंत्री मोदी को उपहार के रूप में एक मीट्रिक टन आम्रपाली आम भेजे हैं।

## सड़क हादसे में 6 की मौत, 4 घायल

**लखनऊ।** बंथरा के लतीफनगर में टैंकर और पिकप के बीच हुई भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 2.30 बजे हुए बनी-मोहान मार्ग के पास हुआ था। पिकप में डीजे पार्टी के साथ कुछ बाराती भी सवार थे। हादसे में छह लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। चीख पुकार मचने पर राहगीरों ने बंथरा पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, शवों की पहचान करते हुए उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हरदोई के दलेलपुर से बारात उन्नाव के बजेहरा गई थी। जिसके साथ डीजे पार्टी भी उन्नाव गई थी। रात में कार्यक्रम खत्म होने के बाद डीजे पार्टी वापस हरदोई लौट रही थी। उनके साथ कुछ बाराती भी गाड़ी में बैठ गए थे। उन्नाव से निकल कर बनी-मोहान मार्ग स्थित लतीफनगर के करीब पहुंचने पर पिकप ड्राइवर ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक किया था। इसी बीच सामने से टैंकर आ गया।

**सियासी कलह** | अग्निवीरों पर जदयू से तनातनी के बीच केंद्र का बड़ा फैसला

# बिहार में 10 भाजपा नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में नरेंद्र मोदी सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे उग्र प्रदर्शन के बीच गृह मंत्रालय ने भाजपा के दोनों उप मुख्यमंत्री समेत 10 नेताओं को अतिरिक्त सुरक्षा दी है। जानकारी के मुताबिक यह सुरक्षा वाई कैटेगरी की होगी और इसकी कमान सीआरपीएफ के हाथ में होगी। इनमें डिप्टी सीएम सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, दरभंगा से विधायक संजय सरावगी और दीघा से विधायक संजीव चौरसिया शामिल हैं। इसके साथ ही एमएलसी अशोक अग्रवाल, दिलीप जायसवाल और सांसद गोपाल जी ठाकुर को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। जदयू से तनातनी के बीच केंद्र सरकार का यह बड़ा फैसला माना जा रहा है। केंद्र के इस फैसले से ठीक पहले बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने नीतीश कुमार सरकार की पुलिस और प्रशासन पर सवाल खड़े किए थे। बिहार में अग्निपथ योजना के खिलाफ चौथे दिन भी युवाओं का प्रदर्शन जारी रहेगा। पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन काफी उग्र हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने कई जिलों में जमकर तोड़फोड़ और ट्रेनों तक में आग लगा दी है। यहां तक की प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी सीएम रेणु देवी और बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल के घर पर भी हमला बोल दिया। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालयों में भी आगजनी और तोड़फोड़ की है। प्रदर्शनकारियों के निशाने पर बिहार भाजपा के नेता और दफ्तर रहे। यही कारण है कि अब तक शांत रहे भाजपा नेता खुलकर नीतीश कुमार के खिलाफ बोलने लगे हैं। बिहार भाजपा के मुखिया संजय जायसवाल ने तो यहां तक कह दिया कि बिहार में बीजेपी को टारगेट किया जा रहा है और पूरे प्रकरण में पुलिस-प्रशासन मौन है। तो क्या मान लिया जाए कि बीजेपी 'अग्निपथ' को मुद्दा बनाकर नीतीश से छुटकारा पाना चाहती है?



**बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कही थी यह बात**

गौरतलब है कि बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि इस विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा को टारगेट किया जा रहा है। तीन जिलों में भाजपा के दफ्तर जला दिए गए लेकिन पुलिस वहां मौन रही। संजय जायसवाल ने कहा कि पुलिस-प्रशासन ने इस मामले में वैसे कार्रवाई नहीं की जिस तरह से करनी चाहिए थी। ना कहीं लाठीचार्ज हुआ और ना ही कहीं आंसू गैस छोड़ा गया। साफ-साफ तो नहीं, लेकिन संकेत देकर ही बता दिया कि पिछले चार दिन से बिहार में जो कुछ भी हो रहा है, उसमें पुलिस-प्रशासन का मौन सहमति है।

## संक्षिप्त खबरें

### असमः बाढ़ से मरने वालों की संख्या 54 हुई, 2930 गांव जलमग्न

गुवाहाटी। असम में सभी बड़ी नदियों का जलस्तर खतरे की निशान से ऊपर बहने से बाढ़ की स्थिति भयावह हो गयी है और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गयी है। राज्य के कई हिस्सों में लगातार बारिश होने से कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार राज्य के 28 जिलों के 2930 गांवों के 19 लाख लोग प्रभावित हुए है। इसके अलावा राज्य के विभिन्न इलाकों से भूस्खलन की घटनाओं की रिपोर्ट मिल रही है। राज्य में पिछले पांच दिनों से भारी बारिश हो रही है जिससे गुवाहाटी में प्रमुख सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा हो गया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार कम से कम अगले दो दिनों तक बारिश के थमने का कोई आसार नहीं है। असम और मेघालय दोनों राज्यों में आज तक रेड अलर्ट जारी है।

### महाराष्ट्रः ठाणे जिले में कोविड-19 के 957 नए मामले दो मरीजों की मौत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 957 नए मामले सामने आए, जिससे यहां संक्रमितों की संख्या बढ़कर 7,18,047 हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये नए मामले शुक्रवार को सामने आए। अधिकारी ने कहा कि एक दिन में संक्रमण के कारण दो मरीजों ने दम तोड़ दिया जिससे जिले में मृतकों की संख्या बढ़कर 11,898 हो गई और मृत्यु दर 1.67 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### हंदवाड़ा-बारामूला मार्ग पर आईईडी मिली, बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय

बारामूला। बारामूला जिले में हंदवाड़ा-बारामूला मार्ग पर शनिवार को सेना ने आतंकियों के आईईडी को ढूंढ निकाला। इसके बाद सेना के बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर उसको निष्क्रिय कर दिया। सेना की 30 आरआर की रोड ओपनिंग पार्टी मार्ग खोलने से पहले तलाशी ले रही थी तभी पंडितपोरा बारामूला के पास आईईडी जैसा पदार्थ पड़ा मिला।

# इंदौर में लड़ाई धन के पुजारी और ज्ञान के पुजारी के बीच : शिवराज

इंदौर, एजेंसी




नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन शनिवार को भाजपा ने एक बार फिर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदेश के चार बड़े नगर निगमों शामिल इंदौर और जबलपुर में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान पार्टी ने अपनी पूरी ताकत दिखाई। नामांकन के आखिरी दिन शनिवार को सबसे पहले इंदौर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि इंदौर में लड़ाई धन के पुजारी और ज्ञान के पुजारी के बीच में है।

इंदौर में भाजपा उम्मीदवार पुष्यमित्र भार्गव के नामांकन के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुष्यमित्र मतलब जनता का मित्र। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल के नाते भी पुष्यमित्र भार्गव ने पूरी प्रमाणिकता के साथ ईमानदारी से जनता के पक्ष को रखने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर के विकास की जो परंपरा रही है, उसे बरकरार रखा जाएगा। इंदौर को अपने सपनों का शहर बताते हुए शिवराज ने कहा कि आने वाले 10 सालों में इंदौर बैंगलोर और हैदराबाद को पीछे छोड़ देगा। इंदौर बनाने के हमारे अपने सपने हैं। इंदौर का विकास, ग्रीन सिटी इंदौर, क्लीन सिटी इंदौर, आईटी सिटी इंदौर, मेट्रो सिटी इंदौर, स्मार्ट सिटी इंदौर इन्वेस्टर्स सिटी इंदौर के लिए हमारा रोडमैप तैयार है। इंदौर से कांग्रेस के महापौर उम्मीदवार संजय शुक्ला पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी ने तय किया एक व्यक्ति के पास एक पद रहेगा वहीं कांग्रेस में तो एक ही आदमी विधायक, सांसद और महापौर के उम्मीदवार है। कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि या तो कांग्रेस के पास कार्यकर्ता ही नहीं है, या कार्यकर्ता हैं तो उनकी कोई इज्जत नहीं

**संबोधन**

● इंदौर के विकास की परंपरा को बरकरार रखा जाएगा: मुख्यमंत्री

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में गुंडे, बदमाश, माफिया, गड़बड़ करने वालों और गरीबों का हक छीनने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई गड़बड़ करेगा, तो बुलडोजर चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस आ गई, तो इंदौर बर्बाद हो जाएगा। अगर दूसरा मेयर बन गया तो, हमारे इंदौर के सपने बिखर जायेंगे। इसलिए मैं कह रहा हूं सावधान रहो। उन्होंने कहा भाजपा सरकार इंदौर के विकास और जनता के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इंदौर के विकास के लिए और इंदौर की भलाई के लिए इंदौर नगर निगम में भाजपा के महापौर का होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने इंदौर की जनता से अपील करते हुए कहा कि अकेले पुष्यमित्र ही नहीं, 85 के 85 पार्षद भी भाजपा के ही होना चाहिए। नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन भरने के अंतिम दिन बीजेपी महापौर पद के प्रत्याशी पुष्यमित्र भार्गव ने सहपरिवार खजराना गणेश की पूजा अर्चना की एवं आशीर्वाद लिया। इसके बाद पुष्यमित्र भार्गव ने सपरिवार इंदौर के प्राचीन हरसिद्धि मंदिर पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया। भाजपा के महापौर प्रत्याशी पुष्यमित्र भार्गव दोपहर 2:00 बजे फॉर्म भरने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ कैलाश विजयवर्गीय पूर्व महापौर मालिनी गौड़ पूर्व आईडीए अध्यक्ष मधु वर्मा भाजपा नेता थे। रैली रथ से उतारने के बाद पुष्यमित्र भार्गव का हाथ पकड़कर कैलाश विजयवर्गीय ने कलेक्टर कार्यालय में प्रवेश किया है। नामांकन भरने का अंतिम दिन होने से आज दिन भर कलेक्टर कार्यालय में पार्षद पद के उम्मीदवारों और समर्थकों का मेला लगा रहा।

# अग्निपथ विरोधी प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों पर किया पुश-अप

कोलकाता, एजेंसी

अग्निपथ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले में बैरकपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर पुश-अप कर विरोध का एक अनूठा तरीका अपनाया। रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध करने वाले अनूठे विरोध के कारण, कई ट्रेनों को स्टेशन के बाहर रोक दिया गया। दैनिक रेल यात्रियों और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी हो गई। कुछ यात्रियों ने प्रदर्शनों को अनावश्यक रूप से उजागर करने के लिए मीडिया के एक वर्ग को भी दोषी ठहराया।

मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पहले तो पुलिस कर्मियों ने मौखिक रूप से प्रदर्शनकारियों को रेलवे ट्रैक से दूर रहने के लिए खदेड़ने का प्रयास किया। हालांकि, यह काम नहीं किया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग और हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जाम हटाया गया और ट्रेन सेवा बहाल की गई। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के औद्योगिक बस्ती दुर्गापुर में माकपा के युवा और छात्र विंग के समर्थकों ने अग्निपथ को तत्काल रद्द करने की मांग को लेकर विरोध रैली निकाली। हालांकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा। बैरकपुर के स्थानीय सांसद अर्जुन सिंह, (जो हाल ही में भाजपा से तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं) ने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा ऐसी जनविरोधी योजनाएं लेकर आई है, जिसने आंदोलन को भड़काया है और आम लोगों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार का उद्देश्य शांति को अस्थिर करना है। पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी सांसद सुकांत मजूमदार ने कहा कि गैर-भाजपा दल वास्तव में युवाओं को गुमराह कर रहे हैं और उन्हें इस तरह की विघटनकारी गतिविधियों का सहारा लेने के लिए उकसा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं प्रदर्शनकारियों से अग्निपथ योजना के प्लस पॉइंट पढ़ने का अनुरोध करता हूं।

# छिंदवाड़ाः शहीद जवान भारत का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

छिंदवाड़ा/भोपाल, एजेंसी

● नम आंखों से हजारों लोगों ने दी छिंदवाड़ा के लाल को अंतिम विदाई

जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले भारतीय सेना के जवान भारत यदुवंशी का शनिवार को उनके गृह ग्राम छिंदवाड़ा जिले के शंकरखेड़ा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शहीद को हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। प्रदेश के कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने घोषणा की कि अब रोहना ग्राम पंचायत का नाम भारत नगर होगा। गांव में एक तालाब भी बनेगा, जिसका नाम भारत होगा।

कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि शहीद जवान भारत यदुवंशी का बलिदान अमर हो गया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, चंद्रभान सिंह समेत बड़ी संख्या में आमजन अपने जांबाज सपूत की अंतिम विदाई में शामिल हुए। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर स्थित रोहनकलां ग्राम पंचायत के ग्राम शंकरखेड़ा के रहने वाले 30 वर्षीय भारत यदुवंशी पुत्र ओमप्रकाश यदुवंशी 14 सितंबर 2015 को भर्ती हुए थे तथा वर्तमान में भारतीय थलसेना राष्ट्रीय राइफल्स 41 में पदस्थ थे। गत 15 जून की शाम वे पोस्ट पर ड्यूटी पर तैनात थे, तभी आतंकवादियों ने ग्रेनेट से हमला कर दिया था, जिसमें भारत शहीद हो गए थे। अगले दिन 16 जून को सुबह भारत के शहीद होने की सूचना उसके छोटे भाई नारद यदुवंशी को भारतीय सेना की ओर से दी गई थी। नारद भी भारतीय सेना में पुलवामा में पदस्थ है।

शुक्रवार देर रात शहीद भारत का पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम शंकरखेड़ा पहुंचा, जहां शनिवार सुबह उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान भारतीय सेना के जवान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आसपास के हजारों लोग मौजूद रहे और उन्होंने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। इस दौरान भारत माता की जय और शहीद अमीर रहे के नारों से वातावरण गूंज उठा।

उल्लेखनीय है कि शहीद भारत यदुवंशी का विवाह उर्मिला यदुवंशी से हुआ था तथा उनकी दो बेटियां पांच वर्षीय आशी और दो वर्षीय दीप्पू है और उनकी पत्नी उर्मिला गर्भवती है। भारत यदुवंशी के पिता ओमप्रकाश यदुवंशी पेशे से किसान है तथा गांव में ही उनकी कृषि भूमि है। कृषि कार्य करते हुए उन्होंने अपने दोनों बेटों को देश की सेवा के लिए सेना में भेज दिया था। भारत ने अपनी प्राथमिक शिक्षा रोहना स्कूल से हायर सेकेंडरी तथा शहर के डीडीसी कालेज से बीए तथा डीसीए की पढ़ाई की थी तथा बचपन से सेना में जाने का सपना देखा था।

### महाराष्ट्र : वन रक्षक समेत दो व्यक्ति रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक व्यक्ति से कथित तौर पर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एक वन रक्षक और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की पालघर इकाई ने शुक्रवार को दहानू की कासा नर्सरी में आरोपी वन रक्षक शिवदास विजय सोनवणे (30) और सब्जी विक्रेता नितिन भोई (34) को गिरफ्तार किया। पुलिस उपाधीक्षक (एसीबी) नवनाथ जगताप के मुताबिक, सोनवणे ने शिकायतकर्ता से वन क्षेत्र में स्थित उसकी जमीन के चारों ओर एक सुरक्षा दीवार बनाने की अनुमति देने के लिए कथित तौर पर दस हजार रुपये की मांग की थी, जिसका शिकायतकर्ता ने भुगतान किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से दोबारा दस हजार रुपये की मांग की, जिसके बाद उसने एसीबी से संपर्क किया। जगताप के अनुसार, पीड़ित की शिकायत के आधार पर एजेंसी के अधिकारियों ने जाल बिछाया और वन रक्षक की ओर से सब्जी विक्रेता को दस हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

# अलवरः मोटरसाइकिल के कार की चपेट में आने से 3 की मौत

अलवर, एजेंसी

अलवर-भरतपुर मार्ग पर गांव जुगरावर टोल नाके के पास शुक्रवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। एक कार ने सामने से दो बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी व एक बालिका है। चौथ बालक उछल कर दूर जा गिरा। जिससे उसकी जान बच गई।

महिला 3 माह की गर्भवती भी थी। हादसे में बाइक सवार बख्तल की चौकी निवासी 32 वर्षीय नरेश कुम्हार, पत्नी सरिता 28 साल, व 6 साल की बेटी मन्नू उर्फ माही की मौत हो गई। वहीं 4 साल का बेटा उछट कर दूर जा गिरा। जो घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वहां खड़े लोगों ने बतायाकि एक्सीडेंट इतना भयानक था कि बाइक पर सवार बच्चे पेड़े की ऊंचाई तक हवा में चले गए। 30 मीटर दूर जाकर गिरे। 3 की मौत हो गई। लेकिन, एक 3 साल का बालक फिर भी बच गया। असल में रूपारेल नदी के पास सामने से आ रही कार ने दो बाइक को टक्कर मार दी। पहले नरेश की बाइक को टक्कर दी। जिससे बाइक पर सवार तीन जनों की मौत हो गई। चौथ बालक घायल हो गया। दूसरी टक्कर पप्पू उर्फ रामचरण जोगी निवासी घाट को दी। वह भी घायल हो गया। वहीं कार चालक शिवराज निवासी टोंक भी घायल हो गए। बाइक को कार काफी दूर तक घसीटते ले गई। फिर कार भी नदी में पलट गई। इस कारण चालक को भी चोट आई हैं।

बड़ौदामेव थानाधिकारी चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। घायलों को पहले सीएचसी बड़ौदामेव में भर्ती कराया। जहां से उन्हें अलवर रैफर कर दिया। अलवर में डॉक्टरों ने पति-पत्नी और 6 साल की बेटी मन्नू को मृत घोषित कर दिया। अपनी पत्नी सरिता, बेटी मन्नू व बेटे कृष्ण को बाइक पर बिठा अपने घर बख्तल की चौकी से ससुराल कैथवाड़ा जा रहे था। इस एक्सीडेंट के बाद नरेश के परिवार में कोहराम मच गया।

### रांची कॉमर्शियल कोर्ट में फिल्म जुग जुग जियो की होगी स्क्रीनिंग

**रांची।** फिल्म निमार्ता निर्देशक करण जौहर पर स्क्रिप्ट चोरी कर फिल्म जुग जुग जियो बनाने के विवाद मामले की शनिवार को रांची कॉमर्शियल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि फि ल्म की स्क्रीनिंग पहले कोर्ट के समक्ष की जाए। इसके लिए अदालत ने 21 जून की तारीख मुकर्रर की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार वैभव अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। कोर्ट ने धर्मा प्रोडक्शन को यह निर्देश दिया है कि फि ल्म की स्क्रीनिंग कोर्ट के समक्ष की जाये, ताकि यह तय किया का सके कि फि ल्म की कहानी चोरी की गई है या नहीं। उल्लेखनीय है कि विशाल सिंह ने कामर्शियल कोर्ट में याचिका दाखिल कर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। इस मामले में कोर्ट ने फिल्म जुग जुग जीयो के प्रोड्यूसर और धर्मा प्रोडक्शन के मालिक करण जौहर को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। याचिका दाखिल होने के बाद कामर्शियल कोर्ट ने धर्मा प्रोडक्शन के मालिक करण जौहर एवं सूबेर मिश्रा के साथ क्रियेटिव हेड सोमेन मिश्रा, को-प्रोड्यूसर एवं स्क्रीन राइटर एसोसिएशन को नोटिस जारी किया है।

# झारखंडः कोर्ट में पेशी के बाद बिहार के हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

रांची, एजेंसी



**हत्या**

● अपराधियों की एक पिस्टल घटनास्थल से बरामद

झारखंड के देवघर जिला सिविल कोर्ट में शनिवार को पेशी के लिए लाये गये अमित सिंह नामक एक हिस्ट्रीशीटर की अपराधियों ने कोर्ट कैंपस में गोली मारकर हत्या कर दी। अमित सिंह की सुरक्षा में तैनात चार पुलिसकर्मी भी मूकदर्शक बने रह गये। कोर्ट कैंपस में गोलीबारी से भगदड़ मच गयी। पुलिस कोई जवाबी कार्रवाई कर पाती, उसके पहले अपराधी फरार हो गये।

बताया जा रहा है कि बिहार के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसौड़ा ग्राम निवासी अमित सिंह को बिहार पुलिस झारखंड के एक पुराने आपराधिक मामले में पेशी के लिए लेकर पहुंची थी। पूर्वाह्न लगभग 11 बजे कोर्ट में पेशी के बाद वह कैंपस में ही एक अधिवक्ता के चैंबर में जा रहा था, तभी अपराधियों में से एक ने उसपर तीन गोलियां चलायीं। वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की एक पिस्टल घटनास्थल से ही बरामद की गयी है। अपराधियों की संख्या दो से तीन बतायी जा रही है। वारदात के बाद वे बाइक से फरार हुए। शहर के हाई सिक्योरिटी वाले इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से दहशत है। घटनास्थल देवघर एसपी के आवास से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। घटना की सूचना मिलने पर दुमका के डीआईजी सुदर्शन मंडल और देवघर के एसपी सुभाषचंद्र जाट मौके पर पहुंचे। वारदात वाली जगह की घेराबंदी कर मामले की जांच की जा रही है। बताया गया कि अमित सिंह पर बिहार और झारखंड में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2012 में देवघर के एक व्यवसायी चंचल कोठारी के अपहरण के मामले में भी वह नामजद था और इसी मामले में सुनवाई के दौरान शनिवार को उसकी अदालत में प्रोडक्शन वारंट के आधार पर पेशी हुई थी।

झारखंड में कोर्ट परिसर में गोलीबारी और हत्या की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले वर्ष 20115 में हजारीबाग जिला कोर्ट परिसर में हिस्ट्रीशीटर सुशील श्रीवास्तव को अपराधियों ने गोलियों से छलनी कर दिया था। बता दें कि बीते वर्ष 28 जुलाई को धनबाद में जज उत्तम आनंद की हत्या के बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में अदालतों और जजों की सुरक्षा को लेकर सरकार से रिपोर्ट मांगी थी।

# सिकंदराबाद हिंसा : निजी रक्षा अकादमियां जांच के घेरे में

हैदराबाद, एजेंसी

रेलवे पुलिस ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर हुई हिंसा के सिलसिले में 30 लोगों को गिरफ्तार किया है और सेना में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने वाली निजी रक्षा अकादमियों की कथित भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस को संदेह है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से 12 ने आगजनी और तोड़फोड़ में अहम भूमिका निभाई है। पेट्रोल लाने और ट्रेन के डिब्बों में आग लगाने वाले दो आरोपियों की कथित तौर पर पहचान कर ली गई है।

कुछ निजी अकादमियों के निदेशकों पर संदेह है कि उन्होंने युवाओं को उकसाया और व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें लामबंद किया। उन्होंने विरोध के लिए रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए युवाओं को संदेश प्रसारित करने के लिए हकीमपेट आर्मी सोल्जर्स, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन ब्लॉक और 17/6 जैसे व्हाट्सएप ग्रुप बनाए। शुक्रवार की हिंसा की जांच कर रहे अधिकारियों को संदेह है कि उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने के लिए एक रक्षा अकादमी चलाने वाले आंध्र प्रदेश के सुब्बा राव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताया जा रहा है कि उससे पूछताछ की जा रही है।

इसी तरह करीमनगर में एक अकादमी के आयोजक पर भी युवक को लामबंद करने का संदेह है। रेलवे पुलिस ने हिंसा पर काबू पाने के लिए गोलियां चलाईं, जिसके परिणामस्वरूप सेना के एक उम्मीदवार की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। सिकंदराबाद रेलवे पुलिस ने हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार देर रात घोषणा की है कि वे हिंसा में साजिश के कोण की जांच करेंगे।

### अग्निपथ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के चलते विजाग रेलवे स्टेशन बंद, गुंटूर में हाई अलर्ट

**विशाखापत्तनम।** केंद्र सरकार की अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए रेलवे अधिकारियों ने शनिवार को विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन को बंद कर दिया। साथ ही आंध्र प्रदेश के अन्य सभी प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी। बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की बन रही योजना की खूफिया सूचना मिलने पर अधिकारियों ने स्टेशन को बंद कर दिया और सुबह 7 बजे ट्रेनों को रोक दिया। अधिकारियों ने कहा कि स्टेशन दोपहर तक बंद रहेगा। यात्रियों को गहन जांच के बाद सुबह सात बजे तक स्टेशन में जाने दिया गया। बाद में, अधिकारियों ने घोषणा की कि स्टेशन सभी के लिए बंद रहेगा। विजयवाड़ा और हावड़ा से आने वाली सभी ट्रेनों को डायवर्ट किया जा रहा है। इस बीच, गुंटूर रेलवे स्टेशन पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है कि सेना में शामिल होने के इच्छुक युवा एक बड़े विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। यात्रियों के टिकट चेक करने के बाद ही उन्हें परिसर में प्रवेश करने दिया जा रहा है।

# प्रेमी ने घर में घुसकर भाई-बहन को हथौड़े से पीटकर मार डाला

रांची, एजेंसी

रांची के जनकपुर मोहल्ले में अपराधियों ने घर में घुसकर 12वीं की 17 वषीर्या छात्रा और उसके 14 वर्षीय भाई की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी। अपराधियों ने इन बच्चों की मां पर भी जानलेवा हमला किया है। उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए रिम्स में दाखिल कराया गया है। हत्या का मुख्य आरोपी छात्रा से एकतरफा प्रेम करने वाला युवक बताया जा रहा है।

वारदात शनिवार सुबह 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। हमले में मृत छात्रा श्वेता और उसका भाई प्रवीण दोनों रांची के बरियातू स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। दोनों अपनी मां चंदा देवी के साथ जनकपुर मोहल्ले में किराए के मकान में रहते थे, जबकि उनके पिता संजीव कुमार सिंह अबू धाबी में नौकरी करते हैं। रिम्स में इलाजरत चंदा देवी ने पुलिस को बताया है कि कि उसकी पुत्री श्वेता से एकतरफा प्रेम करने वाले रोहन नामक युवक के साथ दो अन्य लोग सुबह घर में घुस गये। उन्होंने हथौड़े और और चाकू से तीनों पर हमला कर दिया।

शनिवार सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने घर से बाहर खून बहता हुआ देखा, तो किसी ने रांची में ही रहने वाले महिला चंदा देवी के पिता दयाशंकर सिंह को इसकी जानकारी दी। वह दौड़े-दौड़े पहुंचे तब पुलिस को वारदात की सूचना दी गई। उस वक्त प्रवीण और उसकी मां चंदा देवी की सांसें चल रही थीं। दोनों को रिम्स ले जाया गया, लेकिन प्रवीण ने इलाज शुरू होने के पहले ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा श्वेता के परिवार और उसे एक तरफा प्रेम करने वाले युवक के बीच पहले भी विवाद हुआ था और इसे लेकर मामला थाने तक भी पहुंचा था। माना जा रहा है कि इसी विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

### पोप से मिलने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री जाएंगे इटली

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रोम और दुबई का दौरा करेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कहा कि, पटनायक शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां से वह 20 जून को प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव सुरेश महापात्रा, मुख्यमंत्री के सचिव वी.के. पांडियन, प्रमुख सचिव, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, वी.वी. यादव, प्रमुख सचिव, उद्योग, हेमंत शर्मा और रेजिडेंट कमिश्नर, नई दिल्ली, रविकांत। सीएमओ ने कहा कि, विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने पटनायक को रोम में अपने मुख्यालय का दौरा करने और खाद्य सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में ओडिशा की परिवर्तनकारी पहलों को साझा करने का निमंत्रण दिया है। यह कहा, अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर होने से, ओडिशा ने देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को जोड़ते हुए खुद को एक खाद्य अधिशेष राज्य में बदल दिया है।

# उत्तराखंड में अग्निपथ योजना को लेकर छात्र संगठनों का विरोध जारी

देहरादून, एजेंसी



उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों में अग्निपथ योजना को लेकर विरोध जारी है। देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी खासतौर पर युवा विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं अब कांग्रेस भी मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने उतर गई है। पार्टी ने शुक्रवार को योजना का विरोध कर रहे युवाओं पर हल्द्वानी में लाठीचार्ज किए जाने को लेकर सरकार का पुतला फूंका। हरिद्वार में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने पत्रकार वार्ता कर अग्निपथ योजना का विरोध किया। कहा कि 17 से 25 साल के साढ़े चार करोड़ युवा फौज की तैयारी कर रहे, उन्हें सरकार कहां से नौकरी देगी?

कहा कि युवाओं की मांग जायज है, लेकिन गांधीवादी तरीके से आंदोलन करें। युवा कांग्रेस ने कहा कि अग्निपथ युवाओं के हितों पर डाका है। इसे वापस न लेने पर कांग्रेस गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेगी। वहीं देहरादून में एसएफआई छात्र संगठन के सदस्य अग्निपथ योजना के विरोध में उतरे। अग्निपथ योजना वापस लेने की मांग को लेकर छात्रों ने गांधी पार्क गेट के समक्ष सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

उधर हल्द्वानी में अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे युवकों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्य्क्ष सुमित्तर भुल्लर ने पत्रकारवार्ता की। हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज गेट के बाहर अग्नीपथ योजना के विरोध में एनएसयूआई कार्यकताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका। उधर टनकपुर के पीलीभीत चुगी में भी युवाओं ने धरना प्रदर्शन किया। देशभर में अग्निपथ के विरोध में युवाओं के विरोध को देखते हुए रुड़की और देहात में भी पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। एसएसपी की ओर से पुलिस को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही रुड़की और देहात में सभी कोतवाली व थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले कोचिंग सेंटरों की सूचना मांगी गई है। अग्निपथ के विरोध में यूपी के कई जिलों में हाईवे जाम से लेकर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसी घटनाओं को लेकर हरिद्वार पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट हो गया है।

पुलिस अधिकारियों की ओर से सभी थानों और कोतवाली प्रभारियों को ऐसे विरोध पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के रडार पर शहर और देहात के कोचिंग सेंटर भी आ गए हैं।

### जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में 21 जून तक खराब मौसम

**श्रीनगर।** पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हल्की बारिश के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहे, अगले 24 घंटों के दौरान आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। इस बात की जानकारी मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को दी है। आईएमडी निदेशक सोनम लोटस ने कहा, बारिश के कारण संवेदनशील इलाकों में पत्थरों गिरने की घटनाएं हो सकती हैं। ध्यान से देखें और ड्राइव करें। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में 21 जून तक मौसम अनिश्चित है। शनिवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 15.1, पहलगाम 10.4 और गुलमर्ग में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के द्रास में न्यूनतम तापमान 6.3, लेह में 6.6 और कारगिल में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में न्यूनतम तापमान 24.4, कटरा 22.6, बटोटे 16.6, बनिहाल 15.2 और भद्रवाह 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# शहडोल में बारातियों से भरा वाहन पलटा, 5 की मौत, 30 से अधिक घायल

शहड़ोल, एजेंसी

**हादसा**

● 10 घायलों की हालत गंभीर, मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख

शहडोल जिला मुख्यालय से तकरीबन 80 किलोमीटर दूर व्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम टिहकी में शुक्रवा रात बारातियों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन में सवार 5 बारातियों की मौत हो गई है, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों में 10 की हालत गंभीर है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

पुलिस के अनुसार जयसिहंगर के डोहका गांव से बारात पिकअप वाहन में सवार होकर ग्राम डोलगांव देवलोंद जा रही थी। वाहन में 42 बाराती सवार थे। रास्ते में ग्राम टिहकी के पास तेज रफ्तार होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 20 वर्षीय बलवंत सिंह, 55 वर्षीय मालिक गोड, 45 वर्षीय बुद्धिमान गोड, 45 वर्षीय राम बहोर गोड और 15 वर्षीय दीपक सिंह के रूप में हुई है। मृतक एक-दूसरे के नजदीकी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। वहीं, हादसे में 30 से अधिक घायल हो गए। घायलों में 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी लगते ही व्यवहारी पुलिस रात में ही मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी डीसी सागर, कलेक्टर वन्दना वैद्य सहित अन्य पुलिस अधीकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार, पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और वाहन की तेज गति होने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शनिवार को ट्वीट किया है कि शहडोल में बारातियों से भरा वाहन पलटने से कई अनमोल जिंदगियों के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। दिवंगतों को ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना है। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीमापुरी में नालों की सफाई पूरी न होने का आरोप

नई दिल्ली। सीमापुरी से कांग्रेस के पूर्व विधायक वीर सिंह धिंगान का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने नालों की सफाई का कार्य पूरा नहीं किया है। सीमापुरी में कई नाले ऐसे हैं, जिनकी वर्षों से सफाई कागजों में ही हो रही है। साथ ही जिन नालों से गाद निकाली जाती हैं, उनकी गाद उठाने में गड़बड़ी की जाती है। गांव ताहिरपुर रोड नंबर 64 झुग्गी कुम्हार बस्ती के सामने नालों की गाद को नहीं उठाया गया है। इस संबंध में उन्होंने उपराज्यपाल को एक पत्र भी लिखा है।

### उज्वला योजना के तहत 100 महिलाओं को गैस कनेक्शन

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन क्षेत्र में उज्वला योजना के तहत 100 से अधिक प्रवासी महिलाओं को गैस, कनेक्शन, सिलेंडर आदि वितरित किए गए। इस मौके पर निगम के पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से शुरू की गई इस योजना का अब तक नौ करोड़ महिलाओं को लाभ मिल चुका है। बताया गया कि गैस इस्तेमाल से महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व निगम पार्षद अपर्णा गोयल ने की।

### मेट्रो के 110 स्टेशनों पर 19-24 जून तक लगेंगे पल्स पोलियों कैंप

नई दिल्ली। नवजात बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए किसी अस्पताल या डिस्पेंसरी पर जाने की जरूरत नहीं है। दिल्लीवाले 19 से 24 जून के बीच मेट्रो स्टेशन पर जाकर भी यह ड्राप बच्चों को दिलवा सकते हैं। दिल्ली मेट्रो पल्स पोलियो अभियान के तहत 110 मेट्रो स्टेशनों पर कैंप लगा रही है। यह मेट्रो परिसर में गैर भुगतान क्षेत्र में लगा है। यहां प्रवेश के लिए टोकन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह कैंप मेट्रो स्टेशन पर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुलेंगे। किन स्टेशनों पर कैंप लगेंगे डब्लूडब्लूडब्लू डॉट दिल्लीमेट्रोरेल डॉट कॉम के अलावा मेट्रो के ट्विटर अकाउंट पर उपलब्ध है।

### पोलियो की दवा आज पिलाई जाएगी

नई दिल्ली। दिल्ली के 200 अलग-अलग केंद्रों पर 19 जून रविवार को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसमें स्कूल भी शामिल हैं। निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया है, जिसमें पोलिया दवा पिलाने के केंद्रों को लेकर सूची जारी की गई है। सुबह साढ़े सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक अभिभावक अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को दवा की खुराक दिलवा सकेंगे।

### छह हजार से अधिक ने आवेदन किया

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने शताब्दी वर्ष में फिर से अधूरी डिग्री पूरी करने की जो योजना शुरू की है, उसमें छह हजार से अधिक ने आवेदन किया है। डीयू के डीन एग्जामिनेशन प्रो. डीएस रावत ने बताया कि छह हजार आवेदकों में लगभग साढ़े चार हजार आवेदक शुल्क भी जमा कर चुके हैं। इनसे परीक्षा कब देनी है या आगे की क्या योजनाएं हैं, वह जल्द साझा की जाएंगी। ज्ञात हो कि डीयू ने अपने शताब्दी वर्ष पर यह योजना शुरू की है। इसमें जिन लोगों ने डीयू से किन्हीं कारणों से पढ़ाई पूरी नहीं की और डिग्री नहीं ले पाए उनके लिए एक बार फिर परीक्षा देकर डिग्री लेने का अवसर दिया जा रहा है।

### इस्कॉन मंदिर में फादर्स डे मनाया जाएगा

नई दिल्ली। द्वारका स्थित इस्कॉन मंदिर में रविवार को फादर्स डे पर विशेष आयोजन होगा। बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता बच्चों के पिता के प्रति प्रेम और पिता का अपनी संतान के प्रति कर्तव्य, उत्तरदायित्व पर आधारित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन शाम चार बजे से होगा।

### कई इलाकों में जलापूर्ति बाधित रहेगी

नई दिल्ली। यमुना नदी में वजीराबाद बैराज पर जलस्तर सात फीट कम होने से सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़गंज और एनडीएमसी क्षेत्र, पुराना और न्यू राजिंदर नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद, संगम विहार, अंबेडकर नगर, प्रह्लादपुर, रामलीला ग्राउंड, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, मॉडल टाउन, गुलाबी बाग, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी, दिल्ली कैंट में जलापूर्ति बाधित रहेगी। लोग टैंकर के लिए 1916, 23527679, 23634469 इन नंबरों पर फोन कर सकते हैं।

## सरकार ने पिछड़े और गरीबों को मुख्यधारा में लाने का काम किया : आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमीर वर्ग के लिए काम किया या नहीं लेकिन पिछड़े और गरीबों के लिए मुख्यधारा में लाने का काम केवल मोदी सरकार के गत 8 वर्षों के कार्यकाल में ही हुआ है। प्रधानमंमत्री योजना लाभार्थी समारोह- उज्जवला पर्व समारोह में मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने वालों के बीच श्री आदेश गुप्ता ने ऐलान किया कि जब तक देश के हर जरुरतमंद तक सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचता, भाजपा के कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को हर कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह देश में जहां कहीं भी जरुरतमंद मिले उसे प्रधानमंत्री की योजनाओं की जानकारी दें और फिर उसकी जैसी जरुरत हो उसके अनुरुप उसको लाभ दिलाने में मदद करें। श्री आदेश गुप्ता ने उज्जवला, आवास, शौचालय, गरीब कल्याण, किसान हित, श्रमिक, स्वास्थ्य और बीमा क्षेत्रों में चल रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के करोड़ों लोगों का भाग्य बदलने वाली योजनाओं के माध्यम से हर एक के जीवन में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 60 वर्षों से ज्यादा समय तक विपक्षी दलों की सरकारें रही और आम जनता हमेशा लाइनों में लगी रही लेकिन उसे किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिली। मोदी सरकार में सरकारी तंत्र घर-घर पहुंच कर गैस, चूल्हा, अंत्योदय, आयुष्मान और जनधन योजनाओं की न केवल जानकारी दे रहा है बल्कि करोड़ों लोग इन योजनाओं का सीधा लाभ उठा रहे हैं। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार आने के साथ ही स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार गरीबों, पिछड़ों, अनुसूचित जाति जनजाति और महिलाओं के प्रति समर्पित सरकार होगी और आठ सालों के अंदर ही उन्होंने यह सब करके दिखाया भी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को छत ही नहीं दी बल्कि काम-धन्धों को चलाने बढ़ाने के लिए सभी सुविधाएं भी दी और घर-घर तक नल से जल ने तो लोगों का जीवन ही बदल दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के कल्याण और उनके सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है और भाजपा कार्यकर्ता देश के सभी जरुरतमंदों तक इन सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में जुटे हैं। कोरोना काल में मोदी सरकार के कार्यों की विशेष सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप देशों की अर्थव्यवस्था भी इस दौर में घुटनों पर आ गई लेकिन मोदी सरकार ने 85 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य और खाद्यान की सुविधा देकर देश की अर्थव्यवस्था को संभाले रखा। इसके साथ ही वोकल फॉर लोकल के माध्यम से हर क्षेत्र में काम भी दिया। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि जब कभी विश्व में संकट आया और युद्ध जैसे हालात बने तो विदेशों में रहने वाले भारतीयों को कई तरह के संकटों का सामना करना पड़ा लेकिन यूक्रेन युद्ध के दौरान मोदी सरकार ने वहां फंसे 23 हजार से ज्यादा छात्रों को जिस तरह से घर वापसी कराई वह अपने आप में एक मिसाल है।

## युवा आक्रोश के पीछे गहरा षड्यंत्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में शुक्रवार को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए



सेना में भर्ती के लिए महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना के विरोध में हो रही हिंसा के पीछे गहरा षड्यंत्र सामने आ रहा है। कोचिंग संचालक युवाओं को उकसा रहे हैं तो राजनीतिक दल भी विरोध को हवा दे रहे हैं। हरियाणा में कांग्रेस खुलकर आंदोलनाकारियों के साथ खड़ी है तो बिहार में युवा राजद ने समर्थन में राज्यव्यापी प्रतिरोध मार्च निकाला। 18 जून को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। कोचिंग संचालकों ने उकसाया मप्र के ग्वालियर में पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि कोचिंग संचालकों ने विद्यार्थियों को विरोध के लिए उकसाया। पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि शारीरिक प्रशिक्षण केंद्र और कोचिंग चलाने वाले संचालकों ने कई भड़काऊ संदेश इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किए। इससे अभ्यर्थी भड़क गए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में शुक्रवार को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। पांच कोचिंग संचालक हिरासत में ग्वालियर पुलिस ने पांच कोचिंग संचालकों को हिरासत में लिया और उनसे बांड भरवाए। अब इन पर एफआइआर की तैयारी है। उनसे तीन दिन के भीतर पंजीयन के लिए आवेदन और छात्रों की सूची भी मांगी गई है। बिहार में षड्यंत्र के संकेत युवा आक्रोश का सबसे ज्यादा शिकार बने बिहार में षड्यंत्र के संकेत मिल रहे हैं। उपद्रवी योजनाबद्ध तरीके से हिंसा कर रहे हैं। कई जगह आग लगाने से पहले बोगियों से यात्रियों को उतारा गया, जिससे पता चलता है कि आंदोलन सोचा-समझा षड्यंत्र हो गया है। राज्य में भाजपा नेताओं के कार्यालयों व घरों को निशाना बनाया जा रहा है। बेतिया में उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर के शीशे तोड़ डाले। उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के आवास को बनाया निशाना भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल के आवास व पेट्रोल पंप को निशाना बनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ के आवास पर हमला कर चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। लौरिया के भाजपा विधायक विनय बिहारी की गाड़ी पर हमला कर दिया। विधायक जान बचाकर भागे। संजय जायसवाल का स्पष्ट कहना है कि उपद्रव छात्र-युवा नहीं, बल्कि राजद के गुंडे मचा रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। खुफिया एजेंसियों के हाथ कुछ सुराग लगे हैं : प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश में हुए हिंसक प्रदर्शन में अब तक 250 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। प्रदर्शन के पीछे कैंपस फ्रंट आफ इंडिया का नाम भी सामने आया है, जो पापुलर फ्रंट आफ इंडिया की छात्र इकाई है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि खुफिया एजेंसियों के हाथ कुछ सुराग लगे हैं। इनकी जांच की जा रही है। वाट्सएप चैट लगा हाथ खुफिया एजेंसियों को कैंपस फ्रंट आफ इंडिया के नाम से एक वाट्सएप चैट हाथ लगा है।

## लापरवाह न होकर जिम्मेदार बनना होगा खतरनाक स्तर पर मिल रहे कोरोना मरीज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में कोरोना के आंकड़े अब डराने लगे हैं। हर दिन कोरोना के मामले एक हजार से ज्यादा सामने आ रहे हैं। अब यह आंकड़ा जल्द ही 2000 हजार का होने वाला है। अब लोगों को फिर से सचेत रहने की जरूरत है। कोरोना मामलों को संख्या अब दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। एक्टिव मामलों की संख्या करीब पांच हजार होने वाली है। दिल्ली में शुक्रवार को 1797 कोरोना के मामले सामने आए हैं। वहीं, एक संक्रमित मरीज की मौत हो गई है। दिल्ली में अब एक्टिव कोरोना केस की संख्या 4843 हो गई है। वहीं, 901 कोरोना के मरीज पिछले 24 घंटे में ठीक हुए हैं। दिल्ली में अब जितने कोरोना के मरीज ठीक हो रहे हैं, उनसे करीब दोगुना कोरोना के मरीज मिल रहे हैं। कोरोना केस बढ़ने के कारण संक्रमण दर बढ़कर 8.18 प्रतिशत हो गई है। सक्रिय मरीजों की संख्या 4843 हो गई है। होम आइसोलेशन में 2850 मरीजों का इलाज चल रहा है। वहीं, कुछ मरीजों को अस्पतालों में भी भर्ती करने की जरूरत पड़ी है। वर्तमान में 222 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 65 मरीज वेंटिलेटर और 72 मरीज आक्सीजन सपोर्ट पर हैं। कंटेनमेंट जोन की संख्या 190 हो गई है। संक्रमण बढ़ना चिंता अवश्य बढ़ाता है, लेकिन इसे लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। दिल्लीवासियों को कोरोना से बचाव के लिए किसी दिशानिर्देश का इंतजार करने के बजाय स्वयं ही मास्क लगाने को लेकर गंभीरता बरतनी चाहिए और जहां तक संभव हो शारीरिक दूरी का पालन करना चाहिए, ताकि संक्रमण को अधिक बढ़ने से शुरू में ही रोका जा सके और दिल्ली को सुरक्षित रखा जा सके।

## कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल और नेहरू बॉयज हॉस्टल में जल्द रहने लगेंगे छात्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार कोविड-19 के कारण दो साल से बंद पड़े संस्कार आश्रम कॉम्प्लेक्स स्थित कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल और नेहरू बॉयज हॉस्टल को जल्द शुरू करेगी। संस्कार आश्रम कॉम्प्लेक्स स्थित कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल और नेहरू बॉयज हॉस्टल का अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने आज निरीक्षण किया। दोनों छात्रावासों में चल रहे नवीनीकरण का कार्य का जायजा लिया और उसे जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री राजेंद्रपाल गौतम ने एटीडीसी और एनएसआईसी के परिसरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एटीडीसी और एनएसआईसी के बुनियादी ढांचे का बदलने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री राजेंद्रपाल गौतम ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के गरीब से गरीब बच्चों को भी अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बाबा साहब का सपना हम सब मिलकर पूरा कर रहे है। संस्कार आश्रम कॉम्प्लेक्स स्थित कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल और नेहरू बॉयज हॉस्टल, एटीडीसी और एनएसआईसी के निरीक्षण दौरान कैबिनेट मंत्री राजेंद्रपाल गौतम ने कहा कि कोविड-19 के कारण पिछले दो वर्षों से बंद हैं। इस वर्ष इन छात्रावासों को शुरू कर दिया जाएगा। शुरूआत में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के 100 छात्र और 60 छात्राओं के लिए शुरू किया जाएगा। दोनों छात्रावासों का नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, एटीडीसी और एनएसआईसी के परिसरों में जहां एससी/एसटी/ओबीसी छात्र ब्यूटीशियन और फैशन डिजाइनिंग आदि जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहां व्यावसायिक पाठ्यक्रम की सुविधा बढ़ाई जाएगी। दोनों संस्थानों में एक हजार प्रशिक्षुओं की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए पूर्व-ईएन (पीडब्ल्यूडी) को डीएससीएसटी के अनुमान के साथ दोनों संस्थानों के आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए जल्द से जल्द एक प्रस्ताव पेश करने का निर्देश दिया गया है। वहीं कैबिनेट मंत्री ने कर्मचारियों को बारिश के मौसम से पहले परिसर की उचित सफाई और वहां पर वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया है। कैबिनेट मंत्री राजेंद्रपाल गौतम ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के गरीब से गरीब बच्चों को भी अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बाबा साहब का सपना हम सब मिलकर पूरा कर रहे है। केजरीवाल सरकार दिल्ली

## अरविंद केजरीवाल ने आप उम्मीदवार ले मांगे वोट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पिछली बार के चुनाव से दोगुने मतों के अंतर से आप हमें जिताएं। दो साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में भी आप लोगों ने हमें जमकर वोट दिया था। उसके लिए मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। ये बातें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी दुर्गेश पाठक के समर्थन में शुक्रवार को संत नगर में रोड शो के दौरान जनता से कहीं। जनता से अपील करते हुए केजरीवाल ने कहा कि आप लोग 23 जून को झाड़ू का बटन दबाकर एक बार फिर हमें अपना प्यार, विश्वास और समर्थन देना। बीजेपी के चक्कर में मत पड़ना। उनको लड़ाई-झगड़ा करने के अलावा कुछ नहीं आता है। जहां-जहां भी भाजपा वाले जीते हैं, वहां की जनता भी त्रस्त हो रही है। भाजपा वाले 24 घंटे सिर्फ लड़ते रहते हैं। मुझे लड़ाई करना नहीं आता है। सिर्फ काम करना आता है। राजेंद्र नगर के जितने काम हैं, उन सारे कामों को कराने की मैं गारंटी लेकर जा रहा हूं। आपको अगर काम करने वाला विधायक चाहिए तो झाड़ू का बटन दबा देना और अगर लड़ाई-झगड़ा करने वाला विधायक चाहिए तो कमल का बटन दबा देना। केजरीवाल ने कहा कि सरकार भी हमारी है तो काम भी हम ही करवाएंगे। भाजपा को वोट देने से कोई फायदा नहीं है। भाजपा को वोट देंग तो वो कोई काम नहीं करवा सकते। दिल्ली में हमने खूब काम किए हैं। आज सारी दिल्ली आम आदमी पार्टी के साथ है। पूरे देश से कोई भी दिल्ली आए तो दिल्ली के लोगों को यह कहते हुए फक्र होता है कि मैं दिल्ली वाला हूं।

## 1 जुलाई से जिस दुकान में मिला सिंगल यूज प्लास्टिक, ट्रेड लाइसेंस होगा रद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने को लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने कड़ा रुख अपना लिया है। अगर एक जुलाई से किसी दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक मिला तो सख्त कार्रवाई होगी और जुमार्ना भी देना होगा। सीपीसीबी ने सभी जगहों पर बोर्ड ने इसे सख्ती से लागू कराने को कहा है। सीपीसीबी द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि माल से लेकर किसी भी दुकान में प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है तो ट्रेड लाइसेंस रद करें। रद करने के बाद संचालक को नए सिरे से दोबारा ट्रेड लाइसेंस लेना होगा। इसके साथ ही उस पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। पहली, दूसरी और तीसरी बार में इतना जुमार्ना सीपीसीबी ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने और प्रदूषण फैलाने वालों के लिए जुमार्ना भी निर्धारित कर दिया है। जिसकी दुकान में पहली बार एसयूपी सामान मिलेगा उन्हें 500 रुपए, दूसरी बार एक हजार और तीसरी बार दो हजार रुपए जुमार्ना करने का प्रविधान किया गया है। इंस्टीट्यूशनल के लिए ये है जुमार्ना इंस्टीट्यूशनल स्तर पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए पहली बार पांच हजार, दूसरी बार 10 और तीसरी बार 20 हजार का जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही इसके अलावा प्लास्टिक बैग बनाने वाली कंम्पनियों पर प्रति टन पहली बार पांच हजार, दूसरी बार 10 और तीसरी बार 20 हजार प्रति टन के हिसाब से जुमार्ना लगाया जाएगा। ऐप पर कर सकेंगे शिकायत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में शिकायत के लिए एक ऐप भी लांच किया है, जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के जरिये लोग एसयूपी को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। वहीं, एक अध्ययन के मुताबिक, देश की राजधानी दिल्ली के के सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट में शैंपू, बाडी वाश, पेन, पेट बॉटल, ट्यूब्स आदि की मात्रा काफी अधिक है। टॉक्सिक लिंक के अनुसार, प्लास्टिक लैंडफिल साइट में पड़े-पड़े मिट्टी, पानी आदि को प्रदूषित कर रही है। वहीं, महज 20 फीसदी हिस्सा ही रीसाइकलिंग प्लांट तक पहुंचता है।

## संपति कर कैंप का उद्घाटन श्याम सुन्दर अग्रवाल ने किया

नई दिल्ली। राम नगर मार्केट एसोसिएशन द्वारा संपत्ति कर जमा करवाने हेतू कैंप का आयोजन किया जिसका उद्घाटन पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने किया मार्केट के अध्यक्ष किशन गोयल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा राम नगर मार्केट के अध्यक्ष पिछले 6 वर्षो से कैंप का आयोजन कर रहे है चाहे वह संपति कर हो, ट्रेड लाइसेंस, फैक्ट्री लाइसेंस कैंप हो, इन कैंपों के माध्यम से निगम को हर साल करोड़ों प्राप्त होते है जो क्षेत्र के विकास और कर्मचारियों की तनखाह देने में काम आते है आज के कैंप में 127 लोगो ने 26.75 लाख रुपए जमा करवाए, राम नगर मार्केट का निगम को राजस्व एकत्र करने में हमेशा बड़ा सहयोग रहता है। श्याम सुंदर अग्रवाल ने संपति कर इंस्पेक्टर मनमोहन शर्मा की तारीफ करते हुए कहां कि ये एक मेहनती व्यक्ति है अपनी टीम के साथ संपति कर जुटाने में लगे है इनकी मेहनत का ही परिणाम ही है इस कैंप के माध्यम से 127 ने 29.75 लाख रुपए अभी तक जमा हो चुके है।

## 18 लाख इमारतों में से सिर्फ 40 ही मिलीं खतरनाक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में दिल्ली नगर निगम के जर्जर इमारतों के सर्वे की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 18 लाख इमारतों में से केवल 40 इमारतें ही खतरनाक हैं। यह सभी इमारतें निगम के उत्तरी क्षेत्र इलाके से ही है। इसमें चांदनी चौक, पहाड़गंज और सदर बाजार के इलाके सर्वाधिक हैं। निगम के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र इलाके में एक भी इमारत खतरनाक नहीं है, जबकि हर वर्ष दक्षिणी और पूर्वी निगम इलाके में भी घटनाएं होती हैं। खतरनाक व जर्जर इमारतों को लेकर जारी निगम की रिपोर्ट के अनुसार 25 लाख संपत्तियां थीं, जिसमें 18 लाख से ज्यादा संपत्तियों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। सर्वे के अनुसार उत्तरी क्षेत्र इलाके में छह लाख 29 हजार 444 संपत्तियों का सर्वे किया गया। इसमें से निगम को 562 इमारतें मरम्मत योग्य मिली है, जबकि 40 इमारतें खतरनाक मिली हैं। वहीं पूर्वी निगम क्षेत्र में तीन लाख 18 हजार 622 संपत्तियों का सर्वे किया गया है। इसमें एक भी खतरनाक इमारत तो नहीं है, जबकि दो इमारतें मरम्मत योग्य पाई गई हैं। इसमें से एक संपत्ति की मरम्मत भी पूरी हो गई है। दक्षिणी निगम क्षेत्र में नौ लाख 41 हजार 909 संपत्तियो में से न तो कोई इमारत मरम्मत योग्य पाई गई है और न ही कोई इमारत खतरनाक पाई गई है। निगम के सर्वे पर उठे सवाल खन्ना सिनेमा का हिस्सा ढहने और निगम के दावे पर सवाल उठने लगे है।

निगम का दावा है कि इमारत खाली थी, जबकि घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने अपने बयान में कहा था कि संपत्ति में कई दुकानें हैं। साथ ही जो परिवार घटना में घायल हुआ वह उक्त इमारत की पहली मंजिल में रहता था। निगम का कहना है कि उक्त संपत्ति की दुकानें बंद मिलीं। स्थानीय लोग बताते हैं कि इन दुकानों में विभिन्न तरह की व्यावसायिक गतिविधियां होती थी। हालांकि, निगम ने इन्हें अब सील कर दिया है।

खतरनाक श्रेणी में नहीं थी गिरी इमारत पहाड़गंज में जिस इमारत में एक हिस्सा गिरने से साढ़े तीन साल के बच्चे की मौत हो गई थी वह इमारत निगम के सर्वे में खतरनाक नहीं मिली थी। निगम के अनुसार निगम सर्वे के दौरान इमारतों को बाहर से देखता है। ऐसे में जब सर्वे किया गया था तो संबंधित इमारत में न तो किसी प्रकार की दरार थी और न ही इमारत झुकी हुई थी। नगर निगम अधिकारी के अनुसार, चूंकि खन्ना सिनेमा 15 साल से परिचालन में नहीं है, इसलिए बीते वर्ष भी इमारत खतरनाक इमारतों की सूची में नहीं थी। अधिकारी ने बताया कि निगम की टीम ने शुक्रवार को घटना स्थल का निरीक्षण किया है। जिसमें एहतियान इमारत में प्रवेश के दो स्थानों को सील कर दिया गया है।

**प्रदर्शन** कई शहरों में सड़कों पर उतर कर पुलिस बल के जवान मार्च कर रहे हैं।

## अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन को लेकर दिल्ली-एनसीआर में पुलिस अलर्ट पर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सेना में भर्ती के लिए महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना के विरोध में इन दिनों प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, गुरुग्राम समेत एनसीआर के शहरों में स्थानीय पुलिस अलर्ट पर है। कई शहरों में सड़कों पर उतर कर पुलिस बल के जवान मार्च कर रहे हैं। वहीं, दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने शुक्रवार को संभावित बवाल के मद्देनजर जामा मस्जिद और आइटीओ समेत कई मेट्रो स्टेशन के गेट बंद कर दिए थे। स्थिति बिगड़ी तो यह कदम सोमवार को भी उठाया जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने भी प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए तमाम इंतजामात किए हैं। अग्निपथ योजना के विरोध में हंगामे की सूचना के चलते हापुड़ पुलिस मुस्तैद धौलाना तहसील क्षेत्र के युवाओं की तरफ से टोल प्लाजा पर पहुंचने का मैसेज वायरल किया हुआ है, इसके चलते टोल प्लाजा को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग- 9 दिल्ली- लखनऊ मुख्य मार्ग पर जिला हापुड़ के पिलखुवा थानांतर्गत छिजारसी टोल प्लाजा पर हंगामा होने के आसार बने हुए हैं। शुक्रवार को कई गांवों के युवाओं की तरफ से टोल प्लाजा को घेरने का मैसेज वायरल किया गया था। इसके चलते जिलाधिकारी मेधा रूपम और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने टोल प्लाजा पर पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की थी और दिशा निर्देश दिए थे। शनिवार सुबह से टोल प्लाजा पर उपजिलाधिकारी धौलाना सुनीता सिंह, डिप्टी कलक्टर विवेक यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक सिसौदिया, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह सहित कई थानों का पुलिस बल छिजारसी टोल प्लाजा पर तैनात है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि युवाओं को रोकने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस की तैनाती की गई है। कोशिश है कि युवाओं को रास्ते से समझा बुझाकर लौटा दिया जाएं। मेट्रो के दो कारिडोर पर चार स्टेशन किए गए थे बंद अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन और शुक्रवार को नमाज के दौरान सुरक्षा कारणों से दो कारिडोर के चार मेट्रो स्टेशनों के सभी गेट कुछ देर के लिए बंद रखे गए। इस दौरान उन स्टेशनों से यात्रियों का आवागमन बंद रहा। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम का कहना है कि पुलिस के निर्देश पर वायलेट लाइन (कश्मीरी गेट-बल्लभगढ़) के आइटीओ, दिल्ली गेट व जामा मस्जिद और ग्रे लाइन (द्वारका-ढांसा बस स्टैंड नजफगढ़) का ढांसा बस स्टैंड गेट को बंद रखा गया। आइटीओ व ढांसा बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन को दोपहर करीब 12:25 बजे अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन के कारण बंद किया गया था।

## कीर्ति नगर में नौकरी दिलवाने के बहाने महिला से रेप, गिरफ्तार

नई दिल्ली। वेस्ट जिले के कीर्ति नगर में एक महिला के साथ रेप जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम देने की घटना सामने आई है. मिली जानकारी के अनुसार एक युवक ने महिला को नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ले गया और फिर मौका देखकर पिस्टल की नोक पर उसके साथ इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. वेस्ट जिले के डीसीपी घनश्याम बंसल के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी का नाम शुभम है. बाबा हरिदास नगर इलाके में रहता है. महिला कीर्ति नगर में रहती है. अब तक की जानकारी के अनुसार दोनों एक दूसरे के संपर्क में सोशल मीडिया के माध्यम से आए. तब महिला ने शुभम से नौकरी लगवाने की बात कही. उसके बाद शुभम ने नौकरी दिलाने के नाम पर कई बार महिला को बुलाया और इसी दौरान एक दिन मौका देखकर उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. पुलिस के अनुसार अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को आरोपी ने पिस्टल की नोक पर अंजाम दिया गया है।

## आप प्रवक्ता पर गंभीर आरोप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद साहब पर तथाकथित रूप से आपत्तिजनक बयान देने और टिप्पणी करने का विवाद थमा भी नहीं था कि एक और मामला सामने आ गया है। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पार्टी के प्रवक्ता पर आरोप लगाया है कि उन्होंने राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को पाकिस्तानी कहा है। मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, दिल्ली भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रवक्ता द्वारा एक समाचार चैनल पर राजेंद्र नगर से भाजपा प्रत्याशी को पाकिस्तानी कहने पर नाराजगी जाहिर की है। इस बाबत दिल्ली प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजन तिवारी ने कहा कि भारत विभाजन के दौरान बड़ी संख्या में लोग विस्थापित होकर राजेंद्र नगर और पटेल नगर में आकर बस गए। उन्होंने और उनके परिवार ने इस देश को अपना तन, मन धन दिया। दिल्ली आने पर राजेश भाटिया के परिवार ने अपनी सारी पूंजी और सपने छोड़कर छोटे से स्थान में जीवन की नई शुरूआत की। ऐसे में आम आदमी पार्टी प्रवक्ता का न्यूज चैनल पर दिया गया पाकिस्तान वाला बयान अन्यायपूर्ण है। उधर, राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी और भाजपा नेता अजय महावर ने कहा कि क्षेत्र में आम आदमी पार्टी बुरी हरकत के तहत भाजपा के पोस्टर फाड़ रही है और उसकी जगह पर अपना पोस्टर लगा रही है। जनता पार्टी ने भाजपा उम्मीदवार राजेश भाटिया को दिया समर्थन वहीं, इन सबके बीच जनता पार्टी ने भाजपा के प्रत्याशी राजेश भाटिया को राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में समर्थन किया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी और प्रदेश भाजपा के महामंत्री हर्ष मल्होत्र के साथ प्रेसवार्ता में यह एलान किया। नवनीत चतुर्वेदी ने कहा कि जनता आम आदमी पार्टी (आप) के बाहरी उम्मीदवार को बाहर का रास्ता दिखाने का फैसला कर चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाया है जिससे क्षेत्र के लोग उन्हें आसानी से मिल सकेंगे। यहां पर बता दें कि राजेंद्र नगर विधानसभा के लिए उपचुनाव के तहत आगामी 23 जून को मतदान होगा, जबकि परिणाम 26 जून को घोषित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद भगत सिंह फुटबॉल कप का आयोजन

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शहीद भगत सिंह कप-फुटबॉल के आयोजन को लेकर शिक्षा निदेशालय की खेल शाखा ने परिपत्र जारी किया है। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में अंडर 18 और 22 उम्र वालों के लिए यह प्रतियोगिता होगी। टूनार्मेंट के जुलाई महीने से शुरु होने को लेकर संभावना जताई गई है। जिसमें नौ फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी। इस संबंध में 27 जून को त्यागराज स्टेडियम में ट्रायल भी होंगे।

### स्कूलों में पौधरोपण अभियान

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में पौधरोपण अभियान के संबंध में शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है। इसको लेकर स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं। इसमें पौधे लगाने और वायु प्रदूषण रोकने को लेकर परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा स्कूलों से शैक्षणिक सत्र 2021-22 में पौधरोपण की स्थिति को लेकर रिपोर्ट भी मांगी गई है।

### स्कूल में नर्सरी कक्षा की भी पढ़ाई

नई दिल्ली। ईदगाह रोड स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में भी नर्सरी कक्षा से पढ़ाई हो सकेगी। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी किया है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्कूल में नर्सरी कक्षा शुरु करने के संबंध में यह आदेश जारी गया है। इसके अलावा कमला मार्किट स्थित जीबीएसएसएस को सर्वोदय बाल विद्यालय में तब्दील करने को लेकर आदेश दिए गए हैं।

### अतिथि शिक्षकों को लेकर मांगी जानकारी

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने सहायता प्राप्त स्कूलों से कार्यमुक्त और अतिथि शिक्षकों को लेकर जानकारी मांगी है। इसको लेकर निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है। सभी स्कूलों से कार्यमुक्त हुए और कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सूचना 30 जून तक देने के निर्देश दिए गए हैं।

### ट्रांसजेंडर छात्रों के कौशल विकास को लेकर सम्मेलन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय का प्रौढ़ शिक्षा और सतत विस्तार विभाग ट्रांसजेंडर छात्रों के कौशल विकास के लिए सोमवार को डीयू के सत्यकाम भवन में तीन बजे एक सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार का कहना है कि इसमें ट्रांसजेंडर छात्रों के साथ ही दूसरे ट्रांसजेंडर भी शामिल हो सकेंगे। यह ट्रांसजेंडर के लिए राष्ट्रीय कौशल सम्मेलन है। यह विभाग के ट्रांसजेंडर सेल की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### दिल्लीर-शामली के लिए दैनिक ट्रेन

नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने दिल्ली जंक्शन से शामली के बीच दैनिक अनारक्षित स्पेधशल ट्रेन चलाई है। 20 जून से ट्रेन संख्या 01617 दिल्लीन से सुबह 9:10 बजे प्रस्थानन कर उसी दिन 11:55 बजे शामली पहुंचेगी। यह ट्रेन शामली से दोपहर 2:20 बजे प्रस्थांन कर शाम 5:20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रास्ते में शाहदरा, गोकलपुर सबोली हॉल्टस, नोली, खेकड़ा, बागपत रोड, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी और कांधला स्टेचशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

### अनिल वाजपेयी ने किया योग शिविर का उद्घाटन

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गीता कॉलोनी प्रोजेक्ट द्वारा आंगनबाड़ी वालंटियर्स के लिए एक योग शिविर का उदघाटन गाँधीनगर के विधायक अनिल बाजपेयी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल बाजपेयी ने योग की आवश्यकता बताते हुए कहा कि आज भी बहुत सी असाधारण बीमारी भी योग करने ठीक हो जाती है। कार्यक्रम की संयोजिका वंदना रानी, विजय लक्ष्मी, उपाध्याय अरुण मिश्रा, सचिन चौहान, सुपरवाइजर उमा देवी, पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर नीलम, रेखा, श्रीमती रेनू, पमपी दास, नीतू, शालिनी, कृष्णा ग्रोवर, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्कूलों को निर्देश

नई दिल्ली। मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की बीमारी की रोकथाम और जागरूकता को लेकर स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है। जुलाई महीने से स्कूली छात्रों के बीच अलग-अलग गतिविधियां भी आयोजित कराई जाएंगी। परिपत्र में पूरी बाजू के कपड़े पहनने, कक्षा में छात्रों को जागरूकता संदेश देने।

## राजेन्द्र नगर उपचुनाव में हार के भय से आम आदमी पार्टी धूर्तता पर उतरी:प्रेमलता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- कांग्रेस प्रत्याशी ने आम आदमी पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ धनबल के प्रयोग का आरोप लगाया जिसकी चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई


राजेन्द्र नगर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता ने आम आदमी पार्टी तथा उसके मुखिया अरविंद केजरीवाल पर संभावित हार को देखते हुए चुनाव में अवैध, अनैतिक, झूठ व छल का सहारा लेकर जनता को रिझाने का आरोप लगाया। श्रीमती प्रेमलता ने कहा कि आम आदमी पार्टी धुर्तता पर उतर आई है। उन्होंने एक ओर आम आदमी पार्टी पर सत्येंद्र जैन के मामले में सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री साझा कर मीडिया को गुमराह करने का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ धनबल का सहारा लेकर चुनाव आयोग के आदर्श आचार संहिता के उलंघन का आरोप लगाया। श्रीमती प्रेमलता ने आज प्रातः नारायणा गाँव के सी ब्लॉक में पदयात्रा की और स्वदेशी लाल चौक पर नुक्कड सभा में भाग लिया तथा काँग्रेस पार्टी द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। श्रीमती प्रेमलता ने कहा कि चुनाव में हार के डर से आम आदमी पार्टी धनबल का प्रयोग कर रही है, विधानसभा के हर गाँव तथा कॉलोनियों में सब्जियों, चाय इत्यादि की दुकानों पर आम आदमी पार्टी द्वारा वेंडरों को पैसे देकर रोजमर्रा की चीजें मुफ्त या मामूली कीमतों पर बाँटे जा रहे है, जो चुनाव आचार संहिता के खिलाफ है, जिसकी लिखित शिकायत मैंने स्वयं चुनाव आयोग में की है। उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी इस बात को नकार नहीं सकती क्यूंकी इससे जुड़ा पोस्ट आम आदमी पार्टी दिल्ली के ट्विट्टर हैंडल से भी डाला गया है, जो एक मजबूत सबूत होगा। श्रीमती प्रेमलता ने कहा कि केजरीवाल द्वारा राजेन्द्र नगर विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी खुद संभालना साबित करता है वे चुनाव हार रहे है। केजरीवाल क्षेत्र में झूठ व भ्रामक प्रचार सामग्री को बड़े स्तर पर बाँट रहे है। बाहरी उम्मीदवार बनाम स्थानीय उम्मीदवार की इस लड़ाई में क्षेत्र की जनता मजबूती के साथ काँग्रेस पार्टी के साथ खड़ी है। श्रीमती प्रेमलता ने आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आंकठ में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में सत्येंद्र जैन जेल में है, चुनाव में इससे नुकसान होता देख जनता से सहानुभूति प्राप्त करने के लिए आप पार्टी सत्येंद्र जैन की एक फोटोग्राफ विधानसभा में घुमाई जा रही है, जिसे देश के नामी गिरामी फेक न्यूज पकड़ने वाली न्यूज वैबसाइट ने इसे फेक करार दिया है। श्रीमती प्रेमलता ने केजरीवाल के द्वारा जनसभा को संबोधित करते हुए राजेन्द्र नगर विधानसभा जीताने पर हर काम की गारंटी देने की बात पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान दस गारंटी का कार्ड दिया था उनमें से कितनों को वायदों को निभाया, क्या वे जनता को बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न साफ नल का जल उपलब्ध कराया, न ही बरसाती पानी से निजात दिलाई, पूरे विधानसभा के हर नुक्कड़ पर गंदगी का ढेर है। उन्होने कहा कि केजरीवाल और भाजपा काम करने की जगह आपसी लड़ाई झगड़े में व्यस्त रहती है, जिससे विकास के सारे काम ठप हो चुके है। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर की जनता अगर मुझे आशीर्वाद देती है तो मैं क्षेत्र के ठप पड़े और रुके हुए विकास की गति को दोबारा रफ्तार दूँगी।

## भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें पीएम : जीके

नई दिल्ली। काबुल के गुरुद्वारा करता परवान पर इस्लामिक स्टेट-खुरासन प्रांत (आईएसकेपी) के द्वारा भाजपा नेता नुपुर शर्मा की पैगम्बर मुहम्मद पर की गई टिप्पणी को लेकर हमला करने के सामने आए दावों के बीच जागो पार्टी के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस्लामिक देशों में रहते भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा को यकीनी बनाने की अपील की है। अपने फेसबुक पेज पर लाइव हुए जीके ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब पर आतंकवादी हमला दुर्भाग्यपूर्ण है और लोगों की जान जाने के अलावा गुरुद्वारा साहिब की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। हमने केंद्र सरकार को कई बार अफगानिस्तान में फंसे 150 हिंदुओं और सिखों को वीजा देने के लिए लिखा है, लेकिन इस मामले में केंद्र सरकार की देरी समझ से बाहर है। तालिबान से जंग के बीच अगर भारत सरकार हिंदुओं और सिखों को निकाल कर ला सकती है, तो अब दिक्कत क्या है? बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर मोदी से मुलाकात करने वाले भारतीय मूल के अफगानी नागरिकों का जिक्र करते हुए जीके ने पूछा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आश्वासन पर अमल क्यों नहीं किया जा रहा है। जिन नेताओं पर यह जिम्मेदारी थी, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी अभी तक क्यों नहीं निभाई?

## नमाज के बाद आखिर क्यों भड़के दिल्ली की जामा मस्जिद के इमाम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद माहौल शांतिपूर्ण रहा। पिछले शुक्रवार को लोगों के प्रदर्शन के मद्देनजर इस बार दिल्ली पुलिस की ओर से सुरक्षा के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए थे। बावजूद इसके नमाज पढ़े जाने के बाद मस्जिद परिसर के अंदर कुछ लोगों की भीड़ जुट गई थी। वे लोग हंगामा करने का प्रयास करना चाहते थे, लेकिन इस पर मस्जिद के शाही इमाम अहमद बुखारी भड़क गए।

भीड़ से तुरंत खाली कराई मस्जिद

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ये गलत है। कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत न करे, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इलाके के लोग शांति चाहते हैं। किसी भी तरह की नारेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मस्जिद को खाली कराया। इसके बाद लोग मस्जिद से बाहर आ गए।

वहीं, मध्य जिले की पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। मस्जिद के सभी प्रमुख प्रवेश द्वार पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। कस्तूरबा मार्ग को यातायात के लिए कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था। कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने ड्रोन के जरिये भी निगरानी की।

गौरतलब है कि शुक्रवार (10 जून) को जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद में 100 से ज्यादा लोगों ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया था। वह नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। वहीं, इस शुक्रवार को महज 15 मिनट के भीतर प्रदर्शन वाली जगह को खाली करवा लिया गया था। पुलिस एफआइआर दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

बता दें कि 10 जून को जुमे की नमाज के बाद दिल्ली-एनसीआर में अधिक प्रदर्शन तो नहीं हुआ था, लेकिन झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में जमकर उपद्रव हुआ था। इसके चलते स्थानीय पुलिस को भी बल प्रयोग करना पड़ा था, वहीं उपद्रव में कुछ लोगों की मौत भी हो गई थी।

## दिल्ली में जल्द जमीन के नीचे से गुजरेंगी कारें, ऊपर से उड़ेगा हेलीकाप्टर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में प्रगति मैदान की सुरंग सड़क तो खास है ही, इसके नवीनीकरण की योजना और भी विशेषताएं समेटे है। इससे बड़ी खासियत और क्या होगी कि प्रगति मैदान के नीचे से कारें गुजरेंगी, ऊपर से हेलीकाप्टर उड़ेगा। यह सारा प्रोजेक्ट अक्टूबर 2022 तक पूरा होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट जब पूरा होगा तो इंडिया गेट की तर्ज पर प्रगति मैदान भी राजधानी के विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एल सी गोयल ने बताया कि प्रगति मैदान पुनर्विकास योजना के तहत यहां दो हेलीपेड भी बनाए जा रहे हैं। पहले ये हेलीपेड कन्वेंशन सेंटर के ऊपर बनने थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से जब इसकी अनुमति नहीं मिली तो तीन की बजाए नीचे ही दो हेलीपेड बनाने का निर्णय हुआ। चूंकि इस कन्वेंशन सेंटर में जी-20 सरीखे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होने हैं तो वीआइपी मूवमेंट के लिए ये हेलीपेड रहेंगे। प्रगति मैदान में निमार्णाधीन कन्वेशन सेंटर चीन की राजधानी बीजिंग स्थित अंतरराष्ट्रीय कनवेंशन सेंटर से भी भव्य होगा। बीजिंग कन्वेंशन सेंटर की मौजूदा क्षमता 2300 लोगों की है। प्रगति मैदान का सेंटर इससे दो गुना बड़ा होगा। जहां 70 प्रदर्शनियों का आयोजन एक साथ किया जा सकेगा। यह सेंटर प्रदर्शनी के लिए एक लाख 22 हजार वर्ग मीटर स्पेस के साथ यहां स्टेट आफ दी आर्ट एम्फी थियेटर भी बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा ट्रेड फेयर और अन्य व्यवसायिक आयोजन के लिए यहां सात कंवेन्शन हाल भी बनाए जा रहे हैं। यहां बनने वाला कन्वेंशन सेंटर, मौजूदा विज्ञान भवन से भी पांच गुना बड़ा होगा। फिलहाल 123 एकड़ में फैले प्रगति मैदान में तीन एकड़ में पांच सितारा होटल भी बनाए जाने की योजना है। यह भी होंगी आकर्षण की वजह प्रगति मैदान में एक नहीं बल्कि तीन चिल्ड्रन पार्क होंगे। साथ ही एक झील भी होगी। इन्हें बिल्कुल उसी तरह विकसित किया जाएगा, जैसे अभी इंडिया गेट पर हैं। राट्रीय भवन निर्माण निगम ने कुछ मामूली संशोधन के साथ प्रगति मैदान की नवीनीकरण योजना को बाद में रिडिजाइन किया था। इसमें विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर के आगे फव्वारों के साथ एक छोटी झील बनाने का खाका तैयार किया गया। यह झील इंडिया गेट के सामने बनी हुई झील जैसी होगी। सेंटर के आगे यह चौकोर होगी जबकि सामने की तरफ लंबाई में। इसमें लगे फव्वारे ही इसका जलस्त्रोत होंगे। इसके अलावा प्रगति मैदान का जो 15 एकड़ खुला क्षेत्र होगा उसमें तीन अलग-अलग चिल्ड्रन पार्क बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## अग्निपथ योजना युवाओं के लिए अद्भुत अवसर : गुरमीत सिंह

नई दिल्ली। तीनो सेनाओं में युवाओं की भर्ती के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित की गयी नई अग्निपथ योजना देश के युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी पहल है। यह कहना भारतीय जनता पार्टी सिख प्रकोष्ठ के सह प्रभारी सरदार गुरमीत सिंह सूरा का। गुरमीत सिंह कहते है मोदी सरकार नें अपने आठ साल के कार्यकाल में जनहित की अनेक योजनायें बनाई और वो काम कर दिखाए जो सत्तर सालों में भी नहीं हुए थे। उन्ही में से एक यह योजना है जिससे लाखों युवाओं को लाभ मिलेगा। गुरमीत सिंह कहते है सवाल चार साल के सेवा मात्र का नहीं है अपितु इस सिस्टम से लाखों युवाओं की जिन्दगी प्रभावित होगी एयर इस मामूली सी उम्र में उन्हें ना केवल तजुर्बा मिलेगा अपितु मुल्क को एक युवा सेना मिलेगी और लगातार मिलती रहेगी। साथ ही इन युवकों के लिए रोजगार के अनेक रास्ते निकलेगें जिन्हें प्राथमिकता भी मिलेगी और आर्थिक मदद भी मिलेगी जो लोग व्यापार आदि करना चाहेगें उनके लिए भी रास्ते बनेगें। गुरमीत सिंह कहते हैं इस योजना से युवाओं का वर्तमान और भिवष दोनों ही उज्ज्वल होगा।

## भाषा की मयार्दा तोड़ने में अव्वल आने की होड़ में बिगड़े बोल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



लगभग एक-डेढ़ दशक पहले तक भारतीय राजनीति में संवाद का स्तर वर्तमान की तुलना में बहुत ही अच्छी स्थिति में था। ऐसा नहीं है कि तब अपने राजनीतिक विरोधियों पर शब्दों से हमले नहीं किए जाते थे। खूब किए जाते थे, लेकिन भाषा की एक लक्ष्मण रेखा होती थी, जिसे पार नहीं किया जाता था। तीखी से तीखी बात कही जाती थी, परंतु नियंत्रित लहजे में। आज भाषा की मयार्दा लगभग खत्म हो चुकी है। सबसे ज्यादा दुर्भाग्य की बात यह है कि राजनीति को बदलने का दम भरने वाले और सिद्धांतों की बात करने वालों ने भी सियासत की उन सभी कथित गंदगियों को आत्मसात कर लिया, जिसे खत्म करने का वे दावा करते थे। नेताओं की बदजुबानी, गालीगलौज और सार्वजनिक शिष्टाचार की धज्जियां उड़ाने वाली बयानबाजियों का सिलसिला भी चलता रहा है। हाल ही में इस्लाम एवं पैगंबर पर कथित टिप्पणी के बाद देश-विदेश खासकर खाड़ी देशों में घिरी केंद्र सरकार ने भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी नुपुर शर्मा और नवीन कुमार जिंदल पर कार्रवाई की। भाजपा ने स्पष्ट किया कि वह सभी धर्मों और उनके पूजनीयों का सम्मान करती है। भाजपा की यह कार्रवाई इन दोनों नेताओं के साथ उन सभी के लिए एक सबक बननी चाहिए जो सार्वजनिक विमर्श में शामिल होते हैं और प्रायः भाषा की मयार्दा का उल्लंघन करते हैं। समझना होगा कि संवाद और सार्वजनिक विमर्श में भाषा की मयार्दा का अपना एक स्तर होता है, जिसे बनाए रखना सबका दायित्व है। उपरोक्त प्रकरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खाड़ी देशों को आश्वस्त करना पड़ा कि पैगंबर पर टिप्पणी करने वालों पर सख्त कदम उठाएंगे। परंतु सवाल यह है कि उस एक कथित टिप्पणी के बाद संवाद की टूटती मयार्दा पर अन्य राजनीतिक दल क्या कर रहे हैं। किसी ने एक गलती की जिसके लिए तुरंत सार्वजनिक मंच से माफी भी मांग ली, परंतु उसकी ह्यआड़ह्ण में उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक एवं आक्रामक भाषा का उपयोग कर रहे हैं, उपद्रव की हदें पार कर रहे हैं, शुक्रवार को नमाज पढ़ने के बाद देश के खिलाफ विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। अभी तक क्या किसी भी राजनीतिक दल ने सरलता, सहजता और संयमित भाव से उस कथित टिप्पणी का विरोध किया? यहां तो राजनीतिक संस्कारों की रोजाना धज्जियां उड़ाई जा रही हैं परिपाटी ऐसी चल पड़ी है कि किसी ने एक को अपमानित किया है, आप पूरे देश पर कीचड़ उछाल दो। एक सुअवसर की प्राप्ति की तरह एक बयान को देखकर ओछी राजनीति की जा रही है। राजनीतिक दलों से मर्यादित भाषा की अपेक्षा तो की ही जा सकती है। आप जिला, राज्य और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भाषा साहित्य की हो, धर्म या राजनीति की, वह मनुष्य का संस्कार होती है। भाषा को सीखना, लिखना, पढ़ना, बोलना एक पक्ष है, परंतु उसका व्यवहार संस्कार का सौंदर्य लगे, संवेदन का मर्म लगे और समाज या देश की पहचान बने, यह भी जरूरी है।

## दिल्ली के 11 स्थानों पर फूड ट्रक हब बनाएगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्लीवालों को आधी रात के बाद खाने की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। केजरीवाल सरकार राजधानी में फूड ट्रक नीति के तहत 11 फूड ट्रक हब बनाएगी, जहां लोगों को न सिर्फ लजीज व्यंजन मिलेंगे, बल्कि उनका मनोरंजन भी होगा। फूड ट्रक हब के लिए कुल 30 जगहें चिन्हित की गई है। इनमें से पहले चरण में 11 जगहों पर फूड ट्रक हब खोले जाएंगे। दिल्ली के सभी 11 जिलों में एक-एक फूड ट्रक हब खोला जाएगा। यह जगह रात दो बजे तक खुली रहेंगी। अधिकारियों की मानें तो पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। अभी जिन 30 जगहों को चिन्हित किया गया है उसमें मेट्रो स्टेशन, पर्यटन स्थल, प्राचीन स्थल के परिसर समेत वे जगहें शामिल हैं, जहां पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी मौज-मस्ती के लिए बड़ी संख्या में जाते हैं। हालांकि इनमें से पहले चरण में कुल 11 जगहों पर फूड ट्रक हब खोले जाएंगे। यहां पर प्लग एंड प्ले के आधार पर ही फूड ट्रक लगाने की व्यवस्था होगी। अर्थव्यवस्था को फायदा : सरकार लंबे समय से रात्रि की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है, इसलिए फूड ट्रक हब को रात 8 बजे से रात 2 बजे तक खोलने की योजना बनाई गई है। खाने के अलावा यहां लोगों को प्रस्तुति देने के लिए अलग से जगह दी जाएगी। अगर कोई अपने संगीत, गिटार या नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करना चाहता है तो उसे वहां जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिहार पुलिस की हिरासत से फरार हुआ शराब माफिया दबोचा गया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



चाणक्यपुरी स्थित क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट कार्यालय के बाहर से बिहार होमगार्ड के जवान को धक्का देकर फरार हुआ बिहार का कुख्यात शराब माफिया कमल सिंह को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया है। पुलिस ने इसे दिल्ली से ही गिरफ्तार किया है। गत 10 जून को क्राइम ब्रांच इंटर स्टेट सेल की टीम ने कमल सिंह को गिरफ्तार किया था। 11 जून को पटना की पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया गया। उसी दिन देर रात पटना पुलिस की टीम जब उसे हिरासत में लेकर दिल्ली से बिहार जाने के लिए निकली तभी कमल, होम गार्ड को धक्का देकर फरार हो गया था। इस बाबत होम गार्ड की शिकायत पर चाणक्यपुरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। कमल सिंह मूलरूप से हरियाणा के रोहतक जिले के शिवाजी कालोनी इलाके रहने वाला है। इसके खिलाफ पटना व नालंदा जिले में शराब तस्करी के दस से ज्यादा मामले दर्ज हैं। बिहार में शराब बंदी के कारण उसने पटना में अपना ठिकाना बना लिया था और हरियाणा से शराब मंगवा बिहार में अवैध कारोबार शुरू कर दिया। गत वर्ष पटना के बाइपास थाने से सटे एक घर में शराब का गोदाम मिलने के बाद पटना के पीरबहोर थाना पुलिस ने कुछ महीना पहले रोहतक पहुंचकर कमल सिंह को गिरफ्तार किया था। उसे पटना के बेऊर जेल में रखा गया। 10 अप्रैल को पेट दर्द की शिकायत पर पटना पुलिस जब उसे उपचार के लिए पटना मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर गई, तब वहां पहले से मौजूद चार लोगों ने पुलिसकर्मियों को धक्का देकर कमल को भगा ले गए थे। इस सिलसिले में पटना पुलिस ने दिल्ली पुलिस से भी जानकारी साझा की थी। इसके आधार पर कुछ हफ्ते पहले दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पहले कमल को भगाने में शामिल दीपक सिंह को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने 10 जून को कमल को भी दबोच लिया। उसे चाणक्यपुरी स्थित इंटर स्टेट कार्यालय में रखकर पटना पुलिस को उसके बारे में सूचना दे दी गई। सूचना पाकर पीरबहोर थाने से सब इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार, एक सिपाही व होम गार्ड ह्रदय नारायण यादव दिल्ली पहुंचे। पटियाला हाउस कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेने व कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद 11 जून की रात दस बजे क्राइम ब्रांच ने कमल को पटना पुलिस को सौंप दिया। तीनों कमल को लेकर रात में ही बिहार के लिए रवाना होने के लिए निकले। सब इंस्पेक्टर व सिपाही, क्राइम ब्रांच दफ्तर के बाहर पार्किंग में खड़ी गाड़ी में जाकर बैठ गए। पीछे से होम गार्ड जब कमल को लेकर गाड़ी के पास जा रहा था तभी होम गार्ड को धक्का देकर कमल फरार हो गया। रात में काफी तलाशी के बावजूद जब कमल नहीं मिला था।

## डॉ.अनिल गुप्ता दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी में सदस्य बनाये गए

नई दिल्ली। भारत सरकार द्वारा 16 जून 2022 को जारी राजपत्र अधिसूचना में वर्तमान दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी को भंग कर नई कमेटी का पुनर्गठन किया है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी की 15 सदस्यीय पुनर्गठित समिति मे प्रसिद्ध उद्यमी एवं पर्यावरणविद् डॉ. अनिल गुप्ता भी सम्मिलित है। डॉक्टर अनिल गुप्ता वर्तमान में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के भी सदस्य हैं, व पूर्वी दिल्ली की एकमात्र सीईटीपी सोसायटी झिलमिल फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया सीईटीपी सोसायटी के भी चेयरमैन है। इसके अलावा डॉ. अनिल गुप्ता दिल्ली की अनेकों औद्योगिक संगठनों के भी चेयरमैन है, तथा कई महत्वपूर्ण पदों पर सुशोभित है।

**सूचना** शुरू होने से जहां लोगों का आइटीओ क्षेत्र में आवागमन आसान हो जाएगा वहीं प्रदूषण भी बहुत कम हो जाएगा

## मोदी आज प्रगति मैदान टनल का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- जबकि अब संख्या बढ़कर 1 लाख 30 हजार से लेकर 1 लाख 40 हजार प्रतिदिन हो चुकी होगी
- जबकि प्रगति मैदान में एक लाख मीटर से भी अधिक क्षेत्र में हाथ से बनी वाल पेंच्टग है जो दुनिया की सबसे बड़ी पेंटिंग है

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत एनसीआर के वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है, क्योंकि प्रगति मैदान के पास बन रही सुरंग जल्द शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 10 बजे जिस प्रगति मैदान टनल (एकीकृत ट्रांजिट कारिडोर परियोजना) और पांच अंडरपास का उद्घाटन करने जा रहे हैं।

यह परियोजना दिल्ली के लोगों के लिए कई मायनों में फायदेमंद है। इसके शुरू होने से जहां लोगों का आइटीओ क्षेत्र में आवागमन आसान हो जाएगा वहीं प्रदूषण भी बहुत कम हो जाएगा। लोगों का समय बचेगा और जाम में फंसने पर खर्च होने वाले ईंधन के पैसे बचेंगे। इसके साथ ही इसके शुरू हो जाने से इस क्षेत्र का 70 से लेकर 78 प्रतिशत तक यातायात इस सुरंग सड़क से गुजरने लगेगा।

सुरंग सड़क से प्रति वर्ष करीब 13000 टन कार्बनडाई आक्साइड होगी कम

आइटीपीओ के चेयरमैन एल सी गोयल कहते हैं कि 2017 में किए गए एक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि इस क्षेत्र से प्रतिदिन एक लाख 14 हजार वाहन आवागमन करते हैं, जबकि अब संख्या बढ़कर 1 लाख 30 हजार से लेकर 1 लाख 40 हजार प्रतिदिन हो चुकी होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के शुरू होने से प्रति वर्ष करीब 13000 टन कार्बनडाई आक्साइड कम होगी।

गिनीज बुक आफ रिकार्ड में दर्ज होगी वाल पेंटिंग प्रगति मैदान में बनाए गए वाल पेंटिंग (भित्ति चित्र) को गिनीज बुक आफ रिकार्ड में दर्ज करवाया जाएगा। बता दें कि यहां दुनिया का सबसे बड़ी वाल पेंटिंग तैयार की गई है।

आइटीपीओ के चेयरमैन एल सी गोयल मानें तो अभी साउथ कोरिया में ही 25 हजार मीटर क्षेत्र में हाथ से बनी वाल पेंटिंग है, जबकि प्रगति मैदान में एक लाख मीटर से भी अधिक क्षेत्र में हाथ से बनी वाल पेंच्टग है जो दुनिया की सबसे बड़ी पेंटिंग है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आप उम्मीदवार ले मांगे वोट (फोटो क्रेडिट- सीएम केजरीवाल ट्विटर)।

सुरंग शुरू होने से दिल्ली के साथ यूपी और हरियाणा के लोगों को फायदा होगा, क्योंकि लोग मथुरा रोड भैरों मार्ग टी-प्वाइंट और भैरों मार्ग-रिंग रोड की लालबत्ती हट जाने से लोग भैरों मार्ग का इस्तेमाल करेंगे। इसके साथ-साथ रिंग रोड पर बगैर रोक टोक सीधे निकल जाएंगे। इतना ही वहीं, मथुरा रोड के सिग्नल फ्री हो जाने से आइटीओ से दक्षिणी दिल्ली की ओर आना जाना और आसान हो जाएगा।

## बरवाला गांव के जोहड़ में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत

नई दिल्ली । बरवाला गांव के जोहड़ में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बच्चों की पहचान बरवाला गांव में किराये के मकान में रहने वाली वंदना व अनमोल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों बच्चों को जोहड़ से निकाला व पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। स्वजन ने दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। वंदना की मां उर्मिला ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के दुबोली गांव की रहने वाली हैं और बरवाला गांव के पास ही एक फैक्ट्री में काम करती हैं। गुरुवार सुबह वह काम पर गई थी। इस दौरान उन्हें फोन पर बच्ची के जोहड़ में डूबने की जानकारी मिली। उर्मिला ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं। दो उनके साथ रहते हैं और दो उनके पति के पास। गुरुवार को जोहड़ पर गए छोटे भाई को बुलाने के लिए वंदना गई थी। इस दौरान वह नहाने लगी व पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में चली गई। इसके बाद में पुलिस ने बच्ची को जोहड़ से बाहर निकाला। वहीं, बरवाला गांव में किराये के मकान में रह रही कांति देवी ने बताया कि उन्हें भी बेटे अनमोल के डूबने की जानकारी उस समय मिली जब वह काम पर गई हुई थी।

## बरवाला गांव के जोहड़ में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बरवाला गांव के जोहड़ में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बच्चों की पहचान बरवाला गांव में किराये के मकान में रहने वाली वंदना व अनमोल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों बच्चों को जोहड़ से निकाला व पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। स्वजन ने दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। मां फैक्ट्री में करती है काम वंदना की मां उर्मिला ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के दुबोली गांव की रहने वाली हैं और बरवाला गांव के पास ही एक फैक्ट्री में काम करती हैं। गुरुवार सुबह वह काम पर गई थी। इस दौरान उन्हें फोन पर बच्ची के जोहड़ में डूबने की जानकारी मिली। उर्मिला ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं। दो उनके साथ रहते हैं और दो उनके पति के पास। गुरुवार को जोहड़ पर गए छोटे भाई को बुलाने के लिए वंदना गई थी। इस दौरान वह नहाने लगी व पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में चली गई। इसके बाद में पुलिस ने बच्ची को जोहड़ से बाहर निकाला। पति रहता है बाहर वहीं, बरवाला गांव में किराये के मकान में रह रही कांति देवी ने बताया कि उन्हें भी बेटे अनमोल के डूबने की जानकारी उस समय मिली जब वह काम पर गई हुई थी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई के संजना गांव की कांति देवी ने बताया कि उनके पति पंजाब के लुधियाना में काम करते हैं। ऐसे में बच्चों के भरण-पोषण के लिए उन्हें काम पर जाना पड़ता है। उन्हें क्या पता था कि उनके पीछे से बच्चा नहाने चला जाएगा। शाहबाद डेरी थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है। कांति देवी ने बताया कि अनमोल चार-पांच दिन पहले भी जोहड़ पर नहाने गया था। उस समय उसे खूब डाटा था, लेकिन वह नहीं माना व जोहड़ में नहाने चला गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रेडक्रॉस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



गुरुग्राम। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उपायुक्त गुरुग्राम निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन एवं सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को सेक्टर 79 स्थित एक सोसायटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सोसायटी की पदाधिकारी श्यामा राजपूत ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, ताकि रक्त की कमी की पूर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती। आयोजन को सफल बनाने में वैभव सेठ, कविता सरकार, राजकुमार, कुणाल मंगला आदि का सहयोग रहा।

# सोहना नगर परिषद के आम चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

सोहना, प्रात: किरण संवाददाता




**नगर परिषद चुनाव**

- 40 हजार 307 मतदाता चेयरमैन पद के 11 उम्मीदवारों तथा पार्षद पद के 96 प्रत्याशियों के भाग्य का करेंगे फैसला

रविवार 19 जून को सोहना में नगर परिषद चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी करने के साथ गुरुग्राम ज़िला प्रशासन ने अहम निर्णय लेते हुए बुजुर्गों व दिव्यांगजन मतदाताओं को उनके मताधिकार में मदद करने के लिए वोलेंटियर लगाए गये हैं। गुरुग्राम के ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त श्री निशांत यादव ने बताया कि वृद्ध , बुजुर्ग तथा दिव्यांगजन मतदाताओं की मदद के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर 2 वोलेंटियर लगाए गये हैं जो उन्हें अपना मताधिकार का प्रयोग करने में मदद करेंगे।

इस प्रकार लगभग 90 वोलेंटियर मतदान के दिन तैनात रहेंगे। ये वोलेंटियर एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, ज़िला रेड क्रॉस सोसायटी, सिविल डिफेंस आदि से लगाए गये हैं। इन्हें व्यवहारकुशलता के लिए ट्रेनिंग भी दी गई है और ये वोलेंटियर मतदान के दिन सुबह 7 बजे से ही मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे और मतदान समाप्ति तक वहीं रहेंगे। हर मतदान केंद्र दिव्यांग हितैषी है और हर केंद्र पर व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई है ताकि किसी भी दिव्यांगजन को अपना वोट डालने में कठिनाई ना हो।सोहना नगर परिषद के 40 हजार 307 मतदाता चेयरमैन पद के 11 उम्मीदवारों तथा पार्षद पद के 96 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। उपायुक्त श्री यादव के अनुसार मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। इन चुनावों की मतगणना 22 जून को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा।उपायुक्त ने बताया शांतिपूर्ण मतदान के लिए सोहना नगर परिषद क्षेत्र में 45 बूथ बनाए गए हैं जिनमें 7 संवेदनशील व 19 अति-संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं।नगर परिषद सोहना क्षेत्र में 40 हजार 307 मतदाता हैं, जिसमें 21 हजार 362 पुरुष व 18 हजार 945 महिला है। डीसीपी साउथ उपासना ने बताया कि चुनाव के दिन सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। सवेदनशील तथा अति समवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 9 पेट्रोलिंग पार्टियां (9 राइडरों के साथ) तथा 12 नाके लगाए गए हैं। इसके अलावा चुनाव के लिए 4 एंबुलेंस तथा 4 फायर ब्रिगेड की व्यवस्था अलग से की गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगभग 855 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे । डीसी यादव ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए उन्हें ड्यूटी के बारे में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी की रिहर्सल भी करवाई जा चुकी है। शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चत करने के लिए 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगाए गये हैं जिनके साथ विडियोग्राफी टीम भी रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में 49 प्रेजाइडिंग ऑफिसर,49 असिस्टेंट प्रेसिडेंट ऑफिसर,196 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्टाफ, 98 पोलिंग अधिकारी सहित सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है।सोहना के एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी जितेंद्र गर्ग ने बताया कि मतदान के दिन मतदान केंद्र के आस-पास कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दण्ड प्रक्रिया अधिनियम की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा भी लागू की गई है। गर्ग ने बताया कि सामान्य महिला के लिए आरक्षित वार्ड 18 में सबसे अधिक वोटर है जिनकी संख्या 3025 है, वहीं सामान्य वर्ग के वार्ड 11 में सबसे कम वोटर हैं जिनकी संख्या 1406 है।रिटर्निंग अधिकारी श्री गर्ग ने बताया कि सोहना नगर परिषद में 19 जून को होने वाले चुनाव के कुल 96 प्रत्याशी पार्षद पद के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें सबसे कम प्रत्याशी वार्ड संख्या 4,5,11,13 व 20 में है। इन वार्डों में प्रत्येक वार्ड में तीन तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, वहीं सबसे अधिक प्रत्याशी वार्ड 7, 14 व 18 में है। इन वार्डों में भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियों की संख्या प्रत्येक वार्ड में सात- सात है। वहीं चेयरमैन पद के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि जिला में सोहना नगर परिषद के लिए रविवार 19 जून को मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के उचित प्रबंध कर दिए गए हैं और मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**गुरुग्राम।** निजी स्कूलों की तर्ज पर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षा स्तर में सुधार होने के बाद अब सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत आना शुरू हो गया है। इसी क्रम में जिले के गांव भागरौला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यम विद्यालय की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या संतोष ग्रेवाल ने बताया कि उनके विद्यालय का 10वीं बोर्ड का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय से कुल 100 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 21 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किए, 42 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत अंक हासिल किए, 34 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की जबकि 3 परीक्षार्थी 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल करने में सफल हुए। कुश ने 480 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि नेहा ने 451 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान, भावना ने 450 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि इसमें मुख्यमंत्री दूरस्थ शिक्षा नीति का विशेष योगदान रहा जिसमें कोविड-19 के कारण बदली परिस्थितियों में सरकार ने बिना देर किए डिजिटल माध्यम से शिक्षा में नवाचारों को अपनाया और प्रदेश, जिला, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर पूरे शिक्षा तंत्र को एक सूत्र में पिरोया।

# संचार के साधनों का सकारात्मक उपयोग करें, दुरुपयोग से बचें युवा : प्रो दिनेश कुमार

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा रिचड द अनरिचड, थ्रो आई सी टी विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार मुख्य अतिथि तथा दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो रामपाल सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि सूचना एवं संचार तकनीक ने हमारे जीवन को बदल दिया है। कोरोना वायरस के कारण जब पूरी दुनिया में आपदा आई थी तब एक समय ऐसा आ गया था जब सब कुछ रूक गया था। आईसीटी के कारण विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो पाई। इसी प्रकार संचार तकनीक के कारण ही उद्योग-धंधे सुचारू रूप से चल सके। कर्मचारियों ने अपने घर से कार्य किया और जीवन फिर से आरम्भ हो गया। उन्होंने संचार तकनीक के दुरूपयोग पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आज के युवा सोशल मीडिया के जाल में फंस रहे हैं।

वह अपने घरवालों की जगह बाहर के लोगों से अधिक सम्पर्क रखते हैं। असामाजिक तत्व इस बात का फायदा उठाते हैं और युवाओं को अनेक प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी लोगों को सोच-समझ कर सूचना एवं संचार तकनीक का सकारात्मक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने कहा कि आज हम सभी सूचना तकनीक का लाभ उठा रहे हैं परंतु हमारे देश में अनेक स्थान ऐसे भी हैं जहां तक इंटरनेट की पहुंच नहीं है।

इंटरनेट देश के प्रत्येक हिस्से में पहुंचना चाहिए। सूचना एवं संचार तकनीक का लाभ देश के प्रत्येक नागरिक को मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा में उच्चतर शिक्षा निदेशलय के प्रयासों से उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अधिक सुधार हुआ है।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा सैक्टर 37 औद्योगिक क्षेत्र : गांधी

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजमार्ग के पास बसा औद्योगिक क्षेत्र सैक्टर 37 में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण उद्यमियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष व प्रसिद्ध समाजसेवी केके गांधी ने कहा कि सैक्टर 37 में ड्रेनेज व्यवस्था ठीक न होने के चलते थोड़ी सी बारिश में सडकों पर पानी जमा हो जाता है और क्षेत्र तालाब जैसा नजर आता है। उन्होंने कहा कि सडक किनारे लगे अधिकांश बिजली के खंभों पर लाईटें न जलने के कारण सायं होते अंधेरा पसर जाता है। उद्यमियों को पर्याप्त मात्रा में बिजली न मिलने के कारण उत्पादन कम होता जा रहा है। केके गांधी ने कहा कि शुक्रवार को भी बिजली कट लगने के कारण उद्यमियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जैसे मई माह में बिजली की कटौती चल रही थी, इसी प्रकार जून के माह में भी उद्यमियों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के पास भारत के अलावा देश-विदेशों से भी ऑर्डर मिल रहे हैं



लेकिन पर्याप्त मात्रा में बिजली न मिलने के कारण वे ऑर्डर पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि खंभों पर बिजली न जलने के कारण ट्यूब लाईटें शोपीस बनकर रह गई हैं जिसके लिए एसोसिएशन द्वारा नगर निगम के कमिश्नर मुकेश आहूजा से लाईटें ठीक कराने की मांग की जा चुकी है लेकिन समस्या अभी तक जस की तस बनी हुई है। एसोसिएशन के प्रधान ने निगमायुक्त से मांग करते हुए कहा कि बारिश आने से पूर्व ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि पूर्व की भांति औद्योगिक क्षेत्र में पानी जमा न हो सके।

# गौरव यादव ने किया अग्निवीर योजना को खारिज ,कहा- सरकार पुनविचार करे

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



हरियाणा युवा कांग्रेस के पटौदी विधानसभा अध्यक्ष गौरव यादव ने अग्निपथ योजना को न तो देश हित में और न ही नौजवानों के हित में बताया है ।उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इस पालिसी पर पुनः विचार किया जाना चाहिए और इसे तर्कसंगत बनाते हुए चार साल बाद सेना से वापस आने वाले जवानों के लिए स्थायी जाब देने की नीति लानी चाहिए ।

गौरव ने कहा कि अग्निपथ योजना को लेकर देश भर के नौजवानों में मायूसी है । इस योजना को तैयार करते समय इसके दूरगामी परिणामों पर विचार नहीं किया गया है । कामचलाऊ प्रशिक्षण से सेना की क्षमता और प्रभाव पर बुरा असर पड़ सकता है । इस योजना का असर बेहद बुरा होगा , जो देश की सुरक्षा के हित में भी नहीं है । ऐसा लगता है कि सरकार वेतन , पेंशन , ग्रेच्युटी का पैसा बचाने और सैन्य बलकी क्षमता को घटाकर आधा करने की नीयत से देश की सुरक्षा के साथ समझौता कर रही है । इस नई योजना के लागू होने के बाद जो नौजवान पिछले कई वर्षों से सेना भर्ती की आस लगाए बैठे थे , न सिर्फ उनको , बल्कि उन नौजवानों को , जिन्होंने सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा , फिजिकल टेस्ट दे दिए थे और परिणाम का इंतजार कर रहे थे , उनकी भी उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है । अग्निपथ योजना की खामियों को गिनाते हुए गौरव ने कहा कि अग्निवीर के तौर पर जिन्हें सेना में भर्ती किया जाएगा , उनमें से 75 प्रतिशत जवानों को चार साल बाद रिटायर कर दिया जाएगा । उनके भविष्य का क्या होगा , इसका ख्याल नहीं रखा गया है । यह योजना सेना की परंपरा , प्रकृति , नैतिकता और मूल्यों पर खरी नहीं उतरती । चार साल की सर्विस होने से सेना को टूरिस्ट संगठन की तरह समझा जाने लगेगा ।

नई व्यवस्था में रेजीमेंट व्यवस्था खत्म होने से जवानों का नाम , नमक और निशान से लगाव भी खत्म हो जाएगा । उन्होंने सीधा सवाल किया कि चार साल बाद फिर से बेरोजगार होने वाले अग्निवीर क्या 11.71 लाख रुपये में पूरी जिंदगी बिता पाएंगे। और एक नारा दिया। दूसरे लोग जब सरकार से नाराज होते हैं तो कानून तोड़ते हैं , पर युवा जब नाराज होगा तो कानून ही नहीं तोड़ेगा , सरकार की पीठ भी तोड़ देगा।

## बारौटा के मोहित प्रजापति की दसवीं कक्षा में मेरिट



**सोहना** । सोहना के साथ लगते गांव बारोटा के मोहित प्रजापति दसवीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। मोहित के दसवीं में मेरिट प्राप्त करने पर स्कूल अध्यापक सहित परिजनों व ग्रामीणों ने मोहित को मुबारकबाद दी और उसका मुंह मीठा कराया। इस मौके पर मोहित प्रजापति के पिता होशियार सिंह ने बताया कि मोहित बचपन से कक्षा में होशियार है और उसकी साइंटिस्ट बनने की रुचि है। वहीं सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बरोटा की प्रिंसिपल कविता ने मोहित के माता-पिता और क्लास टीचर को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा मोहित शुरू से ही क्लास में अव्वल आता रहा है। ऐसे बच्चे क्लास वा सभी अध्यापकों के प्रिय होते हैं। इस मौके पर त्रिलोक, राजेंद्र, सत्य प्रकाश, पंकज , हरदीप और मनजीत वर्मा ,जितेंद्र बघेल अध्यापक गण आदि मोजूद थे।

# इकुल डुकास के संस्थापक एलेन डुकास का भारत दौरा

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- गुरुग्राम में देश के पहले इकुल डुकास कैम्पस का उद्घाटन करेंगे

भारत के पहले इकुल डुकास कैम्पस का उद्घाटन करने के लिए इकुल डुकास के संस्थापक और दुनिया के सबसे सम्मानित मिशेलिन-स्टार शेफ एलेन डुकास भारतीय दौरे पर आ रहे हैं। यह कैम्पस इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी (आईएसएच) गुरुग्राम में है जिसकी स्थापना हॉस्पिटैलिटी उद्योग के दिग्गज दिलीप पुरी ने की है। एलेन डुकास के इस दौरे से आईएसएच और इकुल डुकास की साझेदारी मजबूत होगी।

गौरतलब है कि दोनों सोमेट एजुकेशन के ग्लोबल नेटवर्क स्कूल का हिस्सा हैं।एलेन डुकास क्युलिनरी कला का जुनून रखने वाले भारतीय विद्यार्थियों की क्षमता से वाकिफ हैं और उनका यह दौरा दक्षिण एशिया में खान-पान उद्योग के सुनहरे भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है। पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में भारत के अंदर अभूतपूर्व विकास देखा गया है। फूड एंड बेवरेज सर्विसेज ग्लोबल मार्केट रिपोर्ट 2022 के अनुसार एफ एंड बी सेवा का वैश्विक बाजार 2026 तक 9.2 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा यह उम्मीद है।

# भाजपा के 8 साल, भाजपा हुई मालामाल : पंकज डावर

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- जो मालामाल होगा वह बेमिसाल का नारा तो देगा ही

भाजपा सरकार के 8 साल बेमिसाल के नारेबाजी पर कांग्रेसी नेता पंकज डावर में जमकर चुटकी ली है और कहा कि भाजपा के 8 साल में भाजपा वाले इतने मालामाल हो गए हैं कि उन्हें इस सरकार का कार्यकाल बेमिसाल लग रहा हैं वरना 8 सालों में देश के जो हालात हुए हैं उसे देश कभी भुला नहीं सकता, पंकज डावर ने कहा कि 8 सालों के कार्यकाल में भाजपा ने देश को बेरोजगारी दी है।

भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया है, नोटबंदी, जीएसटी कानून, काले कृषि कानून जिसे भाजपा ने वापस लिया, तेल पदार्थों की बढ़ती कीमतें देश में दोगुनी हो चुकी महंगाई, और तो और महामारी के दौर में लोगों को मौत के मुंह में धकेलने वाली सरकार के लिए तो 8 साल बेमिसाल ही नजर आएंगे, पंकज डावर ने कहा कि भाजपा कि मोदी सरकार अब देश में तानाशाही रवैया अपना रही है।

यह सरकार इस तरह काम कर रही जैसे देश में कानून नाम की कोई चीज ही ना हो, यह पहली सरकार है जो कोई योजना बनाती है उसे लागू करती है फिर उस पर चिंतन करती है, लेकिन चिंतन करने में इतना समय लगा देती है कि तब तक देश की विभिन्न संस्थानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ जाता है, पंकज डावर ने कहा कि अब इस 8 साल के कार्यकाल में भाजपा ने एक और नया पैंतरा देश के युवाओं पर चल दिया है, भाजपा भूल गई है कि देश में 25 साल तक के युवाओं की संख्या करीब 40 प्रतिशत है यह सरकार अब युवाओं को अपंग बनाने वाली योजना लेकर आई है।

सोचने वाली बात है कि देश का जो युवा 4 साल नौकरी करेगा और 4 साल बाद जब वह रिटायरमेंट लेकर घर बैठेगा उसके बाद उसे मिलने वाले 11 लाख रुपए से वह पकोड़े की दुकान चलाएगा, क्या यह सरकार सचमुच देश के युवाओं से सिर्फ पकोड़े बिकवाना आना चाहती है, पंकज डावर ने मोदी सरकार से मांग की है कि अग्निपथ योजना को तत्काल प्रभाव से रोक देनी चाहिए और इसमें बदलाव करके इसे युवाओं के हित में लागू करना चाहिए।

# 800 साल पुराना किला गायब राष्ट्रीय धरोहर की लूट: डॉ सारिका

गुरूग्राम, प्रात: किरण संवाददाता




मुगलों के जमाने का बादशाहपुर किला अब गायब हो चुका है। आरटीआई एक्टिविस्ट एस के शर्मा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखाई है बादशाहपुर किला गुम हो गया है, इसकी जांच कराई जाए। उन्होंने बताया 1965-66 कागजों में बादशाहपुर किला खड़ा हुआ था लेकिन 2016 के कागजों में जमीनजिला गुड़गांव बोर्ड के अधीन हो गई है।

2010 की निगम के सेटेलाइट इमेज के मुताबिक यह खिला खड़ा हुआ था। 2016 तक किला पूरी तरह गायब हो गया था। आरटीआई के जरिए यह पता लगा है 2016 से कई करोड़ रुपए का काम गुरुग्राम निगम करवा चुका है जिसमें नाली, सीवर, सड़कों पर टाइलें लगाना इत्यादि शामिल है। आम आदमी पार्टी बादशाहपुर अध्यक्ष डॉ सारिका वर्मा ने बताया राष्ट्रीय धरोहर इस तरह जनता के नाक के नीचे से गायब हो गई अविश्वसनीय लगता है। हम जब बादशाहपुर गांव गए तो किले का भी खंडहर दिखाई नहीं दिया मालूम होता है वहां पर किला कभी था ही नही। स्थानीय अफसरों ने राजनीतिक पार्टियों के संरक्षक में भू माफिया के साथ मिलकर देश की धरोहर चुरा ली है। गुड़गांव उपायुक्त के नाम एनजीटी का आर्डर है की बादशाहपुर किले के आसपास अवैध निर्माण हटाया जाए। डॉ सारिका ने बताया उपायुक्त श्री निशांत कुमार यादव ने आश्वासन दिलाया है पूरा मामले की जाँच के बाद इस पर चर्चा करेंगे।

# मुख्यमंत्री राहत कोष की जिला स्तरीय समिति की बैठक में पांच आवेदनों को मिली स्वीकृति

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित की गई बैठक

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता के लिये गठित की गई जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित की गई, जिसमें कैंसर व किडनी रोग से ग्रस्त पांच मरीजों को कुल 3,97,484 रुपये की वित्तीय सहायता राशि स्वीकृत की गई।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समिति द्वारा जिन मामलों में हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की गई, उनमें बादशाहपुर के अजय कुमार को 71 हजार 840 रुपये व पटौदी के आर्यन शर्मा को एक लाख रुपये की राशि कैंसर के इलाज के लिए, वहीं पटौदी की सरोज को 50 हजार 644 रुपये, फर्रुखनगर के सोनू को एक लाख रुपये सहित पटौदी की प्रीति भार्गव को 75 हजार रुपये की राशि किडनी रोग के इलाज के लिए स्वीकृत की गई है। समिति की सिफारिश के उपरान्त यह राशि जल्द ही लाभार्थियों के खाते में भेज दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ उपायुक्त कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को उपायुक्त कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुंड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

## ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए 20 जून तक करें आवेदन : विश्राम मीणा

**गुरुग्राम।** ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए दो लाख रुपये तक के राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा व हरेडा द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा तकनीक व ऊर्जा दक्षता का उचित प्रयोग करने वाली संस्थाओं को राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार दिया जाता है। इसके अलावा, इनमें इनोवेशन या नई प्रौद्योगिकियों या अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में नई प्रचार परियोजनाओं को शामिल किया गया है। ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों में विजेता संस्था को नकद राशि, शील्ड तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर कर सम्मानित किया जाता है।

# आपदा में राहत बनेगा हरियाणा सरकार का ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

प्रदेश सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल आरंभ किए जाने से अब सीधे ही आपदा में फसलों को पहुंचे नुकसान की जानकारी किसान स्वयं दर्ज कर सकेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से वंचित किसानों को इस पोर्टल का लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि यह फसल नुकसान की स्थिति में आवेदन, सत्यापन और मुआवजा प्रदान करने की प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार का ऐतिहासिक कदम है। इससे पहले किसानों को फसल खराबे का मुआवजा मैनुअल दिया जाता रहा है और सालों से चली आ रही मैनुअल मुआवजा प्रणाली को बदलते हुए अब इस पोर्टल के माध्यम से यह मुआवजा भी ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकरण नहीं कराया है, उन किसानों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि ह्यमेरी फसल-मेरा ब्यौराह्व पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित खाते में सीधे जमा करवाई जाएगी। इसके लिए किसानों को ह्यमेरी फसल-मेरा ब्यौराह्व पोर्टल के अलावा कही भी पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि संबंधित खसरा नंबर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकृत नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर किसान समय-समय पर अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को आग, बाढ़, ओलावृष्टि, सूखा, शीतलहर, भूकम्प, भूस्खलन, बादल फटना, जलभराव, भारी बारिश, कीट का हमला और धूल भरी आंधी के कारण होने वाले फसल नुकसान पर मुआवजा मिलेगा। फसल के मुआवजे के लिए 5 स्लैब निर्धारित किए गए है जोकि 0 से 24 प्रतिशत, 25 से 32 प्रतिशत, 33 से 49 प्रतिशत, 50 से 74 प्रतिशत और 75 से 100 प्रतिशत में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पटवारी, कानूनगो और तहसीलदार उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन फॉर्म से अपना-अपना लॉगिन करेंगे। वे फसल नुकसान के लिए किसान द्वारा प्रस्तुत आवेदन को देख सकेंगे।

## कुछ वर्षों बाद भारत के पास होगी विश्व की सबसे बड़ी व ताकतवर सैन्य शक्ति : त्यागी

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी (पिंटू)ने कहा कि कोई भी देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तब तक सशक्त नहीं हो सकता, जब तक उसके पास एक मजबूत सेना ना हो। भारत पिछले कुछ वर्षों से उस दिशा और नीति पर काम कर रहा है। भारतीय सेना को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना एक महत्वपूर्ण योजना सिद्ध होगी। इस योजना से युवाओं का सेना में भर्ती होने का सपना जहां साकार होगा, वहीं पर 6 साल बाद अग्निवीरों को सीआरपीएफ और असम राइफल की भर्तियों में भी प्राथमिकता मिलेगी और अग्निवीरों को शुरूआती 4 सालों में ग्रेजुएशन कराकर डिग्री दी जाएगी। अग्निपथ योजना के तहत सेना का हिस्सा बनने वाले अग्नि वीरों को आकर्षक सेवा निधि पैकेज मिलेगा। इसके अलावा एग्जिट के वक्त अच्छी रकम दी जाएगी। इस योजना से सेनाओं के पास युवा शक्ति होगी। फिलहाल सेना की औसत आयु 32 वर्ष है। इस स्कीम के लागू होने से यह 24 से 26 वर्ष ही रह जाएगी। प्रथम वर्ष का पैकेज लगभग 4.76 लाख होगा और चौथे वर्ष मे 6.92 लाख की राशि मिलेगी। इसके अलावा भत्ते के तहत जोखिम और कठनाई, राशन, पोशाक, यात्रा भत्ते भी लागू होगे।

सम्पादकीय

## आक्रोश से भरा अग्निपथ

देश के प्रिय नौजवानो! अपने समय के रणबांकुरो! तुम भारत के भाग्य-विधाता हो, जांबाज हो! तुम भावी सैनिक हो-देश की सरहदों के प्रहरी! तुम्हारी कई भूमिकाएं हैं। आक्रोश, उत्पात, गुस्से, उबाल, बवाल, विनाश से लथपथ होना स्वाभाविक नहीं है। यह तुम्हारा मुल्क है। तुम्हारे पुरखों ने भी कुर्बानियां दी होंगी, तभी भारत आजाद मुल्क बना। तुम गुस्से में हो, लिहाजा विवेक खो बैठे हो।

तुम्हारे बाप-दादा ने देश को जो कर दिए थे, उन्हीं को संकलित कर देश का राजकोष बना है। सुंदर, वातानुकूलित और गन्तव्य तक ले जाने वाली रेलगाड़ियां उसी राजकोष से खरीदी गई थीं। उत्पात और उबाल की एक लहर में तुमने उन्हें आग के हवाले कर दिया। बोगियां धू-धू कर जल रही थीं, तो लग रहा था मानो हमारे देश का एक खंड जलकर भस्म हो रहा था! प्रशासन को 34 ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। तुमने सरकारी वाहन भी फूंक दिए। पुलिस वालों पर पथराव किया। क्या तुम देश के ह्वभस्मासुरह्ण करार दिए जा सकते हो? तुम तो अब्दुल हमीद के बाद की पीढ़ी हो। तुम्हारे आदर्श कैप्टन विक्रम बतरा, कैप्टन सौरभ कालिया और मेजर उन्नीकृष्णन हैं।

उन्होंने भारत की सरहदी सुरक्षा के लिए तब शहादत दी, जब वे भरी जवानी में थे और उनके करियर की शुरूआत हुई थी। उन्होंने नौकरी की चिंता नहीं की। सेना उनके लिए, रोजगार नहीं थी। देश आज भी नम आंखों से उन्हें याद करता है और श्रद्धांजलि देता है। तुम्हें भी ऐसे ही प्रतिमान स्थापित करने सेना में भर्ती होना है। चार साल मिलें या 15 साल!ह्नतुम्हें एकबारगी अपने लक्ष्य को छूना है।

रोहतक के 22 वर्षीय युवा ने आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसने शारीरिक और मेडिकल टेस्ट पास कर लिए थे, लेकिन लिखित परीक्षा नहीं हुई थी। वह नौजवान भ्रमित हुआ, क्योंकि इस साल सरकार ने सैनिक की उम्र सीमा 23 वर्ष कर दी है। वह सेना में जा सकता था, लेकिन सूचना के अधूरेपन और गुमराह करने की शरारत ने उस युवा की जिंदगी छीन ली। शायद इस त्रासदी ने सरकार को झकझोर दिया हो! नौजवानो! कुछ धैर्य रखो! भर्ती की तैयारी जारी रखो। पत्थरबाजी, आगजनी और उपद्रव से तुम्हें कुछ हासिल नहीं होगा। तुम्हारे हाथों में ह्यतिरंगाह्न है और जुबां पर ह्यवंदे मातरम्ह्न और ह्यभारत माता की जयह्न के राष्ट्रीय नारे हैं। अजीब विरोधाभास है! तुम सैनिकमना नौजवान अपनी ही मातृभूमि को लहूलुहान कैसे कर सकते हो? आग की लपटों में जलने के लिए ह्यभारत मांह्न को कैसे झोंक सकते हो?

यह कैसा राष्ट्रवाद और कैसी देशभक्ति है? तुम जो कर रहे हो, वह गलत, अनैतिक, असंवैधानिक और देश-विरोधी है। आपको तो सैनिक बनना है, लिहाजा गुमराह न हों, गंदी सियासत के शिकार न हों, क्योंकि सेना में भर्ती स्वैच्छिक है, जबरन नहीं है। भारत एक खुला और लचीला लोकतंत्र है। उसकी तुलना रूस, चीन, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, फ्रांस और अमरीका की सेनाओं से न की जाए। हम अपना रास्ता खुद तैयार करेंगे। हमारी सेना का लोहा दुनिया मानती रही है। यदि 4 साल का सेवा-काल बहुत कम है और आपको अच्छा नहीं लग रहा है, तो अर्द्धसैन्य बलों और पुलिस के लिए खुद को तैयार करें। वहां भी देशसेवा के ही अवसर मिलेंगे और एक स्थायी, सरकारी नौकरी भी मिलेगी। हमारे युवा जांबाजो! देश में बेरोजगारी की स्थिति भयावह है। हम उससे अच्छी तरह वाकिफ हैं।

हम उसके विश्लेषण करते रहे हैं। आक्रोश, गुस्से, हिंसा से नौकरियां नहीं मिला करतीं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी के सर्वेक्षण का डाटा सामने है कि अप्रैल, 2022 में 15-19 साल के आयु-वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी करीब 50 फीसदी थी। साल 20-24 के आयु-वर्ग में यह दर 38.7 फीसदी थी। बिहार में 15-19 आयु-वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी 76 फीसदी तक देखी गई है। ऐसे में एक निश्चित और दीर्घावधि की नौकरी का विकल्प खत्म होना यकीनन युवाओं के लिए बड़ा धक्का है। बिहार देश का सबसे गरीब राज्य भी है, लिहाजा सेना में भर्ती की संभावनाएं भी खत्म होती लगीं, तो युवा आक्रोश और कुंठाओं में सड़क पर उतर आए और अपने ही देश की संपत्ति को खंडित करने लगे। नौजवानो! तुम्हें इतना कमजोर नहीं होना है।

## ग्लोबल इकोनॉमी पर भारी पड़ता रुस यूक्रेन युद्ध

डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा

जब रुस-यूक्रेन में युद्धारंभ हुआ था तब दुनिया के देशों ही नहीं अपितु रुस ने भी नहीं सोचा था कि यह युद्ध इतना लंबा खिंच जाएगा। रुस ने जिस अति आत्मविश्वास के चलते यूक्रेन से युद्ध की शुरुआत की थी तब उसका जो आकलन था वह पूरी तरह से भ्ारकर उलट गया है। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार ग्लोबल इकोनॉमी पर रुस-यूक्रेन युद्ध का असर तेजी से दिखाई देने लगा है। एक ओर दुनिया के अनेक देशों के सामने खाद्यान्न का संकट मुंह बाएं खड़ा है तो दूसरी ओर आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। कोविड त्रासदी के बावजूद 2021 में जिस तरह से दुनिया के देशों ने आर्थिक मंदी को पटरी पर लाने के प्रयास किए थे लगता है 2022 के शुरुआती पांच महीनों में ही वह सब धुल गया है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष डेविस मैल्पस जहां स्टैगफ्लेशन यानी की आर्थिक विकास दर में स्थिरता और मुद्रास्फीती व बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी का संकेत दिखाई देने लगा है। वैश्विक आंकड़ों के अनुसार भारत, अमेरिका, रुस, चाइना, जापान, इंग्लैण्ड, फ्रांस, डेनमार्क सहित अधिकांश देशों में इस साल पहले चार महीनों में आर्थिक सुधार की रेट में उल्लेखनीय कमी देखी जा रही है। रुस में सबसे अधिक -12.7 प्रतिशत रिकवरी रेट कम रही है तो भारत और अमेरिका में -1.2 प्रतिशत, डेनमार्क में 2.2, जापान में 1.7, फ्रांस में 1.8, इंग्लैण्ड में 1.1, इंडोनेशिया में 0.5 तो चाइना में 0.7 फीसदी निगेटिव रही है। दरअसल रुस तो सीधे युद्ध से जुड़ा हुआ है ऐसे में वहां की निगेटिव रेट तो साफ है पर अन्य देशों की निगेटिव रेट ग्लोबल इकोनॉमी के लिए गंभीर चिंतनीय है। दरअसल जब रुस-यूक्रेन में युद्धारंभ हुआ था तब दुनिया के देशों ही नहीं अपितु रुस ने भी नहीं सोचा था कि यह युद्ध इतना लंबा खिंच जाएगा। रुस ने जिस अति आत्मविश्वास के चलते यूक्रेन से युद्ध की शुरुआत की थी तब उसका जो आकलन था वह पूरी तरह से भ्ारकर उलट गया है। लाख प्रयासों के बाद भी रुस यूक्रेन को सरेण्डर नहीं करा सका है और उसका खामियाजा रुस और यूक्रेन के नागरिक तो भुगत ही रहे हैं बल्कि आज सारी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं का निर्यातक देश यूक्रेन आज गेहूं भेजने की स्थिति में है। ऐसे में गेहूं को लेकर दुनिया के देश संकट में घिर गए है गेहूं ही क्यों इस युद्ध के कारण खनिज तेल का संकट आ गया है तो खाद्य तेल का संकट सबके सामने है। दरअसल कहने को यह युद्ध रुस यूक्रेन के बीच हो रहा हो पर इसका प्रभाव ग्लोबल पड़ रहा है। हांलाकि यूक्रेन को दुनिया के देशों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है पर यह कोई समस्या का समाधान नहीं है। यूक्रेन में अब तक दुनिया के देशों के 50 से अधिक बड़े नेता जाकर मोरल सपोर्ट दे चुके हैं। वार जोन में फ्रांस के राष्ट्पति, जर्मनी के चांसलर और इटली के प्रधानमंत्री गए हैं। हांलाकि यह मोरल सपोर्ट ही है पर समस्या का समाधान कहीं दिखाई नहीं दे रहा। 2019 से चले कोरोना संकट ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। कोरोना के एक के बाद एक आते वेरिएंट्स ने बुरी तरह से प्रभावित किया है। लंबे लॉकडाउन के दौर से दुनिया एक तरह से ठहर ही गई। एक समय तो लोग घर में ही बंद होकर रह गए तो आर्थिक गतिविधियों का प्रभावित होना स्वाभाविक है। इतना सबकुछ होने और कोरोना का भय आज भी व्याप्त होने के बावजूद 2021 में दुनिया के देशों ने अर्थ व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास किए और प्रयासों के सार्थक परिणाम भी सामने आए। पर रुस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया की अर्थ व्यवस्था को दूसरी तरह से प्रभावित कर दिया है। मजे की बात यह है कि भारत ने अवश्य तटस्थ रहकर कुछ प्रयास किए हैं बाकि दुनिया के दिग्गज देशों ने युद्ध के इस संकट को खत्म करने के जिस तरह के प्रयास किए जाने चाहिए थे वे नहीं किये और उसका परिणाम यह रहा कि एक ओर युद्ध के कारण निरपराध नागरिक शिकार हो रहे हैं तो दूसरी ओर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से सभी देशों पर प्रभाव पड रहा है। खाद्यान्नों और तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। कई देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह से प्रभावित होने लगी है। दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्ति के कोई आसार भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। कहा जाता था कि भविष्य में होने वाले युद्ध दो चार दिन के युद्ध होंगे पर इसके उलट हालात सामने हैं। अहम् की इस लड़ाई में कोई एक देश नहीं अपितु सारी दुनिया प्रभावित हो रही है। दुनिया के विकास की रफ्तार को निगेटिव दिशा में ले जाया जा रहा है। सही मायने में अब हमें अत्याधुनिक कहलाने का हक भी नहीं रह गया है क्योंकि जिस तरह से विनाश का रास्ता अपनाया जा रहा है उसके परिणाम अच्छे हो ही नहीं सकते।

# मेरी मां जितनी सरल हैं, उतनी ही असाधारण हैं

## मां के 100वें वर्ष में प्रवेश करने पर मोदी का ब्लॉग

अपनी मां के 100वें साल में प्रवेश करने के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक भावनात्मक ब्लॉग लिखा। उन्होंने अपनी मां के साथ बिताए हुए कुछ पलों को याद किया। उन्होंने उनको बड़ा करने के दौरान मां द्वारा किए गए बलिदानों को याद किया और अपनी मां की विभिन्न खूबियों का उल्लेख किया जिससे उनके दिमाग, व्यक्तित्व और आत्म विश्वास को आकार मिला।

पीएम मोदी ने लिखा, आज, मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी और सौभाग्य की अनुभूति हो रही है कि मेरी मां श्रीमती हीराबा मोदी अपने 100वें साल में प्रवेश कर रही हैं। यह उनका जन्म शताब्दी वर्ष होने जा रहा है।

**लचीलेपन की प्रतीक**

बचपन में अपनी मां के सामने आई मुश्किलों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मेरी मां जितनी सरल हैं, उतनी ही असाधारण हैं। बिल्कुल दूसरी सभी माताओं की तरह। छोटी सी उम्र में ही, पीएम मोदी की मां ने अपनी मां को खो दिया था। उन्होंने कहा, उन्हें मेरी नानी का चेहरा या उनकी गोद तक याद नहीं है। उन्होंने अपना पूरा बचपन अपनी मां के बिना बिताया है।

उन्होंने वडनगर में मिट्टी की दीवारों और मिट्टी की खपरैल की छत से बने अपने छोटे से घर को याद किया, जहां वह अपने माता-पिता और भाई-बहिन के साथ रहा करते थे। उन्होंने रोजमर्रा में आने वाली मुश्किलों का उल्लेख किया, जिनका उनकी मां ने सामना किया और उन पर विजय प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि कैसे उनकी मां न सिर्फ घर के सभी काम किया करती थीं बल्कि कम घरेलू आय की भरपाई के लिए भी काम करती थीं। वह कुछ घरों में बर्तन माजा करती थीं और घरेलू खर्च में सहायता के उद्देश्य से चरखा चलाने के लिए समय निकालती थीं।

पीएम मोदी ने याद करते हुए कहा, बारिश के दौरान, हमारी छत से पानी टपकता था और घर में पानी भर जाता था। मां बारिश के पानी को जमा करने के लिए बाल्टियां और बर्तन रखती थीं। ऐसे विपरीत हालात में भी मां लचीलेपन की प्रतिमूर्ति थीं।

**स्वच्छता में लगे लोगों के प्रति गहरा सम्मान**

पीएम मोदी ने कहा, स्वच्छता एक ऐसा कार्य था, जिसके लिए उनकी मां हमेशा ही खासी सतर्क रहीं। उन्होंने अपनी मां के स्वच्छता बनाए रखने से जुड़े कई उदाहरण दिए।

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी मां साफ-सफाई में लगे लोगों के प्रति गहरा सम्मान रखती थीं। जब भी कोई उनके घर से लगी नाली की सफाई करने आता था, तो उनकी मां उसे चाय पिलाए बिना नहीं जाने देती थीं।

**दूसरों की खुशी में खुशी तलाशना**

पीएम मोदी ने बताया कि उनकी मां दूसरे लोगों की खुशियों में अपनी खुशी तलाश लेती थीं और उनका दिल बहुत बड़ा था। उन्होंने याद करते हुए बताया, मेरे पिता के एक दोस्त पास के गांव में रहा करते थे। उनकी असमय मृत्यु के बाद, मेरे पिता अपने दोस्त के बेटे अब्बास को हमारे घर पर ले आए। वह हमारे साथ रहा और अपनी पढ़ाई पूरी की। मां को हम भाई-बहिनों की तरह अब्बास से पर्याप्त स्नेह था और उसकी देखभाल करती थीं। हर साल ईद पर वह उसके पसंदीदा व्यंजन बनाती थीं। त्योहारों पर, पड़ोस के बच्चों का घर पर आना और मां की खास तैयारियों का लुत्फ उठाना आम बात थी।

**पीएम मोदी की मां उनके साथ सार्वजनिक रूप से सिर्फ दो अवसरों पर गईं**

ब्लॉग पोस्ट में, पीएम मोदी ने उन दो अवसरों के बारे में बताया जब वह अपनी मां के साथ सार्वजनिक रूप से गए थे। एक बार, वह अहमदाबाद के एक सार्वजनिक समारोह में गए जब उन्होंने श्रीनगर से वापस लौटने पर उनके माथे पर तिलक लगाया था, जहां उन्होंने एकता यात्रा पूरी करते हुए लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। दूसरा मौका तब आया, जब पीएम मोदी ने 2001 में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

**पीएम मोदी की मां ने जीवन का एक पाठ पढ़ाया**

पीएम मोदी ने लिखा कि उनकी मां ने उन्हें यह अहसास कराया कि औपचारिक रूप से शिक्षा हासिल किए बिना भी सीखना संभव है। उन्होंने एक घटना साझा की जब वह अपनी सबसे बड़ी शिक्षक- अपनी मां के साथ अपने सभी शिक्षकों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना चाहते थे। हालांकि, उनकी मां ने यह कहकर इनकार कर दिया, देखो, मैं एक सामान्य महिला हूं। मैंने तुम्हें भले ही जन्म दिया है, लेकिन तुम्हें सर्वशक्तिमान ने पढ़ाया और बड़ा किया है।



पीएम मोदी ने कहा कि भले ही उनकी मां कार्यक्रम में नहीं आईं, लेकिन उन्होंने सुनिश्चित किया कि वह अपने स्थानीय शिक्षक जेठाभाई जोशी जी के परिवार को बुलाएं, जिन्होंने उन्हें अक्षर यानी अल्फाबेट पढ़ाए थे। उन्होंने कहा, उनकी विचार की प्रक्रिया और दूरदर्शी सोच उन्हें हमेशा चौंकाती रही है।

**एक कर्तव्यपरायण नागरिक**

पीएम मोदी ने बताया कि एक कर्तव्यपरायण नागरिक के रूप में उनकी मां ने चुनाव की शुरूआत के बाद से पंचायत से लेकर संसद तक हर चुनाव में मतदान किया।

**एक अत्यंत सरल जीवनशैली को अपनाना**

मां की अत्यंत सरल जीवनशैली के बारे में बताते हुए, पीएम मोदी ने लिखा कि आज भी, उनकी मां के नाम पर कोई संपत्ति नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, मैंने उन्हें कोई सोने का आभूषण पहने नहीं देखा और उन्हें उनमें कोई दिलचस्पी नहीं है। पहले की तरह वह आज भी अपने छोटे से कमरे में बेहद सरल जीवनशैली जीती हैं।

**वर्तमान घटनाक्रमों की जानकारी रखना**

पीएम मोदी ने कहा कि वह दुनिया में होने वाले घटनाक्रमों की जानकारी रखती हैं। उन्होंने अपने ब्लॉग में बताया, हाल में, मैंने उनसे पूछा कि वह रोजाना कितनी देर टीवी देखती हैं। उन्होंने बताया कि टीवी पर ज्यादातर लोग एक दूसरे से लड़ने में व्यस्त रहते हैं और वह सिर्फ उन्हें ही देखती हैं जो शांति से समाचार पढ़ते हैं और हर बात विस्तार से बताते हैं। मुझे सुखद आश्चर्य हुआ कि मां घटनाओं पर इतनी नजर रखती हैं।

**इतनी उम्र के बावजूद अच्छी स्मरण शक्ति**

पीएम मोदी ने 2017 की एक अन्य घटना के बारे में बताया, जिससे उनकी ज्यादा उम्र के बावजूद सतर्कता का पता चलता है। 2017 में, पीएम मोदी सीधे काशी से अपनी मां से मिलने गए और उनके लिए प्रसाद लेकर आए। पीएम मोदी ने कहा, जब मैं मां से मिला, तो उन्होंने मुझसे तत्काल पूछा कि क्या मैंने काशी विश्वनाथ महादेव को नमन किया। मां अभी तक पूरा नाम- काशी विश्वनाथ महादेव बोलती है। उस समय बातचीत के दौरान, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या काशी विश्वनाथ मंदिर जाने वाली गलियां पहले जैसी हैं, मानो मंदिर किसी के घर के अंदर कोई मंदिर हो। मैं आश्चर्यचकित रह गया और पूछा कि आप कब मंदिर घूमने गई थीं। उन्होंने बताया कि वह काशी कई साल पहले गई थीं, लेकिन आश्चर्य की बात थी कि उन्हें सब कुछ याद था।

**दूसरों की पसंद का सम्मान करना**

पीएम मोदी ने आगे बताया कि उनकी मां न सिर्फ दूसरों की पसंद का सम्मान करती हैं, बल्कि अपनी पसंद थोपने से भी बचती हैं। पीएम मोदी ने बताया, विशेष रूप से मेरे मामले में उन्होंने मेरे फैसलों का सम्मान किया, कभी मेरे लिए बाधा खड़ी नहीं की और मुझे प्रोत्साहित किया। बचपन से ही, उन्हें लगता था कि मेरे भीतर एक अलग सोच विकसित हो रही है।

यह पीएम मोदी की मां ही थीं, जिन्होंने उन्हें पूरा समर्थन दिया जब उन्होंने घर छोड़ने का फैसला किया। उनकी इच्छाओं को समझते हुए और उन्हें आशीर्वाद देते हुए, उनकी मां ने कहा, वैसा करो, जैसा तुम्हारा दिल कहता है।

**गरीब कल्याण पर ध्यान**

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी मां ने हमेशा ही उन्हें दृढ़ संकल्प और गरीब कल्याण पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 2001 की एक घटना के बारे में बताया, जब उन्हें गुजरात का मुख्यमंत्री घोषित किया गया था। गुजरात पहुंचने के बाद, पीएम मोदी सीधे अपनी मां से मिलने गए। वह बहुत खुश थीं और उनसे कहा, मैं सरकार में तुम्हारा काम नहीं समझती, लेकिन मैं तुमसे सिर्फ इतना चाहती हूं कि कभी रिश्वत मत लेना।

उनकी मां उन्हें आश्वस्त करती रहीं कि उन्हें कभी भी उनकी चिंता नहीं करनी चाहिए और अपनी बड़ी जिम्मेदारियों का ध्यान रखना चाहिए। जब भी वह फोन पर उनसे बात करते हैं, उनकी मां कहती हैं, कभी कुछ गलत मत करना या किसी के साथ बुरा मत करना और गरीबों के लिए काम करते रहना।

**जीवन का मंत्र- कठोर परिश्रम**

पीएम मोदी ने कहा कि उनके माता-पिता की ईमानदारी और आत्म सम्मान उनकी सबसे बड़ी खूबी है। गरीबी और उससे जुड़ी चुनौतियों के साथ संघर्ष के बावजूद, पीएम मोदी ने कहा कि उनके माता-पिता ने कभी भी ईमानदारी का रास्ता नहीं छोड़ा या अपने आत्म-सम्मान के साथ समझौता नहीं किया। किसी भी चुनौती से उबरने का उनका सबसे प्रमुख मंत्र लगातार कठोर परिश्रम था!

**मातृशक्ति की प्रतीक**

पीएम मोदी ने कहा, मेरी मां के जीवन की कहानी में, मैं भारत की मातृशक्ति की तपस्या, बलिदान और योगदान देखता हूं। जब भी मैं मां और उनके जैसी करोड़ों महिलाओं को देखता हूं तो मुझे लगता है कि भारतीय महिलाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

# मोदी सरकार के आठ वर्ष- बिजली क्षेत्र का कायाकल्प

**यह देखना उपयोगी होगा कि किस प्रकार इस बदलाव को सफल बनाया गया। 2014 में कुल संस्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 2,48,554 मेगावाट थी तथा लोड शेडिंग देश भर में एक नियमित घटना थी। पिछले आठ वर्षों के दौरान, हमें 1,69,110 मेगावाट उत्पादन क्षमता जोड़ी है। अब हमारे पास 400 गीगावाट की कुल संस्थापित बिजली उत्पादन क्षमता है जबकि अभी तक अधिकतम मांग 215 गीगावाट की रही है। एक राष्ट्र एक ग्रिड पिछले 8 वर्षों में, हमने 1,66,080 सर्किट किलोमीटर की ट्रांसमिशन लाइन जोड़ी हैं तथा पूरे देश को एक फ्रीक्वेंसी पर चलने वाले एक एकल विद्युत ग्रिड में एकीकृत कर दिया है। भारतीय ग्रिड अब विश्व के सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। 2014 में अंतर-क्षेत्रीय हस्तांतरण क्षमता 37,950 मेगावाट थी जिसे मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद बढ़ा कर 1,12, 250 मेगावाट कर दिया गया है।**



**श्री आर. के. सिंह**
**केंद्रीय विद्युत एवं नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**



प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में इस सरकार ने बिजली क्षेत्र का पूरी तरह से कायाकल्प कर दिया है। यह देखना उपयोगी होगा कि किस प्रकार इस बदलाव को सफल बनाया गया। 2014 में कुल संस्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 2,48,554 मेगावाट थी तथा लोड शेडिंग देश भर में एक नियमित घटना थी। पिछले आठ वर्षों के दौरान, हमें 1,69,110 मेगावाट उत्पादन क्षमता जोड़ी है। अब हमारे पास 400 गीगावाट की कुल संस्थापित बिजली उत्पादन क्षमता है जबकि अभी तक अधिकतम मांग 215 गीगावाट की रही है। एक राष्ट्र एक ग्रिड पिछले 8 वर्षों में, हमने 1,66,080 सर्किट किलोमीटर की ट्रांसमिशन लाइन जोड़ी हैं तथा पूरे देश को एक फ्रीक्वेंसी पर चलने वाले एक एकल विद्युत ग्रिड में एकीकृत कर दिया है। भारतीय ग्रिड अब विश्व के सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। 2014 में अंतर-क्षेत्रीय हस्तांतरण क्षमता 37,950 मेगावाट थी जिसे मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद बढ़ा कर 1,12, 250 मेगावाट कर दिया गया है। हमारी ट्रांसमिशन लाइन विश्व में सबसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकीयों में से एक 800 केवी एचवीडीसी तैनात करती है और ये दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण ऊंचाई पर स्थित है। उदाहरण के लिए, श्रीनगर-लेह लाइन समुद्र तल से 15000/16,000 फीट की ऊंचाई से गुजरती है। सार्वभौमिक पहुंच हमारी सरकार के सत्ता में आने से पहले, 18,000 से अधिक गांव तथा हजारों बस्तियां बिजली से नहीं जुड़ी थीं। माननीय प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2015 को लालकिले के प्राचीर से 1000 दिनों में प्रत्येक गांव में बिजली पहुंचाने के लक्ष्य की घोषणा की। यह एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि हजारों गांव हिमालयी क्षेत्र की ऊंची पहाड़ियों में स्थित थे, जहां खंबे, कंडक्टर, ट्रांसफॉर्मर आदि को भी टट्टूओं और हेलिकॉप्टर द्वारा ले जाना पड़ता था और सैकड़ों गांव व बस्तियां राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों में थीं। हमने लक्ष्य तिथि से 13 दिन पहले ही अर्थात 987 दिनों में ही इस टार्गेट को पूरा कर लिया। अंतरराष्ट्रीय एनर्जी एजेंसी ने इसे दुनिया भर में 2018 की ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी खबर बताया।

इसके बाद, प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक घर को बिजली से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया। हमने इसे 18 महीने में ही कार्यान्वित कर दिया। कुल 2.86 करोड़ घरों को बिजली दी गई। यह संख्या जर्मनी और फ्रांस की संयुक्त जनसंख्या के बराबर है। जैसाकि अंतरराष्ट्रीय एनर्जी एजेंसी ने बताया, यह विश्व के ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास में इतने कम समय में पहुंच का सबसे अधिक विस्तार था। सभी राज्यों ने प्रमाणित किया कि प्रत्येक इच्छुक परिवार को बिजली दी गई है। इसके बाद, कुछ राज्यों ने बताया कि कुछ घर, जो पहले अनिच्छुक थे, अब उन्होंने बिजली कनेक्शन की इच्छा जताई है। हमने इन घरों को भी जोड़ा तथा सभी राज्यों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि यदि कोई अन्य घर जो ह्वह्व सौभाग्य- सार्वभौमिक पहुंच की योजनाह्व के लॉन्च होने के दिन अस्तित्व में था, और छूट गया था, तो उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। मोदी सरकार की नीति यह सुनिश्चित करने की है कि कोई भी छूट न जाए। वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना हमने अभूतपूर्व पैमाने पर वितरण प्रणाली को मजबूत किया है। हमने 2,01,722 करोड़ रुपये की लागत से सभी राज्यों में वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए योजनाएं लागू की हैं। हमने 2,921 नए सब-स्टेशन जोड़े, 3,926 मौजूदा सब-स्टेशनों को अपग्रेड किया 6,04,465 सर्किट किलोमीटर एलटी लाइनें और 2,68,838 किलोमीटर 11 केवीए एचटी लाइनें डाली/बदली; 1,22,123 सर्किट किलोमीटर के अलग कृषि फीडरों का निर्माण किया; और राज्यों की वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए 7,31,961 ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए। इसके आश्चर्यजनक परिणाम निकले। ग्रामीण इलाकों में 2015 में बिजली की औसत उपलब्धता 12 घंटे थी- आज यह 22 ०घंटे है। शहरी इलाकों में औसत 23०घंटे है। डीजी सेटों का बाजार अब खत्म हो गया है। ऊर्जा परिवर्तन हमारी सरकार को पर्यावरण की चिंता है। 2015 में, प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 तक 175 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य की घोषणा की। दो साल के कोविड/लॉकडाउन के बावजूद, आज हमने 158 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित की हैझ्र 54 गीगावाट स्थापित होने की प्रक्रिया में है। हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अक्षय ऊर्जा क्षमता वाले देश के रूप में उभरे हैं। हमें अक्षय ऊर्जा में निवेश के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक केन्द्र का भी दर्जा मिला है। दुनिया में प्रत्येक प्रमुख राशि हमारे हरित ऊर्जा कार्यक्रम में निवेश की जा रही है। सीओपी-21 में, हमने प्रतिज्ञा की थी कि 2030 तक, हमारे बिजली उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से आएगा। हमने इस लक्ष्य को नवम्बर 2021 में हासिल कर लिया है- जो हमारे लक्ष्य की तारीख से पूरे 9 साल पहले है। अब हमारा लक्ष्य हर घर में रूफ टॉप लगाने और हर सिंचाई पंप को सौर ऊर्जा से चलाने लायक करने का है। इसी प्रकार हम उत्सर्जन में कमी लाने के एक मिशन में लगे हैं। हमने पेरिस में सीओपी-21 में प्रतिज्ञा की थी कि 2030 तक हम अपनी अर्थव्यवस्था की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर की तुलना में 33 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक कम कर देंगे। हम पहले ही 30 प्रतिशत कटौती के लक्ष्य तक पहुंच चुके हैं। हमारा उजाला कार्यक्रम दुनिया का सबसे बड़ा एलईडी कार्यक्रम है और इसके परिणामस्वरूप कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन में प्रति वर्ष 106 मिलियन टन कमी आई है। हमारे पास अपने उद्योग में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और उत्सर्जन को कम करने के लिए कार्यक्रम हैं - कार्यक्रम को प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि ऊर्जा दक्षता में वृद्धि उत्सर्जन में कमी लाती है। इसके परिणामस्वरूप कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन में प्रति वर्ष 103 मिलियन टन कमी आई है। हमारे पास एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर आदि जैसे उपकरणों के लिए एक ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम है - जिसे स्टार रेटिंग प्रोग्राम कहा जाता है जिसमें हम उपकरणों की उनकी ऊर्जा दक्षता के आधार पर वन स्टार से फाइव स्टार तक रेटिंग करते हैं। इसके परिणामस्वरूप कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन में प्रति वर्ष 53 मिलियन टन की कमी आई है। हमने वाणिज्यिक भवनों की ऊर्जा दक्षता के लिए ऊर्जा संरक्षण भवन कोड नामक एक कार्यक्रम और भवनों के निर्माण के लिए इको निवास संहिता नामक एक कार्यक्रम तैयार किया है।

उपरोक्त कदमों के परिणामस्वरूप, हम एकमात्र जी-20 राष्ट्र और एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं, जिनके ऊर्जा परिवर्तन कार्य वैश्विक तापमान में 2 डिग्री से कम वृद्धि के अनुरूप हैं। दुनिया के इतिहास में परिवर्तन का पैमाना बेजोड़ है। चूंकि हमने अपने एनडीसी लक्ष्यों को पहले ही हासिल कर लिया है, हमने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता स्थापित करने का संकल्प लेते हुए सीओपी-26 में अपने लक्ष्यों को बढ़ा दिया है।

# भारत को खाड़ी देशों के साथ अपने हित बचाने होंगे

डॉ.अजीत रानाडे

ओआईसी और जीसीसी के राजनयिक आक्रोश का एक और निहितार्थ है जिसका भारत को आकलन करना चाहिए। भू-राजनीति में नैतिकता का मुद्दा विवादग्रस्त है और इसे हल नहीं किया जा सकता है पर भारत के निजी हितों का मुद्दा बहुत प्रासंगिक है। यह राजनयिक अच्छाइयों को देखने का एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है। भारत कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ने का खतरा नहीं उठा सकता। इस्लामिक सहयोग संगठन (आर्गनाईजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन-ओआईसी) सचिवालय ने पैगंबर मोहम्मद पर भारत की सत्तारूढ़ पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के दो प्रवक्ताओं की टिप्पणियों की निंदा और भर्त्सना की है। ओआईसी के बयान में भारत में इस्लाम के खिलाफ नफरत और अपमान की बढ़ती घटनाओं का भी जिक्र किया गया है। 1969 में स्थापित ओआईसी में 57 सदस्य देश हैं जिनमें से सभी में मुस्लिम बहुसंख्यक आबादी है। 20 करोड़ से अधिक मुसलमान होने के बावजूद भारत, इस संगठन का सदस्य नहीं है। यहां तक कि उसे पर्यवेक्षक का दर्जा भी नहीं है। इंडोनेशिया के बाद भारत ही विश्व में ऐसा देश है जहां दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। ओआईसी के बयान को भारत सरकार ने खारिज कर दिया है और कहा है कि दो व्यक्तियों के विचार, सरकार या भारत के लोगों के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ओआईसी के संयुक्त बयान के साथ ही ओआईसी के कई सदस्यों ने अपने-अपने देशों में भारतीय राजदूतों को तलब करते हुए अपनी निराशा व्यक्त की और मोहम्मद पैगंबर के बारे में दिए बयानों की निंदा की। भारतीय दूतावासों ने जवाब में सरकार के रुख को दोहराते हुए बचाव किया। कतर और कुवैत ने भारतीय राजदूतों को तलब किया है। ये दोनों देश छह सदस्यीय गल्फ कोऑर्डिनेशन काउंसिल (जीसीसी) का भी हिस्सा हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि जीसीसी के दो अन्य सदस्यों- बहरीन और ओमान ने भाजपा के दोनों प्रवक्ताओं के खिलाफ सरकार और पार्टी द्वारा उठाए गए उपायों की सार्वजनिक रूप से सराहना की। इन दोनों देशों की कार्रवाइयों से कम से कम यह पता चलता है कि जीसीसी या वास्तव में ओआईसी के सभी सदस्यों में भारत को राजनयिक रूप से घेरने के लिए आम सहमति नहीं हैं। इसमें कोई शक नहीं कि इस घटना से सरकार को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है और इसीलिए दोनों प्रवक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। केवल ओआईसी के कारण ही नहीं बल्कि अमेरिका सहित अन्य देशों की टिप्पणियों ने भी भारत को बैकफुट पर ला दिया था। अंतरराष्ट्रीय हंगामे के बीच देश में विरोध, हिंसा और पुलिस कार्रवाई की लहर है जो कभी-कभी काफी क्रूर होती है और सिरदर्द व शर्मिंदगी का स्रोत बन जाती है। भाषण की स्वतंत्रता, चयनात्मक आक्रोश, ईश निंदा और बहुसंख्यकवादी राजनीति के मुद्दों पर देश दो (या शायद तीन) शिविरों में कट्टरता के साथ बंटा और उलझा हुआ है। विषय पर संवाद और बारीकियों के लिए रिक्त स्थान तेजी से सिकुड़ रहा है। भले ही ये शब्द अब निराशाजनक रूप से आदर्शवादी लगें लेकिन यह सामाजिक एकता, सद्भाव और सामंजस्य के लिए अच्छे संकेत नहीं देता है। लोकतंत्र और कुछ भी नहीं बल्कि एक निरंतर संवाद तथा राजकीय सत्ता और उसके बंटवारे की बातचीत है। फिर भी उस वातालांप के दौरान कुछ लिखित और अलिखित मानदंडों का सम्मान करना चाहिए और बातचीत हमेशा सभ्य, अहिंसक, संविधानवाद का सम्मान करते हुए होनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सुबह से ही हो रही बारिश से मौसम हुआ खुशगवार

नजीबाबाद। नगर में सुबह से ही हो रही बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है तथा आमजन को तेज गर्मी से निजात मिली। लोगों ने ऊपर वाले का धन्यवाद किया। शुक्रवार को जिले में अधिकतम तापमान 30.2 और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा। बीती रात से ही आसमान में काले बादल छा गए थे और कुछ कुछ तेज हवा से मौसम खुशगवार हो गया था। शनिवार की सुबह सवेरे आसमान में एक बार फिर काले बादल छाए गए और बूंदाबांदी शुरू हो गई और फिर कुछ देर के लिए तेज बारिश पड़नी शुरू हो गई। बारिश होने से मौसम ने करवट ली और गर्मी से इंसानों और पशु पक्षियों को राहत मिली। करीब दस बजे तक बारिश होती रही।

### पुलिस ने दबोचे तीन बदमाश

किरतपुर। शनिवार को थाना किरतपुर पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों सोनू पुत्र सतवीर सिंह व सानी सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह व सत्यवीर सिंह पुत्र सलेखु सिंह निवासीगण ग्राम इस्लामपुर साहू थाना किरतपुर जनपद बिजनौर को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक

स्योहारा। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल व कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### अलीना परवीन ने हाईस्कूल में किया जनपद में टॉप

बिजनौर। झालू जी.जी.आई.सी. की छात्रा अलीना परवीन पुत्री मास्टर लतीफ अहमद मौहल्ला कानूनगोयान कस्बा झालू की बेटी ने जिला बिजनौर की यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 2022 मे 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। अलीना परवीन और उनके परिवार को शुभचिंतकों व मिलने जुलने वालों की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही हैं। गौरतलब है कि अलीना परवीन पढाई में शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है।

### भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

बिजनौर। तेज हवा के साथ हुई बारिश से भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत किसानों की फसलों के लिए अमृत बनकर बारिश बरस रही है जनपद बिजनौर में भीषण गर्मी और सूखे की मार झेल रहे किसान और लोगों ने तेज हवा के साथ हुई बारिश से ली राहत की सांस और बिजनौर आसपास के इलाकों मे जोरदार बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं सूखे के कारण किसानों की फसलें सूख रही थी और फसल सूखने के कारण किसानों का काफी नुकसान हो गया है तो वही जिले भर की जनता को भीषण गर्मी से राहत भी मिली है गन्ना और धान की फसलों के लिए अमृत बनकर बरस रही बारिश ग्रामीण और शहरी इलाकों में तेजी से गिर रहा था हैंडपंपों का जलस्तर कई गांव झेल रहे थे सूखे की मार बारिश होने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आई।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ आप ने किया प्रर्दशन, सौंपा ज्ञापन

## देश के युवाओं के भविष्य को प्राइवेट कंपनीयों के हाथों में देने चाहती है भाजपाःरूपचंद

**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**



हाल ही मे केंद्र की मोदी सरकार द्वारा युवाओं को नई नौकरी के लिए लाई गई योजना अग्निपथ के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्याकताओं ने जिलाध्यक्ष रूपचंद चौहान के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रर्दशन करते हुए निरस्त करने की माँग की।इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी को सौंपा।उक्त ज्ञापन में आप कार्याकताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के रक्षकों को ह्लवन रैंक वन पेंशनह्व का वादा किया था और दिया क्या ह्लनो रैंक नो पेंशनह्व जिससे देश के युवाओं में इस योजनाओं के खिलाफ भारी रोष है।और आम आदमी पार्टी भी युवाओं के समर्थन में है और मोदी सरकार से इस योजना को निरस्त करने की माँग करती हुए।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में 4 साल के लिए सैनिकों की भर्ती के लिए लायी गयी अग्निपथ योजना से देश की युवाओं मे भारी आक्रोश हैं। मात्र 4 वर्षों के लिए सैनिकों की भर्ती वास्तव में सैन्य भर्ती न होकर एक सिक्योरिटी गार्ड ट्रेनिंग सेंटर होकर रह जायेगी। क्योंकि 4 साल तक सेना में रहने के बाद युवा या तो किसी प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करेगा या फिर बेरोजगारी की मार से आत्महत्या करने को मजबूर होगा। सेना भर्ती की तैयारी के लिए बहुत से सैनिक 4 साल तैयारी करने में लगा देते हैं। सरकार ने यह कदम जानबूझकर देश के युवाओं के भविष्य को प्राइवेट कंपनीयों के हाथों में देने के लिए उठाया है। सरकार जानबूझकर इन निजी कंपनियों को फायदा पंहुचा रही है। इस वजह से सभी देशभक्तों की भावनाओं को चोट पंहुची है। हमारी सेना भारत की शान है जो भारत के हर व्यक्ति के लिए गर्व है। ऐसे में सिर्फ प्राइवेट कंपनियों को फायदा पंहुचाने के लिए देश की सेना के साथ खिलवाड़ करना पूरी तरह से देश के खिलाफ काम करना है।सरकार का यह कुतर्क देश के सभी नौजवानों और देशभक्तों का मजाक बना रहा है। भारतीय सेना अपने जांबाज सिपाहियों के लिए देश की सेवा और मातृभूमि की सुरक्षा करने का एक सशक्त माध्यम है। इसी देशभक्ति और मातृभूमि की रक्षा के लिए सैनिक हर क्षण अपनी जान न्यौछावर करने को तैयार रहते हैं लेकिन आपके फैसले ने सैनिकों की इस भावना और जज्बे को रौंदते हुए मातृभूमि की रक्षा के कर्त्तव्य को सिर्फ 4 वर्षों की कॉन्ट्रेक्ट आधारित नौकरी बनाकर रख दिया। यह एक घोर अपमानजनक कदम है। जिस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।इस मौके पर मोहम्मद आमिर,शेख मोहम्मद रिजवान, रियाज अहमद, अमर सिंह खागी, मुजीब खान, फैसल खान, हारीस मंसूरी, चौधरी शकील,भारत सिंह, तंजीम हुसैन, भवानी सिंह, जसवीर सिंह,अफसर अली, नगमा सलमानी, सुरेंद्र सिंह, राहिल चौधरी, नदीम, रजत शर्मा, इकराम, राजीव यादव, प्रदीप सिंह विर्क, सुखविंदर सिंह मान, शाहिद हुसैन, इसरार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अग्निपथ के विरोध की सूचना पर दौड़ी पुलिस

बछरायूं/धनौरा। सरदार भगत सिंह स्टेडियम में दौड़ लगाने आए युवकों के अग्निपथ का विरोध किए जाने की सूचना से पुलिस-प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। आनन फानन खुद सीओ मौके पर पहुंचे। मौजूद युवकों के किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन से इनकार किए जाने की जानकारी पर अफसरों ने राहत की सांस ली।सेना में भर्ती को लेकर लागू की गई भारत सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर देशभर में विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस-प्रशासन भी इसको लेकर अलर्ट मोड पर है। शनिवार को स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवा अग्निपथ के विरोध को लेकर सरदार भगत सिंह स्टेडियम में जमा है। सूचना पर सीओ अरुण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दौड़ लगा रहे युवाओं से वार्ता की। युवाओं ने योजना को लेकर किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन किए जाने से इनकार किया। सीओ के मुताबिक युवाओं ने अग्निपथ योजना को लेकर किसी तरह का विरोध प्रदर्शन नहीं किया है। उन्हें योजना के लाभ की जानकारी देते हुए भविष्य में भी किसी बहकावे में नहीं आने के लिए प्रेरित किया गया है। इस दौरान थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक बछरायूं अमर सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

## सैदपुर इम्मा के लोगों को मिलेगी जलभराव की समस्या से निजात : फुरकान अहमद



**नौगावां सादात, प्रात : किरण संवाददाता**

निवर्तमान जिलापंचायत सदस्य/पूर्व नौगावां विधानसभा बसपा प्रत्याशी फुरकान अहमद ने अपने पैतृक गांव सैदपुर इम्मा में जिला पंचायत निधि से 25 लाख रुपये में 600 मीटर तैयार किया गया नाले का उद्घाटन किया।इस दौरान ग्रामीणों ने फुरकान अहमद का फुल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।फुरकान अहमद ने कहा कि अब सैदपुरा इम्मा के ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से नहीं झूझना पड़ेगा।गैरतलब है कि शनिवार को बसपा के वरिष्ठ नेता, निवर्तमान जिलापंचायत सदस्य/पूर्व नौगावां विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी फुरकान अहमद ने नौगावां विधानसभा/जिलापंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर चार के गांव सैदपुर इम्मा में 25 लाख रुपए की लागत से तैयार 600 मीटर नाले का उद्घाटन करते हुए कहा कि मेरी मुख्य प्राथमिकता अपने क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास करने के लिए रही है।मैंने अपने जिलापंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर चार के 52 गावों मे बिना भेदभाव के एक सम्मान विकास किया।मेरे क्षेत्र का कोई भी गांव ऐसा नहीं है जहाँ मैन काम नहीं किया हो। और प्रत्येक गांव के लोगों का मुझे आशिर्वाद भी प्राप्त हुआ है।जिसको मै कभी भुला नहीं सकता।आज मैने अपनी जिला पंचायत निधि से तैयारी नाले का उद्घाटन किया है।जोकि पिछले कई महिनों से तैयार था।लेकिन किसी कारणवश उद्घाटन नहीं हो सका।इसलिए आज किया गया है।इससे सैदपुर इम्मा के लोगों को जलभराव से निजात मिलेगी,और 60 मीटर नाले का निर्माण होना बाकी रहा है जिसको जल्द पूरा किया जाएगा। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### झमाझम बारिश ने दिलाई उमस भरी गर्मी से राहत

अमरोहा। शनिवार सुबह से आसपास क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। उमस भरी गर्मी से आमजन को राहत मिली है। बारिश के साथ तेज हवा चलने से तापमान में भी गिरावट आई है। मौसम सुहावना बना है। उधर, सूखे की मार झेल रहे किसानों के चेहरे बारिश के बाद खिले हैं।शनिवार सुबह मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। दिन में अंधेरी देकर बादल छा गए। कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। अमरोहा व आसपास क्षेत्र में रुक-रुक कर हल्की बारिश जारी है। आसमान में बादल छाए हैं। तेज हवा चल रही है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अधिक्तम तापमान सात डिग्री सेल्सियस घटकर 35 पर पहुंच गया है। सूखे की मार झेल रहे किसानों को बारिश से बड़ी राहत मिली है। बरसात के अभाव में फसलें प्रभावित हो रही थी। किसानों का कहना है कि बारिश फसलों के लिए संजीवनी बनकर आई है। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह के मुताबिक जिले में अगले तीन दिन बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

## अग्निपथ को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस आर्मी प्रैक्टिस ग्राउंड में बढ़ाई सुरक्षा



**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**

देश के कुछ हिस्सों में अग्निपथ को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अमरोहा में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस-प्रशासन प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे है। इसी के चलते एसपी विनीत जायसवाल ने खेल के मैदान में जाकर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से उनकी समस्याएं सुनी। अग्निपथ योजना के बारे में उन्हें विस्तार से बताया। साथ ही किसी बहकावे में न आने की बात कहते हुए भर्ती की तैयारी करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन का दौरा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।साथ ही उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया।उन्होंने कहा की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी हमारी पूरी नजर है। जनपद में कहीं भी माहौल खराब ना हो इसके लिए हम पूरी तरह अलर्ट पर हैं। साथ ही बताया कि जिन स्थानों पर युवा सेना में भर्ती होने के लिए प्रैक्टिस कर रहे हैं, वहां निगरानी बढ़ा दी गई है। सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को प्रैक्टिस करा रहे संचालकों से युवाओं को समझाने की अपील की जा रही है। वह किसी भी तरह का विरोध-प्रदर्शन न करें।

### तिगरी गंगा धाम पर शिक्षकों ने किया योगाभ्यास



गजरौला। शनिवार सुबह अमृत योग सप्ताह के तहत तिगरी गंगा धाम में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के संयोजन में योगाभ्यास शिविर आयोजित किया गया। बीएसए चंद्रशेखर समेत शिक्षकों एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। योग प्रशिक्षकों ने योगासनों का अभ्यास कराने के साथ ही उनके महत्व की जानकारी भी दी। सीडीओ ने सभी नागरिकों से अपने आसपास आयोजित हो रहे सामूहिक योग आयोजनों संग जुड़ने की अपील की। कहा कि मौजूदा भागदौड़ भरी जिंदगी में योग मन शांति के साथ ही तन की स्वस्थता के लिए बेहद जरूरी है।

## अग्निपथ योजना के संबंध में बैठक आयोजित

**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**




जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा अभी हाल ही में लायी गयी अग्निपथ योजना/अग्निवीर के संबंध में कलेक्ट्रेट में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनपद के भूतपूर्व सैनिकों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी ने अग्निपथ योजना के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेना की भर्ती परीक्षाओं से सम्बंधित छात्रों को समझाया जाय, कि अग्नीपथ योजना जो केंद्र सरकार द्वारा लाई गई है यह सेना की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बहुत ही लाभकारी हैं।इस योजना के तहत अग्निवीर को 4 साल की देश सेवा करने के उपरांत जो धनराशि मिलेगी।उससे अन्य व्यवसाय भी कर सकेंगे।इसके अतिरिक्त अग्नि वीरो को अन्य कई सेवाओं में चयन के समय प्राथमिकता दी जा सकती है।उन्होंने कहा कि यदि छात्र कोई माँग अन्य सुझाव देना चाहते हैं तो वह ज्ञापन के रूप में जिलाधिकारी व उनके अधीनस्थ अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं।ताकि आपकी बात को उच्च स्तर पर पहुंचाया जा सके और उच्चाधिकारियों द्वारा युवाओं के हित मे निर्णय लिया जा सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भगवान शरण,अपर पुलिस अधीक्षक,उपजिलाधिकारी अमरोहा, क्षेत्राधिकारी अमरोहा सहित अन्य अधिकारी व जनपद अमरोहा के भूतपूर्व सैनिक जिसमेंपूर्व सैनिक श्री अमित कुमार, श्री मेहकार सिंह, हवलदार रविंद्र, नायक सेदुल्ला,कैप्टन इंद्रपाल सिंह, हवलदार राम अवतार सिंह, सूवेदर मेजर देवेश सिरोही, कैप्टन हनीफ अहमद, हवलदार नबी हुसैन,वरिष्ठ सहायक सैनिक कल्याण विभाग खेमचंद, सूबेदार प्रकाश सिंह कल्याण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

अमरोहा। हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अमृत योग सप्ताह के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ रिजवाना कुलसुम ने योगासनों को जानकारी देने के साथ ही उनके महत्व से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मौजूदा भागदौड़ भरी जिंदगी में योग मन शांति के साथ ही तन की स्वस्थता के लिए बेहद जरूरी है। छात्राओं को योग से होने वाले फायदे भी बताए। उन्होंने योग को जीवन उपयोगी भस्त्रिका, अनुलोम, विलोम, कपाल, भांति, आहार-विहार जैसे योग का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने अन्य छात्राओं को भी योगा करने के लिए प्रेरित किया जाये।ताकि बीमारी कम हो और सभी को स्वास्थ्य लाभ मिले।कहा कि योगा करने से शरीर की हिड्डयों, फेफड़े, यकृत, मस्तिष्क तथा गुर्दे आदि का व्यायाम होता है।इससे शरीर में रत्तफ संचार नियमित रूप से होता है।योगासन करने से शुद्ध वायु फेफड़ों में जाती है और जीवन शत्तिफ बढ़ाती है।योगासन करने से कब्ज दूर होती है और स्मरण शत्तिफ बढ़ती है। योग करने से रत्तफ प्रवाह संतुलित तरीके से होता है।

## ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी से नाले की सफाई अभियान चलाया गया



**नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**

ग्रामीणों की परेशानी को संज्ञान में लेकर ग्राम प्रधान ने खलिया व नाले की सफाई कराने का कार्य शुरू कराया जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, बता दे तहसील क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर सादात जोगीरमपुरी में ग्राम प्रधान पति हाफिज हारून द्वारा सफाई अभियान चलाया जिसमें खसरा संख्या 230 के खलिया व नाले में सफाई का कार्य शुरू किया गया। काफी सालों से नाले में गंदगी अटी पड़ी थी तथा खलिया जो ग्राम समाज में है आज ग्राम प्रधान पति हाफिज हारून द्वारा जेसीबी के माध्यम से सफाई अभियान चलाया। हाफिज हारून ने जानकारी देते हुए बताया की नाले में काफी गंदगी हो रही थी जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे और इस गंदगी की वजह से बच्चे बीमारी की चपेट में आ रहे थे। आगे उन्होंने बताया की इसके अलावा बरसात शुरू हो चुकी है और गंदे नाले की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि पूरे गांव का पानी खलिया व नाले में जाता है जिसकी लंबाई लगभग 1 किलोमीटर है इन सब परेशानियों से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील नगीना मे आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता**



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अधिकारियो से कहा कि वह प्राप्त शिकायती व प्रार्थना पत्रो का गुणवत्तापरक ढंग से समयबद्वता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंने कहा कि आवेदक की संतुष्टि भी आवश्यक है इसलिए निस्तारण उपरान्त उससे दूरभाष पर वार्ता कर उसकी संतुष्टि भी जाने। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आशय सम्पूर्ण समाधान से है, इसको अधिकारी ध्यान मे रख कर कार्य करें। इस अवसर पर 44 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमे से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष के समयसीमा के अर्न्तगत निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। तहसील नगीना मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं मे है इसलिए निस्तारण मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर रामप्रसाद सिंह ग्राम परमानन्दपुर गॉवडी तहसील नगीना के द्वारा शिकायत की गयी की प्रतिपक्षी के बैंक में जो उसने अपने घर पर बैंक खोल रखा था। शिकायत कर्ता ने उस बैंक मे एफ0डी0 की थी। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्षी उनके पैसे लौटाने से मना कर रहा है और कह रहा है कि कम्पनी अपना कार्यालय बन्द कर के चली गयी है। इस पर जिलाधिकारी ने एस0ओ नगीना देहात को आवश्यक कार्यवाही कर एक सप्ताह मे आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जगप्रीत सिंह ने नगीना बढापुर मार्ग पर ई-रिक्शाओं के अवैध संचालन की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी पुलिस नगीना को आवश्यक कार्यवाही कर एक सप्ताह मे आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## सरताज आलम के सर बंधा मुस्लिम कमेटी का ताज, हबीब अहमद चुने गए महामंत्री



**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**

मुस्लिम कमेटी के चुनाव को लेकर छिड़ी बहस पर शनिवार को विराम लग गया। सर्वसम्मति से सरताज आलम मंसूरी को अध्यक्ष व हबीब अहमद एडवोकेट को महामंत्री चुन लिया गया। विधायक महबूब अली के आवास पर नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।बीते दिनों मुस्लिम कमेटी अध्यक्ष नसीम अहमद खां ने स्वास्थ्य कारणों के चलते पद से इस्तीफा दे दिया था। मुशाहिद अली अब्बासी को कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी गई थी। इसके बाद मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई थी। शनिवार को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। सरताज आलम मंसूरी को अध्यक्ष व हबीब अहमद एडवोकेट को महामंत्री बनाया गया। नईम उल हक को उपाध्यक्ष व कमर नकवी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद विधायक महबूब अली के आवास पर नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। इस दौरान हाजी खुर्शीद अनवर, हाजी नसीम खां, इकरार अंसारी, हाजी नासिर सिद्दीकी, कौसर अब्बासी, आसिफ कुरैशी, रोमी शफात, मंसूर अहमद एडवोकेट, अली इमाम रिजवी, निराले मियां अंसारी, अब्दुल कय्यूम रायनी, यासिर अंसारी, सादिक नबी, मरगूब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर में पैदल मार्च किया

**नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



बीती देर शाम नगर में पुलिस अधीक्षक डा० धर्मवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल मार्च किया। डा० धर्मवीर सिंह ने जनपद बिजनौर का चार्ज संभालने के बाद अपराध और अपराधियों को फोकस करके ऐसे असमाजिक तत्वों से जनपद को साफ करना उनका उद्देश्य रहा जिस पर वह लगातार अमल करते नजर आते हैं। उन्होंने अपराध को रोकने के लिए जनपद के कई शहरों, कस्बों और गावों में कई पुलिस चैकियां स्थापित कर अपराधियों को कडा संदेश दे दिया है। उनके द्वारा जनपद की पुलिस को समय समय पर शहर कोतवाल और क्षेत्र अधिकारियों को निर्देशित कर फ्लैग मार्च किया जाता है जिससे जनपद

वासियों को काफी हद तक अपराध, अपराधियों और शरारती तत्वों के तांडव से निजात भी मिली है, और उनके अंदर भय भी उत्पन्न हुआ है! पैदल मार्च का उद्देश्य शहर में शांति व्यवस्था को बनाए रखना है।इस अवसर पर डॉ धर्मवीर सिंह ने कहा कि जनपद में अपराध और अपराधियों पर पुलिस अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी हाल में अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा! उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार की और कोई भी आपत्तिजनक धार्मिक,व भड़काऊ पोस्ट करने या उसे शेयर करने से बचें ताकि किसी की धार्मिक भावनाओं या आस्था को ठेस न पहुंचे और यदि ऐसा कोई करता है तो उस पर शासन प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें तथा शासन प्रशासन का सहयोग करने में मदद करें।

## धामपुर से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ किसानों का एक जत्था



**धामपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

बृहस्पतिवार को हरिद्वार में चल रहे राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए दर्जनों की तादात में धामपुर के किसान कविराज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर हरिद्वार के लिए निकल पड़े हैं। सभी किसान अपने साथ खाने पीने का सामान भी लिए हुए हैं। 3 दिन तक चिंतन शिविर के दौरान हर खाद्य प्रदार्थ की सामग्री अपने साथ लिए हुए है। भाकियू का यह चिंतन शिविर किसान महाकुम्भ के रूप में देखा जा रहा है। इस महाकुम्भ में यूपी, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब आदि राज्यों से किसान पहुचेंगे। इसी क्रम में कविराज सिंह ने बताया कि हरिद्वार में किसानों के मुद्दों को लेकर तीन दिन का राष्ट्रीय चिंतन शिविर आज से शुरू हो रहा है। इस 3 दिन के चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए धामपुर से दर्जनों की तादात में किसान ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर हरिद्वार रवाना हो गए है किसान अपनी मांगे पूरी करके रहेगा रवाना हुए जत्थे में राजेन्द्र सिंह , महेंद्र पाल सिंह , विजय कुमार जैन ,धर्म वीर , महिपाल सिंह, अजय सिंह ,सतीश शर्मा ,राम कुमार ,गजेंद्र सिंह ,रूपेश ,रूपेश खन्ना , राजेन्द्र सिंह , अशोक कुमार , नरेंद्र सिंह , आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच कोतवाल के नेतृत्व में क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हुई जुमा की नमाज

**अफजलगढ़, प्रात : किरण संवाददाता**



कड़ी सुरक्षा के बीच कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में अफजलगढ़ क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हुई जुमा की नमाज। इस दौरान जुमा नमाज की बाद मुफ्ती नईम ने दुआं की और मुल्क की खुशहाली को एक साथ उठे हजारों हाथ पुलिस-प्रशासन ने ली राहत की सांस वहीं तीन और दस जून को जुमा की नमाज के बाद बवाल को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। शुक्रवार को जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्घ्न हो गई। कस्बा अफजलगढ़ के साथ ही कासमपुरगढ़ी, सीरवासुचंद, मानियावाला, हिदायतपुर चैहड़वाला, सुआवाला तथा जिक्रीवाला अन्य गांवों में पुलिसबल मस्जिदों के बाहर तैनात रहा। सीओ अफजलगढ़ अतुल प्रधान,कोतवाल मनोज कुमार सिंह,एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा तथा कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संवेदनशीलता को देखते सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने माहौल शांतिपूर्वक बनाए रखने के लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं सहित मुस्लिम नेताओं से सहयोग मांगा था। इसका भी असर दिखा। दोपहर एक बजे जामा मस्जिद पर नमाज अदा की गई। साथ ही अन्य मस्जिदों में भी शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। इस दौरान मुफ्ती नईम ने जुमा नमाज की बाद दुआं की और मुल्क की खुशहाली को एक साथ उठे हजारों हाथ और मुल्क में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर दुआं की जुमा नमाज के बाद नमाज के बाद सभी नमाजी अपने-अपने घर चले गए। कहीं भी कोई प्रदर्शन जैसी स्थिति नहीं बनी। इससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान जुमा नमाज अदा करने के बाद पूर्व विधायक शेख सुलेमान ने सभी मुस्लिम भाईयों से अपील करते हुए कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और उन्होंने बताया कि हिन्दुस्तान के किसी भी कोने में कुछ भी हुआ हो लेकिन अफजलगढ़ क्षेत्र में कुछ नहीं हुआ है और पुलिस प्रशासन को यकीन दिलाते हुए कहा की अफजलगढ़ की अवाम इसी तरह से मिलजुलकर के हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सब भाईचारे के साथ रहेंगे और अमन और शुकून कायम रखने का भरोसा दिलाया और उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमारे पड़ोसी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की योजना बनाते पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संभल। असमोली थाना पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते पांच अभियुक्त गिरफ्तार चोरी की एक मोटरसाइकिल दो स्कूटरी आदि बरामद असमोली थाना पुलिस द्वारा 18.6.2022 की रात्रि में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नूरी चौराहा ग्राम ओबरी से पांच अभियुक्तगणों सालिम पुत्र साकिल निवासी ग्राम ओबरी थाना असमोली तन्जीम पुत्र जमील ग्राम ओबरी थाना असमोली जुनेद पुत्र जमील निबासी ग्राम ओबरी थाना असमोली इमरान पुत्र सगीर निवासी मौ पीर का बाजार मियां कॉलोनी थाना मझोला जनपद मुरादाबाद शुएब पुत्र छोटे निवासी ग्राम मुण्डी मिल्क थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया इन के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल दो चोरी की स्कूटी एक तमंचा 12 बोर एक जिंदा सचिन कुमार मोनू मलिक अनिल कुमार कुलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर 42 पत्रावलियों को सुनकर 14 का किया निस्तारण

संभल। पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सुबह 10:00 बजे से पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला थाना इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें 42 पत्रावलियों को सुनकर 14 पत्रावलीयो का निस्तारण किया गया काउंसलर टीम ने कड़ी मेहनत करके 6 परिवारों को मिलाने में सफलता हासिल की तथा 1 पत्रावली में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई एवं 7 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन एवं अन्य किसी कारण से बंद करने की संस्तुति की गई इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी उपनिरीक्षक बिन्द्रेशद देवी काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, मल्लिका चौधरी एवं कांस्टेबल विनीता, पूजा, नूतन एवं शहजाद आदि रहे।

### परवेज खान ने सीमा को ब्लड देकर बचाई जान



संभल। मुरादाबाद जिले के रहने वाले हसमत अली की पत्नी की तबीयत खराब होने के बाद मुरादाबाद की एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा जांच करने के बाद ब्लड की मात्रा कम पाई गई। डॉक्टर ने ब्लड का इंतजाम करने को बोल दिया। घर में छोटे-छोटे बच्चे और पति पत्नी रहते हैं पति का ब्लड मैच नहीं हो पाया। तो बहुत परेशान से हुए। तभी यह सूचना मुरादाबाद जिले के रहने वाले अनस पर गई। जो एक ब्लड डोनर ग्रुप संभल में जुड़े हुए हैं। उन्होंने ये सूचना ग्रुप में भेजी। और ब्लड का इंतजाम करने को कहा। तभी यह सूचना संभल जिले के रहने वाले मोहल्ला कोटगर्वी परवेज खान पर गई। उन्होंने बिना देरी किए अपना ब्लड देने क्यों बोल दिया। तब जाकर मरीज के घरवालों ने राहत की सांस ली। जब परवेज से इस बारे में बात हुई तो उन्होंने बताया कि मैं एक अनजान मरीज को ब्लड देने आया हूं। मुझे बड़ी खुशी है कि मेरे खून से किसी की जान बच जाए।

# अग्निपथ योजना के विरोध में भारी उपद्रव, किया पथराव और आगजनी

**जौनपुर, एजेंसी**



अग्निपथ को लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शनिवार को हिंसक हो गया। विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों के जान की परवाह किए बगैर पथराव कर वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र स्थित बरगुदर पुल व लाला बाजार के बीच सवा घंटे तक दो सौ से अधिक युवकों ने जमकर बवाल काटा। सड़क पर लाठी डंडा लेकर उतरे इन युवाओं ने रोडवेज की चार बसों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

एक सबइंस्पेक्टर के बुलेट व कोबरा की एक अपाची बाइक को आग के हवाले कर दिया। पुलिस वालों पर पथराव किया। जिसमें थानाध्यक्ष सिकरारा विवेक तिवारी, सिपाही अंशुमान यादव समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशू नागपाल, एएसपी शैलेन्द्र सिंह के साथ पीएसी के जवानों ने कड़ा रुख अख्तियार किया। जिसके चलते उपद्रव करने वाले खेतों के रास्ते भागने में सफल रहे। मौके से आधा दर्जन से अधिक उपद्रवियों को पकड़ लिया गया। सवा घंटे तक जौनपुर प्रयागराज मार्ग अवरुद्ध रहा। आम राहगिर डर के मारे एक पेट्रोल पंप पर खड़े होकर बवाल के शांत होने का इंतजार करते रहे। साढ़े आठ बजे से शुरू हुआ उपद्रव करीब सवा दस बजे जाकर शांत हुआ।

इसके बाद जौनपुर प्रयागराज मार्ग पर आवागमन चालू हो सका। सिकरारा थाने पर तैनात विजय शंकर यादव की एक माह पहले खरीदी गयी बुलेट को उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। स्थिती को नियंत्रित करते हुए पुलिस वालों ने करीब आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उपद्रव करने वालों में से कुछ के गर्दन पर एक पार्टी के झंडा कलर का गमछा था। जिससे साफ लग रहा था कि कही न कही इस उपद्रव के पीछे एक दल के लोगों का हाथ है। वही दूसरी ओर बदलापुर थाना क्षेत्र के फत्तुपुर, इंदिरा चौक, पुरानी बाजार में करीब दो सौ से अधिक युवा सड़क पर जमकर बवाल किए। पथराव किया।

साथ ही चंदौली डिपो की यूपी 65 एचपी 1738 नम्बर की बस को आग के हवाले कर दिया। राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद तिवारी को जनपद की सीमा पार कराकर लौट रहे सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद यादव व सिपाही राम सुजान यादव गम्भीर रुप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष महराजगंज संतोष कुमार शुक्ल भी पथराव में घायल हो गए। एसओ सिंगरामऊ कमलेश कुमार कन्नौजिया को भीड़ ने घेर लिया। उपद्रवी पथराव कर रहे थे। अपने जान की रक्षा करने के लिए एसओ ने हवा में छह राउन्ड फायर किया। 10.35 बजे डीएम व एसपी अजय साहन मौके पर पहुंच गए थे।

एसडीएम प्रदीप कुमार समेत अन्य पुलिस के अधिकारियों से घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई में जुट गए थे। बदलापुर के इंदिरा चौक से पश्चिम फत्तूपुर गांव के पास पुलिस व उपद्रव कर रहे लोगों के बीच मुठभेड़ हो गयी। एक तरफ से उपद्रव करने वाले पत्थर चला रहे थे तो दूसरी ओर से पुलिस वाले आंसू गैस के गोले के साथ साथ रबड़ वाली बुलेट भी चलाया। साढ़े दस तक स्थिती को सामान्य करने की पुलिस की कोशिश चल रही थी।

### अग्निपथ की आंच चंदौली पहुंची

चंदौली। अग्निपथ योजना को लेकर बिहार से शुरू हुए हिंसक विरोध की आंच शनिवार को जिले में भी पहुंच गयी। अलीनगर थाना क्षेत्र के कुछमन स्टेशन पर जुटे युवकों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्टेशन मास्टर के कार्यालय और केबिन में तोड़फोड़ की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जब उन्हें शांत कराने लगी तो उपद्रवियों ने उन पर भी पथराव किया। पत्थरबाजी में दारोगा सहित दो पुलिस कर्मी भी घायल हैं। हालात बेकाबू होता देखकर पुलिस ने लाठी चलाकर उपद्रवियों को खदेड़ा। ह्यअग्निपथह्व योजना का विरोध करने के लिए शनिवार की सुबह ही भारी संख्या में युवा कुछमन स्टेशन के पास एकत्र होने लगे। लामबंद युवाओं ने मुंह ढककर स्टेशन मास्टर कार्यालय, केबिन और गेट पर पथराव के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। यह देख स्टेशन परिसर में भगदड़ मच गई। सूचना पर वहां पहुंचे तारापुर चौकी इंचार्ज ने मोर्चा संभाला तो युवकों ने उन पर भी पथराव कर दिया। पत्थरबाजी में दारोगा समेत कई पुलिस कर्मी घायल हो गये। तनावपूर्ण स्थिति होने पर मौके पर एसपी अंकुर अग्रवाल, सकलडीहा सीओ और आसपास के थानों की फोर्स वहां पहुच गईं। पुलिस बल प्रयोग कर युवकों को खदेड़ना शुरू किया तो उपद्रवी भाग निकले। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## सीडीओ व एसपी सिटी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना




**नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता**

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ व एसपी सिटी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा उनसे संबंधित अधिकारियों से पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ शिकायतों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को (आज) तहसील के डबाकरा हाल में सीडीओ कांता प्रसाद, एसपी सिटी प्रवीण रंजन दीक्षित ने एसडीएम विजय वर्धन तोमर, सीओ गजेन्द्र पाल सिंह, तहसीलदार प्रीति सिंह की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतों को सुना। मौसम खघ्राब होने के कारण सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादी कम नजर आए। इस मौके पर सीडीओ कांता प्रसाद ने कहा कि फरियादियों की फरियाद का समयबद्ध निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने आगे कहा कि यही नहीं बल्कि समस्या के निस्तारण के बाद भी फरियादी से फीडबैक लें। एसपी सिटी प्रवीण रंजन ने कहा कि जितनी भी शिकायतें लम्बित हैं, उनका तत्काल निस्तारण करें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक रामदर्शन यादव भाजपा में हुए शामिल

**आजमगढ़, एजेंसी**



**आतंकी हमला**

- भारतीय जतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने दिलाई सदस्यता
- रामदर्शन यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में रहे है शामिल

आजमगढ़ में समाजवादी के पूर्व विधायक व प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रामदर्शन यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने मेंहनगर विधानसभा में आयोजित जनसभा में उनको पार्टी की सदस्यता दिलाई।

बताते चलें कि पूर्व विधायक रामदर्शन यादव समाजवादी पार्टी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। वर्ष 1983 में रामदर्शन यादव मुबारकपुर विधानसभा से विधायक चुने गये थे। वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने इनको टिकट न देकर इनके विरोधी अखिलेश यादव यादव को टिकट दे दिया। जिससे नाराज होकर उन्होंने सपा को छोड़ दिया और भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे। मुस्लिम बाहुल मुबारकपुर विधानसभा में रामदर्शन यादव की बदौलत भाजपा को रिकार्ड वोट मिले और कभी चार और पांच नम्बर पर रहने वाली भाजपा दूसरे नम्बर पर पहुंच गयी। हालांकि इस चुनाव वे बसपा के प्रत्याशी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली से मामूल वोटो से हार गये। यही कारण रहा कि समाजवादी पार्टी वर्ष 2012 की आंधी में रामदर्शन यादव के कारण आजमगढ़ जिले से क्लीनस्वीप नहीं कर पाई। इसी बीच वर्ष 2014 में जब लोकसभा चुनाव आया तो सपा सुप्रीमों मुलायम सिंह यादव ने आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़ने आये। इसी समय मुलायम सिंह यादव ने अपने पुरानी साथियों की खोज खबर लेनी शुरू किया तो रामदर्शन यादव से संपर्क साध कर उन्हें मना लिया।

रामदर्शन यादव का कहना है कि सपा सुप्रीमों ने उन्हें एमएलसी बनाने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद रामदर्शन यादव भाजपा का साथ छोड़ पुनः पुराने घर सपा में वापस आ गये। लेकिन मुलायम सिंह यादव ने रामदशर्न यादव को एमलसी नहीं बनाया। यही नहीं रामदर्शन यादव आजमगढ़ जिले के समाजवादी पार्टी में सबसे अधिक 18 वर्षो तक जिलाध्यक्ष के पद पर भी रहे। इस बीच वर्ष 2017 में समाजवादी पार्टी में चल रही उठापटक के बीच वे शिवपाल यादव की प्रसपा में शामिल हो गये। वे पहले प्रसपा के जिलाध्यक्ष और बाद में प्रदेश सचिव बने। लेकिन उनका मोह अब इससे भी भंग हो गया और वे पुनः एक बार फिर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। रामदर्शन यादव की मुबारकपुर में पकड़ काफी मजबूत है। माना जा रहा है कि उनके भाजपा में शामिल होने के बाद मुबारकपुर विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने के साथ ही भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को इसका फायदा मिलेगा।

### मोदी की मां हीरा बेन के दीघार्यु होने के लिए काशी में हवन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन शनिवार को अपने जीवन के 100वें वर्ष में प्रवेश कर गईं। इस खास अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात जाकर मां के पैर धोए और आशीर्वाद लिया। वहीं उनके संसदीय क्षेत्र काशी में भी लोगों ने हवन पूजन कर मां हीराबेन के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन की कामना की। उत्सव सरीखे माहौल में आम लोगों के साथ सामाजिक संगठनों और भाजपा के कार्यकताओं ने भी मंदिरों में पूजा अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां हीरा बेन की फोटो हाथ में लेकर एक-दूसरे को प्रतीक स्वरूप लड्डू खिलाया। इसी क्रम में नमामि गंगे के कार्यकताओं ने दरभंगाघाट पर स्थित हनुमान जी के मंदिर में पूजा पाठ की। गंगा पूजा और हनुमान चालीसा का पाठ कर मां हीरा बेन और प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए कामना की। इसके बाद प्रसाद स्वरूप लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान संगठन के महानगर सह संयोजक शिवम अग्रहरि ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि हमने उस मां के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए प्रार्थना की है जिन्होंने इतने यशस्वी पुत्र को जन्म दिया है।

## सभी विभागों के स्टाफ एवं समाजसेवी नगर पालिका में योग महोत्सव को बनाएं सफल : विनय

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**



प्रशासन एवं नगरपालिका संभल के निर्देशन में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित योग महोत्सव के पांचवें दिन सूर्य नमस्कार कराते हुए इसे संपूर्ण व्यायाम बताया गया। तथा 21 जून को योग दिवस विशालतम रूप से दिव्यता और भव्यता के साथ मनाने की रूपरेखा तय की गई। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष चरन सिंह भारती, जय बहादुर मौर्य, राजेश यादव, मोहित चौहान, कमल दिवाकर आदि अतिथियों ने संयुक्त रुप से भारत माता एवं महर्षि पतंजलि के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया। योगाचार्य संजीव भारद्वाज तथा सुखबीर सिंह का हिंदू जागृति मंच के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने तिलक लगाकर शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

योगाचार्य सुखबीर सिंह ने प्राणायाम की विभिन्न क्रियाएं करा कर उनका मानसिक, शारीरिक प्रभाव बताते हुए विशेष लाभ बताए, तो सुखबीर सिंह ने अनेक आसन कराते हुए सूर्य नमस्कार का विशेष रूप से अभ्यास कराया। और बताया कि सूर्य नमस्कार सभी आसन योग प्राणायाम का मिश्रण है। जो व्यक्ति प्रतिदिन सूर्य नमस्कार एकाग्र चित्त और आस्था के साथ करता है रोग उसके पास कभी नहीं आते। उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र ने 21 जून को दिव्यता और भव्यता के साथ विशालतम रूप से योग दिवस मनाने की योजना बताई। उन्होंने सभी विभागों के स्टाफ को तथा संभल क्षेत्र के समाजसेवियों का आह्वान किया कि शासन और प्रशासन की मंशा और व्यवस्था का सम्मान करते हुए नगर पालिका परिषद के मैदान में प्रातः 5:00 प्रतिदिन आएं। उन्होंने योगाचार्य की प्रशंसा करते हुए नगर पालिका परिषद के स्टाफ के परिश्रम समयबद्धता उत्तम व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने संभल के ग्रामीण अंचल में कुश्ती की शिक्षा और अखाड़ा संचालित करने वाले भोले सिंह त्यागी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान समाज के स्तर से भी निरंतर होते रहने का आह्वान किया।

## परिवार को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया

**बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता**



पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। 01 परिवार को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक कर सुनवाई की गई। इस बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र में 02 मामलों को सुना गया, इसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारीध्कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से नामित सदस्यों की ओर से दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझ-बूझ से पति-पत्नि के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर करते हुए 01 परिवार का आपसी समझौता कराया गया। उक्त जोड़ों ने फिर से एक साथ जीवन व्यतीत करने हेतु अपनी सहमति जताई। परिवार परामर्श के सदस्यों द्वारा दम्पत्ति जोड़े को हंसी खुशी एक साथ विदा किया गया एवं अन्य मामलों में अगली तारीख दी गई है। परिवार परामर्श के दौरान प्रभारी उ0नि0 सविता तोमर, म0आरक्षी रचना बालियान उपस्थित रहें।

### समाधान दिवस का आयोजन, 20 शिकायतें दर्ज

धनौरा। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिम्मेदार अफसरों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया।शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में दिवस आयोजन में कुल 20 शिकायतें दर्ज की गईं। शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। सीडीओ ने शिकायत निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। कहा कि शिकायतकर्ता का शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट होना भी जरूरी है। इस दौरान एसडीएम अरुण कुमार, सीओ अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार अर्चना शर्मा, एसडीओ बिजली नरेश कुमार, ईओ नगर पालिका विजेंद्र सिंह पाल, मुक्ता सिंह, बीडियो रोहताश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कुशीनगर सिपाही हत्याकांड में शामिल पशु तस्कर मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**कुशीनगर, एजेंसी**



जिले के जोकवा में चार दिन पूर्व वाहन चेकिंग के दौरान सिपाही को कुचलकर मार देने वाला पशु तस्कर शनिवार को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गोली से वह घायल है। तस्कर के विरुद्ध कई थानों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तरयासुजान क्षेत्र में पशु तस्कर और पुलिस व स्वॉट की संयुक्त टीम के बीच शनिवार सुबह यह मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक पशु तस्कर के दोनों पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। जबकि दूसरा फरार हो गया। घायल पशु तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, दो खोखा व कारतूस बरामद किया है।

घायल पशु तस्कर ने बीते बुधवार को तुर्कपट्टी के जोकवाबाजार में चेकिंग के दौरान हाइवे पर वाहन से कुचलकर सिपाही की हत्या की घटना में शामिल होने की बात बताई है। फरार तस्कर की तलाश में टीम कॉबिंग कर रही है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि आज सुबह लगभग साढे पांच बजे तरयासुजान, पटहेरवा पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम को मिली सूचना पर तरयासुजान क्षेत्र में झरही पुल के पास हाइवे पर पशु तस्करों की तलाश में थी। इस बीच सलेमगढ़ की तरफ से आए बाइक सवार दो युवकों को देख टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस देख दोनों तेज गति से बिहार की तरफ भागने लगे। टीम ने पीछा किया तो लतवा चट्टी बाजार से उत्तर की तरफ बड़ी गंडक की ओर बाइक मोड़ दिए। मठिया खुर्द के पास खुद को घिरा देख तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग से असलम शाह निवासी काजीपुर थाना पटहेरवा के दोनों पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। जबकि दूसरा खेत के रास्ते फरार हो गया। घायल तस्कर को सीएचसी तरयासुजान ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ससुराल से लौटे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आगरा। आगरा के खेरागढ़ में ससुराल से लौटे एक युवक ने देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। खेरागढ़ तहसील स्थित जगनेर के गांव बरिगवां में बीती रात एक 25 वर्षीय युवक भीकम सिंह कुशवाह पुत्र रमेश कुशवाह ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मामले में मिली जानकारी के अनुसार युवक का अपनी पत्नी से किसी कारण से विवाद हो गया था। विवाद के बाद से ही पत्नी अपने मायके रहने चली गयी थी। जिसके बाद से युवक शराब का आदी हो गया था। शुक्रवार को पति अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया लेकिन उसने आने से इंकार कर दिया। जिसके बाद बीती रात घर लौटने के बाद पति ने छत के कमरे पर जाकर फांसी लगा ली। इस मामले में जब परिजनों को सुबह जानकारी हुई तो मातम का माहौल छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही की बात की जा रही है।

## दो बालको को बाइक सवार ने जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास किया




**नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता**

खेत पर जा रहे दो बालको को बाइक सवार चार युवकों ने जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास किया। बालकों के शोर मचाने पर दो युवक तो भाग निकले जबकि दो युवकों को लोगों ने पकड लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवकों को थाने ले आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम कस्बा जलालाबाद निवासी आठ,नौ वर्षीय दो बालक हाजीपुर खलियान में साईकिल से अपने खेत पर जा रहे थे। जैसे ही वह अपने खेत के पास पहुंचे तो दो बाइकों पर सवार होकर आये चार युवकों ने दोनो बालकों को जबरन बाइक पर बैठाने के उद्देश्य से बालकों को दबोच लिया। बालकों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गये और भाग रहे दो युवकों को पकड़ लिया जबकि दो युवक भाग निकलने में कामयाब हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो युवकों को पकड़ लिया और थाने लाकर उन से पूछताछ शुरू कर दी। जलालाबाद चैकी प्रभारी चंद्रवीर ने बताया कि बालकों के परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

**राहत** बदले मौसम से कुछ राज्यों को गर्मी से मामूली राहत मिली है

## मानसून के लिए अभी यूपी को करना होगा इंतजार

**लखनऊ, एजेंसी**



जिस गति से मानसून उत्तर प्रदेश की तरफ से बढ़ रहा था वह कम हो गई है। मानसून दो दिन पहले बिहार में दाखिल हो कर ठिठक गया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश को अभी सप्ताह भर मानसून फुहारों के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। उधर, बदले मौसम से राज्य को गर्मी से मामूली राहत मिली है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर तैयार निम्न हवा के दबाव का क्षेत्र और अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान से जम्मू एवं कश्मीर की तरफ बढ़े पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम में बदलाव किया है। इससे मेरठ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बरसात हुई है। ऐसे ही पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में दो-तीन चरण में बरसात हुई है। लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़ में बौछारें पड़ीं।

मौसम विभाग लखनऊ के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि मानसून बिहार में पहुंचकर ठिठक गया है। वह जितनी तेजी से चला था वह गति बरकरार नहीं रह पाई। उत्तर में 18 जून को मानसून के आगमन का पूर्वानुमान लगाया गया था। पर जो स्थितियां उसे देखते हुए अभी मानसून के लिए सप्ताह भर इंतजार करना पड़ सकता है। वैसे मौसम अगले दो-तीन दिन तक ऐसा ही बना रहेगा। बदली और बौछारें पड़ने की संभावना है।

उधर, पूरे राज्य में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। लखनऊ मौसम विभाग को जिन 33 जिलों की रिपोर्ट मिली है उनमें सिर्फ बलिया, लखनऊ, इटावा, कानपुर एयरफोर्स और लखीमपुर में ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। बाकी सभी जगह तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के रिकार्ड किया गया।

बदले मौसम ने सुधार दी राज्य की हवा

बदले मौसम ने गर्मी से मामूली राहत के साथ पूरे राज्य की हवा सुधार दी है। बरेली को छोड़ दें तो राज्य में कहीं का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 100 से अधिक नहीं रहा। बाकी सभी जगह की हवा अच्छी और संतोषजनक रही। सबसे शुद्ध हवा आगरा की रही। वहां एक्यूआई 41 रिकार्ड किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की शुक्रवार को शाम पांच बजे जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में सबसे प्रदूषित शहर माने जाने वाले गाजियाबाद की हवा भी सुधरी रही। खुर्जा, फिरोजाबाद, कानपुर, मेरठ की हवा भी निरंतर दमघोंटू बनी रहती है। यहां की भी हवा साफ रही। बरेली ही ऐसा जिला रहा जहां की हवा मध्यम श्रेणी में रही। यहां का एक्यूआई 118 दर्ज किया गया। लखनऊ जहां का एक्यूआई 200 के आसपास रहता है वहां शुक्रवार को 80 रहा। सबसे अच्छी यानी डार्क ग्रीन जोन में आगरा, गोरखपुर, खुर्जा और प्रयाग रहे। आगरा में एक्यूआई 41, गोरखपुर में 46, खुर्जा में 48 और प्रयागराज में 50 दर्ज किया।

## इंडोनेशिया को चीनी उद्योग तकनीक साझा करेगा एनएसआई

**कानपुर, एजेंसी**

चीनी उद्योग के क्षेत्र में लगातार नई नई तकनीकों को विकसित करने वाला कानपुर का राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) विश्व पटल पर पहचान बनाये हुए है। कई देशों के साथ तकनीकों के आदान प्रदान का समझौता भी है। इसी कड़ी में अब इंडोनेशिया को चीनी उद्योग तकनीक साझा करने के लिए समझौता हुआ है।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर ने शनिवार को नई दिल्ली में योग्यकार्ता इंडोनेशिया में स्थित इंजीनियरिंग संस्थान के साथ समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन और भारत में इंडोनेशिया की राजदूत इनाकृष्ण मूर्ति के साथ दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है।

समझौते के अनुसार, एनएसआई चीनी और इथेनॉल उत्पादन, बिजली उत्पादन, पर्यावरण और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित प्रौद्योगिकी के विकास में इंडोनेशियाई संस्थान की मदद करेगा। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान संकाय विकास कार्यक्रम (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करेगा ताकि इंडोनेशियाई संस्थान चीनी और संबद्ध उद्योग को सक्षम जन शक्ति प्रदान करने के लिए अपनी क्षमताओं का विकास कर सके।

एनएसआई निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहा कि हम सुविधा और आवश्यकता के अनुसार ऐसे कार्यक्रमों को भौतिक रुप से या वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित करेंगे। इंडोनेशिया के छात्रों को भी उचित अनुमोदन के बाद राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में अध्ययन करने का मौका मिलेगा। यह समझौता ज्ञापन दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा और मुझे यकीन है कि इंडोनेशियाई चीनी उद्योग हमारे संस्थान की सहायता से वांछित स्तर तक विकसित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### निःशुल्क किया जा सकता है मतदाता सूचियों का निरीक्षण

पंचकूला। जिला निर्वाचक अधिकारियों (पंचांयत) खण्ड पिंजौर, मोरनी, बरवाला व रायपुररानी द्वारा भेजी गई ड्राफट मतदाता सूचियों का प्रारम्भिक प्रकाशन 15 जून 2022 को कर दिया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महावीर कौशिक ने बताया कि उक्त मतदाता सूचियों का निरीक्षण खण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला परिषद कार्यालय पंचकूला में निःशुल्क 21 जून 2022 सांय 04:00 बजे तक (19 जून 2022 को छोड़कर) किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति दावे/आपत्ति ग्राम पंचायत में अधिकृत प्राधिकारी/खण्ड कार्यालयों में 21 जून 2022 सायं 04:00 बजे तक दे सकते है। उन्होंने बताया कि विहित समय के पश्चात दिए जाने वाले दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उक्त प्राप्त दावे एंव आपत्तियों का निपटान 28 जून 2022 तक जिला निर्वाचक अधिकारियों द्वारा खण्ड कार्यालयों में किया जाएगा। जिला निर्वाचक अधिकारी द्वारा दावे/आपत्तियों पर लिए निर्णय से यदि कोई व्यक्ति सन्तुष्ट न हो तो उस अवस्था में वह उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), पंचकूला के कार्यालय में दिनांक 01 जुलाई 2022 तक अपील की जा सकती है।

### तावडू में नहीं रूक रही बाइक चोरियां, फिर बाइक चोरी, मामला दर्ज

तावडू। शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित एक एकेडमी के बाहर खडी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भंगोह निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने गांव चाहलका निवासी आशिक हुसैन से बाइक खरीदी थी। गत 16 जून को वह बाइक पर सवार होकर दोपहर साढे बारह बजे के लगभग रेवाडी रोड ओके फलावर वाली गली में जीत एकेडमी के नीचे ताला लगाकर खड़ी की थी और ऐकेडमी में पढने के लिए चला गया। जबं कुछ समय बाद वह वापिस आया तो उसकी बाईक वहां पर नहीं थी। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। उसने बाइक कह काफी छानबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने सुमित कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामलादर्ज कर लिया है।

### तावडू में घर से सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी, मामला दर्ज

तावडू। शहर के सर छोटू राम नगर से अज्ञात चोर एक घर से सोने-चांदी के जेवरात व बीस हजार रूपए नगद चुरा कर ले गए। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के वार्ड नबर 10 सर छोटू राम नगर निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 13 जून को अपने परिवार सहित गांव धारन रेवाडी गया हुआ था। जब वह वापिस आया तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था। उसने चैक किया तो दो सोने की अंगुठी, दो जोडी चांदी कि पाजेब और बीस हजार रुपये नगद चोरी हो चुके थे। पुलिस ने संजय कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# रानी लक्ष्मी बाई देश की महिलाओं के लिए आदर्श : ज्ञानचंद गुप्ता

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज रानी लक्ष्मीबाई के शहीदी दिवस पर सेक्टर 25 स्थित सामुदायिक केन्द्र का रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर नामकरण किया। इसके उपरांत श्री गुप्ता ने रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

इस अवसर पर पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल और पंचकूला नगर निगम के आयुक्त धर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे।

शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा से अपना संबोधन शुरू करते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई उन वीरांगनाओं में से हैं जिन्होंने अंग्रेजों के आगे सर नहीं झुकाया और अंग्रेजी सेना के छक्के छुड़ा दिये। उन्होंने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने और युवाओं को उनके बलिदानों से प्रेरणा देने के लिए पंचकूला के सभी सामुदायिक केन्द्रों



- शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा

का नाम शहीदों के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जब भी महिलाओं के सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा जरूर होती है। रानी लक्ष्मीबाई ना सिर्फ एक महान नाम है बल्कि वह सभी महिलाओं के लिए आदर्श हैं। देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी और वह आज अपनी वीरता के किस्सों को लेकर किवंदती बन चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि 22 मई, 1857 को क्रांतिकारियों को कालपी छोड़कर ग्वालियर जाना पड़ा। 17 जून को फिर युद्ध हुआ। रानी के भयंकर प्रहारों से अंग्रेजों को पीछे हटना पड़ा। रानीलक्ष्मी बाई ने बड़े अदम्य साहस के साथ विजय प्राप्त की, लेकिन 18 जून को ह्यूरोज स्वयं युद्धभूमि में आ डटा। रानी लक्ष्मीबाई ने दामोदर राव को रामचंद्र देशमुख को सौंप दिया और अपने सैनिकों को लेकर अंग्रेजी सेना से युद्ध किया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित एक कविता- बुंदेले हरबोलों के मूंह से हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मदाईनी वो तो झांसी वाली रानी थी। सुनाकर उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त संयम गर्ग, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री सिद्धार्थ राणा, अरविंद सहगल, पार्षद अक्षयदीप चैधरी, ओमवती पुनिया, संदीप सोही, प्रसिद्ध साहित्यकार एमएम जुनेजा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# केन्द्र की अग्निपथ स्कीम युवाओं के हित में, भ्रम न फैलाए विपक्ष : पंकज सिंगला

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं के हित में लागू की जा रही अग्निपथ स्कीम जिसके तहत युवाओं को 4 वर्ष के लिए सेना में नौकरी दी जाएगी बेहतरीन है और इससे युवाओं का भला होगा।

मगर, विपक्ष जान-बूझकर इसके बारे में भ्रम फैला रहा है और देश के युवाओं को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहा है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अग्निपथ योजना स्कीम को समझें और इसके बारे में पूरी जानकारी लें। बिना सोचे समझे विपक्षी पार्टियों के बहकावे में आकर देश विरोधी कदम न उठाएं युवा, राष्ट्र की संपत्ति को नुकसान पहुंचान किसी भी सूरत में सही नहीं है।

उन्होंने अग्निपथ स्कीम के तहत सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीरों को 4 वर्ष में 12 लाख की तनख्वाह, 8 लाख का बीमा, मृत्यु पर एक करोड़ एवं रिटायरमेंट के बाद 11.5 लाख रुपए नगद दिए जाएंगे। मात्र 25 वर्ष की आयु में आपको ये सभी सुविधाएं मिल पाएंगी।

इसके बावजूद भी आप सेना में अपनी सेवाएं देना जारी रखना चाहते हैं, तो मेहनत कीजिए और योग्यता शर्तों को पूरी कर 25 प्रतिशत युवाओं में शामिल होकर देश सेवा कर सकते हैं। श्री सिंगला ने बताया कि सेना में जाने वाले अग्निवीरों को सेना के कड़े अनुशासन की ट्रेनिंग और देश सेवा का जो जज्बा युवाओं में है, वो पूरा कर सकेंगे।

यह युवाओं के लिए अपनी आर्मी ट्रेनिंग अच्छी खासी ट्रेनिंग के साथ लेने का अवसर है, मगर विपक्ष युवाओं को भडकाकर उनकी इच्छाओं को रौंदना चाहता है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश विरोधी ताकतें नहीं चाहती कि देश की सेना और आंतरिक सुरक्षा मजबूत हो। इसलिए अग्निवीर योजना के विरोध में अपनी प्रोपगेंडा की फैक्ट्री को काम पर लगा दिया गया है।

# विधायक सुधीर सिंगला ने हाउस टैक्स की गल्तियों में सुधार के शिविर का किया शुभारंभ



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हाउस टैक्स के सर्वे में जिन लोगों के बिल में गल्तियों में सुधार के लिए सभी रेजिडेंट्स के लिए आरडब्ल्यूए ने शिविर आयोजित किया। इस शिविर में काफी लोगों के हाउस टैक्स बिलों में सुधार किया गया। विधायक सुधीर सिंगला ने इस शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने हाउस टैक्स सर्वे के बिलों को दुरुस्त करने पहुंची टीम को कहा कि लोगों के बिलों को पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ ठीक करें। काम में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आमजन को सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने मौके पर पहुंचे लोगों से भी कहा कि वे अपने सभी दस्तावेजों के साथ अपने कागजों को सही कराएं। इस अवसर पर पार्षद सुभाष सिंगला, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य अमित गोयल, आरडब्ल्यूए प्रधान अनिल कुमार, उप-प्रधान मनोज यादव, महासचिव एसके दहिया, संयुक्त सचिव अश्वनी वशिष्ठ, विनय मंगला, गौरव मंगला, पदम डागर, सतबीर महलावत, आलोक वर्मा, दीपक गुप्ता, कैलाश तायल, जेसी त्यागी, केएस राव, जयप्रकाश मंगला, राजीव जैन आदि मौजूद रहे।

# विधायक राजेश नागर ने किया तिगांव डिग्री कॉलेज का निरीक्षण

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

विधायक राजेश नागर ने आज तिगांव स्थित शहीद स्मारक डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां कॉलेज की जरूरतों के बारे में पूछा और रखरखाव के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। तिगांव कॉलेज पहुंचे राजेश नागर ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रिंसिपल संध्या सूद से कॉलेज की मूल जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि यहां पर पीने के पानी के लिए व्यवस्था की आवश्यकता है। जिससे कि बच्चों को घरों से पानी न लाना पड़े और खरीद कर पानी न पीना पड़े। उन्होंने मौके पर ही दो वाटर कूलर और एक आरओ सिस्टम लगवाने की बात कही। जिस पर प्रिंसिपल संध्या सूद ने धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक नागर ने बताया कि जल्द ही कॉलेज के लिए नई बिल्डिंग बनाने पर काम शुरू होगा। जिसके बाद यहां पर कई कोर्स और सीटों की संख्या



में भी बढ़ोतरी करवाई जाएगी। नागर ने कहा कि पहले भी हमारी मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने यहां सीटों की संख्या में काफी बढ़ोतरी की थी। जिसके बाद हमारे बच्चों को दूर दूर जाकर शिक्षा के लिए भटकने से राहत प्राप्त हुई है। अभी हम और सीटों को भी बढ़वाने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन उससे पहले हमें यहां इमारत की आवश्यकता है। जिसके लिए जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन के लिए कार्यरत है। केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाई है इसको लागू करने के लिए हरियाणा ने सबसे पहले पहल की है। जिसके अनुसार अब स्कूल से ही हमारे बच्चे स्किल्ड बनकर निकलेंगे और स्कूल में ही उनकी योग्यता के बारे में पता चल जाएगा। जिससे देश को अच्छे तकनीकी नागरिक मिलेंगे। विधायक राजेश नागर ने सभी से कॉलेज के रखरखाव में भी अपना सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कॉलेज को स्वच्छ रखेंगे तो हमारा मन पढ़ाई में लगेगा और यह सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दयानंद नागर, अमन नागर, कॉलेज की लेक्चरर सविता आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# संचार के साधनों का दुरूपयोग करने से बचें युवा: प्रो. दिनेश कुमार

गुरुग्राम, प्रात :किरण संवाददाता

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के सौजन्य से कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा रिचड द अनरिचड थ्रो आईसीटी विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।

इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रामपाल सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। प्रो. दिनेश कुमार ने उपस्थित शिक्षाविदें एवं शोधार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सूचना एवं संचार तकनीक ने हमारे जीवन को बदल दिया है। कोरोना वायरस के कारण जब पूरी दुनिया में आपदा आई थी, तब एक समय ऐसा आ गया था जब सब कुछ रूक गया था। आईसीटी के कारण विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो पाई। इसी प्रकार संचार तकनीक के कारण ही उद्योग-धंधे सुचारू रूप से चल सके। कर्मचारियों ने अपने घर से कार्य किया और जीवन फिर से आरम्भ हो गया। उन्होंने संचार तकनीक के दुरूपयोग पर चिंता जाहिर की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने कहा कि आज हम सभी सूचना तकनीक का लाभ उठा रहे हैं, परंतु हमारे देश में अनेक स्थान ऐसे भी हैं। जहां तक इंटरनेट की पहुंच नहीं है। इंटरनेट देश के प्रत्येक हिस्से में पहुंचना चाहिए। सूचना एवं संचार तकनीक का लाभ देश के प्रत्येक नागरिक को मिलना चाहिए।

उन्होंने बताया इस क्षेत्र में बहुत अधिक कार्य हो रहा है। आने वाले कुछ वर्षों में प्रत्येक भारतवासी संचार के साधनों विशेषकर इंटरनेट का प्रयोग कर सकेगा। इस अवसर पर कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की अध्यक्ष तथा सेमीनार संयोजिका डॉ. गीतिका ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद प्रकट किया।

# जीएमडीए सेक्टर-77/78, 78/79-ए व 78/79 के मास्टर डिवाइडिंग रोड का करेगा निर्माण

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के अधिकारियों ने शनिवार को नए गुरुग्राम के निवासियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में क्षेत्र में विकसित की जा रही सड़कों के बुनियादी ढांचे पर चर्चा की। जीएमडीए ने सेक्टर-77/78, 78/79ए और 78/79 के मास्टर डिवाइडिंग रोड के निर्माण के लिए वहां के निवासियों के सवालों के जवाब भी दिए। अधिकारियों ने लोगों के साथ साइट का भी दौरा किया। साइट पर जीएमडीए के अधिकारियों के साथ चर्चा में यूनाइटेड एसोसिएशन ऑफ न्यू गुरुग्राम के प्रतिनिधि और मैपस्को माउंट विले, गोदरेज आरिया, गोदरेज-101, मानसून ब्रीज, उमंग विंटर हिल्स, सुपरटेक अराविले सोसायटी के निवासी मौजूद थे।



इस परियोजना में सेक्टर-77/78, 78/79ए और 78/79 के मास्टर डिवाइडिंग रोड के 3.35 किमी लंबे मुख्य कैरिजवे का निर्माण शामिल है। साथ ही इस खंड पर सतही जल निकासी का विकास भी शामिल है।

एक बार पूरा हो जाने पर इस सड़क का उपयोग क्षेत्र में और उसके आसपास रहने वाले 10 हजार से अधिक निवासियों को लाभान्वित करेगा। इस सड़क का निर्माण जीएमडीए के लिए एक महत्वपूर्ण एजेंडा रहा है, क्योंकि हम इस बेल्ट में नागरिकों की जरूरतों से अवगत हैं। जीएमडी की कार्यकारी अभियंता इंफ्रा-1 डिवीजन श्वेता शर्मा ने बताया कि नई एजेंसी को निष्पक्ष ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है।

इसका निर्माण कार्य इस महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा। परियोजना को पूरा करने की अवधि 6 महीने है। इस कार्य के लिए निविदा पहली बार 2018 में प्रदान की गई थी। हालांकि डिफॉल्ट करने वाली एजेंसी द्वारा काम पूरा नहीं किया गया, इसलिए जीएमडीए को पिछली एजेंसी के जोखिम और लागत पर नई निविदा के लिए जाना पड़ा

# तावडू में अग्निपथ योजना के विरोध में अप्रिय घटना को लेकर सख्त नजर आया पुलिस प्रशासन

तावडू, प्रात : किरण संवाददाता

अग्निपथ योजना के तहत क्षेत्र में किसी तरह का कोई उपद्रव न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन सख्त नजर आया। शनिवार को पुलिस ने गांव धुलावट में स्थित टोल टैक्स पर एतियात के तौर पर जहां पुलिस बल तैनात किया हुआ था, वहीं क्षेत्र के गणमान्य लोगों को भी अपने साथ लिए हुए था। उल्लेखनीय है कि गत दिनों रक्षा मंत्री द्वारा रोजगार के क्षेत्र में एक नई स्कीम अग्निपथ का ऐलान किया। जिसके तहत सेना में जवानों की भर्ती सिर्फ 4 साल के लिए आरंभ की थी।

जिससे युवाओं में सरकार के प्रति रोष पनप गया और जगह-जगह रोष प्रदर्शन किए जा रहे हैं। जिसके तहत क्षेत्र में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो उसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सचेत नजर आया। डीएसपी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को शहर व क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ प्रशासन निगरानी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी तरह की कोई गलत अफवाह न फैले, जिससे क्षेत्र



में नुकसान हो सके। इसके लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अभी तक कोई ऐसी घटना नजर नहीं आई है। लेकिन ऐतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन तैनात किया हुआ है। शनिवार को भी धुलावट टोल टैक्स पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इस अवसर पर धुलावट सरपंच आजाद, नियामत पहलवान डींगरहेडी, अनाजमंडी प्रधान संजय गोयल, पीपाका से आजाद, जावेद वाईस चेयरमैन, आसीन आदि मौजूद थे।

# मैट्रो अस्पताल, पत्रकारों के लिए मेडिकल हेल्थ प्रिविलेज कार्ड किया लॉन्च

## पत्रकार समाज की महत्वपूर्ण कड़ी : डॉ. अजय चौटाला

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

मेट्रो हार्ट इंस्टिट्यूट एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा शनिवार को हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब के सदस्यों को मेडिकल हेल्थ प्रिविलेज कार्ड वितरित किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री कृष्ण जाखड़, जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, अखिल भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष श्री सुरेंदर शर्मा (बबली), आर टी एस ग्रुप के चेयरमैन श्री राजेश भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मेट्रो अस्पताल प्रबंधन के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नीरज जैन, सीईओ मेजर जनरल वी के दत्ता एवं एडमिनिस्ट्रेशन हेड सना तारिक ने मुख्य अतिथि डॉ. अजय



सिंह चौटाला का बुके देकर एवं शाल पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को दिए जाने वाले मेडिकल हेल्थ प्रिविलेज कार्ड की लॉन्चिंग डॉ. अजय सिंह चौटाला ने करते हुए कहा कि पत्रकार समाज को आइना दिखाने का काम करते है समाज की हर छोटी बड़ी घटनाओं की जानकारी इनके माध्यम से ही हम तक पहुंच पाती है। आज मेट्रो हॉस्पिटल ने पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए मेडिकल हेल्थ प्रिविलेज कार्ड की जो सुविधा दी है वह बेहतरीन कदम है। समाज की अन्य संस्थाओं को भी इस तरह का सहयोग पत्रकारों के हित में करना चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों के हितों और कल्याण के लिए सौपीं गयी मांगों को जल्द से जल्द सरकार के द्वारा पूरा कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष राकेश देव ने पत्रकारों के जीवन और उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए कहा की पत्रकार बहुत ही कम वेतन पर अपनी जान जोखिम में डालकर समाज के सामने सच्चाई पेश करने का काम करते है। इसीलिए हम क्लब की तरफ से डॉ. अजय सिंह चौटाला से कुछ मांगों का उल्लेख कर रहे है ताकि पत्रकार संपन्न एवं सक्षम बन सके और निष्पक्ष रूप से अपने दायित्वों का निर्वाह कर सके। कार्यक्रम का अंत में एडमिनिस्ट्रेशन हेड सना तारिक ने अस्पताल प्रबंधन एवं चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल की तरफ से डॉ. अजय सिंह चौटाला का स्वागत एवं धन्यवाद किया। उन्होंने कहा की डॉ. पुरुषोत्तम लाल इकलौते ऐसे कार्डियोलॉजिस्ट हैं जो पद्म भूषण, पद्म विभूषण एवं बी सी रॉय अवार्ड से सम्मानित है। उनकी उपलब्धियों का जितना उल्लेख किया जाये कम है उन्होंने सदैव जनसेवा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। इस दौरान डॉ. मयूर मयंक ने कहा की हमारा उद्देश्य फरीदाबाद को कैंसर मुक्त बनाना है।

### नगरपालिका में अधिकारी-कर्मचारी न होने से कार्य लोग परेशान

तावडू। नगरपालिका कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के न होने से जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। जनता अपने कार्यों के लिए नगरपालिका कार्यालय पहुंचतीए लेकिन पालिका कार्यालय में सचिव न होने के कारण जेई व अन्य स्टाफ भी अनुपस्थित रहता है। इससे पहले 5 कर्मचारियों को नगरपालिका से हटा दिया गया था। जिससे भी कार्य बाधित हो रहा है। नगरपालिका चेयरपर्सन मनीता गर्ग ने बताया कि इस बारे में उन्होंने डीएमसी मैडम से संपर्क कर उन्हें बताया कि नगरपालिका सचिव का पद रिक्त है। वहीं एमई के पास दो स्थानों का चार्ज होने व जेई के अनुपस्थित होने के कारण नगरपालिका के कार्य बाधित हो रहे हैं। जिसके चलते एनडीसी व पीएमएवाई तथा जन्म.मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य कार्यों के लिए भी नगरपालिका में आने वाले लोगों को असुविधा झेलनी पड रही है। जिस पर डीएमसी मैडम ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# फरीदाबाद में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम, पुलिस आयुक्त ने बल्लभगढ़ किया दौरा

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने आज बल्लभगढ़ पहुंचकर कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फरीदाबाद में शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम है। आज फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए बल्लभगढ़ एरिया का दौरा किया और वहां पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड तथा पुलिस चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा की जा रही मुस्तैदीपूर्ण ड्यूटी के लिए उनकी हौसला अफजाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा में इसी प्रकार ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वह संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर निगरानी रखें और कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो



उससे पूछताछ करें। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार किसी को नहीं है और पुलिस की यह जिम्मेवारी बनती है कि इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देने वाले उपद्रवियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए इसलिए आवश्यक है कि संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखकर उनकी सूचना उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएं। क्राइम ब्रांच की टीम वीडियो फुटेज में दिखाई दे रहे पत्थरबाजों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस आयुक्त ने मीडिया के माध्यम से नागरिकों को भी हिदायत दी है कि हिंसा करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है और यह कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी। कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगा या किसी भी प्रकार से तोड़फोड़ करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वह शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा अपने बच्चों का ध्यान रखें क्योंकि मुकदमा दर्ज होने के पश्चात उन्हें कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक करके पुलिस प्रशासन के कार्यों में सहयोग करें।

## संक्षिप्त खबरें



### एनएफटीसी ओला, उबर की तर्ज पर सहकार टैक्सी शुरू करेगी

नई दिल्ली। नेशन टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्ट कॉअपरेटिव फेडरेशन लि. (एनएफटीसी) जल्दी ही नई परिवहन सेवा सहकार टैक्सी शुरू करेगी। यह सेवा ओला और उबर की तरह होगी और इसका मकसद लाखों लोगों को रोजगार देना है। एनएफटीसी ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा सहकारी संस्थान एवं यात्रा और पर्यटन के जरिये भी एक कूरियर सेवा शुरू की जायेगी। बयान के अनुसार, एनएफटीसी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक नया केंद्रीय बोर्ड कार्यालय और यूट्यूब चैनल शुरू किया है। इस नए ढांचे का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रकल्प सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एन ठाकुर ने किया था।

### ओडिशा आर्थिक क्रांति के मुहाने पर : पीडब्ल्यूसी इंडिया

भुवनेश्वर। पीडब्ल्यूसी इंडिया के चेयरपर्सन संजीव कृष्ण ने कहा कि ओडिशा बड़े पैमाने पर औद्योगिक और आर्थिक वृद्धि के लिए तैयार है और उनकी फर्म इसमें योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीडब्ल्यूसी इंडिया ने हाल ही में भुवनेश्वर में अपना नया कार्यालय शुरू किया था और उद्योग संघ फिक्की के साथ मिलकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कृष्ण ने कहा, ओडिशा आर्थिक क्रांति के मुहाने पर है और हम इस यात्रा में फिक्की जैसे साझेदारों को पाकर खुश हैं, ताकि राज्य को आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरने में मदद कर सकें। फिक्की ओडिशा राज्य परिषद के अध्यक्ष रंजन नाइक ने कहा कि राज्य लौह अयस्क से स्टील, और कोयला, बॉक्साइट से एल्यूमीनियम जैसे कई मूल्य वर्धित उत्पादों की ओर बढ़ रहा है।

### श्रीलंकाः आईएमएफ का दल सहायता कार्यक्रम पर चर्चा के लिए अगले सप्ताह कोलंबो का दौरा करेगा

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने संकटग्रस्त श्रीलंका की मदद करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी है और इस सिलसिले में वैश्विक ऋणदाता का एक दल सहायता कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए सोमवार से कोलंबो का दौरा करेगा। श्रीलंका में जारी आर्थिक संकट के चलते वहां भोजन, दवा, रसोई गैस और ईंधन जैसी आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत हो गई है। आईएमएफ ने स्थानीय मीडिया के एक ईमेल के जवाब में कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का एक दल आर्थिक कार्यक्रम पर चर्चा जारी रखने के लिए 20-30 जून के दौरान कोलंबो का दौरा कर रहा है, जिसे आईएमएफ ऋण व्यवस्था द्वारा समर्थित किया जा सकता है। श्रीलंका आईएमएफ से 4-5 अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता सुविधा चाहता है। सरकार ने कहा है कि उसे इस साल आईएमएफ सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पांच अरब डॉलर तक मदद की जरूरत है। श्रीलंका ने पिछले महीने अपने इतिहास में पहली बार अपने विदेशी कर्ज में चूक की।

# एलऐंडटी इन्फोटेक का नियुक्ति पर जोर

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रौद्योगिकी परामर्श एवं डिजिटल समाधान प्रदान करने वाली कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो इन्फोटेक (एलटीआई) ने पिछले साल करीब 10,500 लोगों की शुद्ध नियुक्तियां कीं। कंपनी चालू वित्त वर्ष में भी लगभग इतनी अथवा इससे अधिक संख्या में नियुक्ति करने की तैयारी कर रही है।

एलऐंडटी इन्फोटेक के मुख्य परिचालन अधिकारी नचिकेत देशपांडे ने कहा, 'पिछले वित्त वर्ष में हमने शुद्ध रूप से करीब 10,500 लोगों की नियुक्तियां की। हम उम्मीद करते हैं कि इस साल भी नियुक्तियों की रफ्तार बरकरार रहेगी और हम समान दायरे में अथवा उससे अधिक नियुक्तियां करेंगे।'

पिछले महीने लार्सन ऐंड टुब्रो ने अपनी दो सूचीबद्ध आईटी सेवा कंपनियों- एलऐंडटी इन्फोटेक और माइंडट्री- के विलय की घोषणा की थी। विलय की प्रक्रिया पूरी होने तक एलऐंडटी इन्फोटेक पिछले साल जैसी रफ्तार के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है।

एलऐंडटी इन्फोटेक ने वित्त वर्ष 2022 को कुल 46,648 नियुक्तियों के साथ अलविदा किया और पिछले वित्त वर्ष के दौरान उसने पिछले दो वर्षों के मुकाबले अधिक नियुक्तियां कीं। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 के लिए नियुक्ति योजना समग्र मांग परिदृश्य पर आधारित होगी।

**नियुक्तियां**

- अधिकारी नचिकेत देशपांडे ने कहा, 'पिछले वित्त वर्ष में हमने शुद्ध रूप से करीब 10,500 लोगों की नियुक्तियां की।

देशपांडे ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद एकमात्र बाजार आपूर्ति पक्ष की है न कि मांग पक्ष की। उन्होंने कहा, 'जहां तक मांग पक्ष का सवाल है तो हमारे ग्राहकों ने बदलाव के लिए जो कुछ पहल की है वह एकतरफा है और उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए ग्राहकों की नजर अपने प्रौद्योगिकी खर्च में कटौती पर नहीं है क्योंकि उनकी अधिकतर समस्याओं का समाधान भी प्रौद्योगिकी से ही मिलता है।' देशपांडे ने कहा कि दुनिया भर में आपूर्ति एक बड़ी चुनौती के तौर पर बरकरार है क्योंकि इसके लिए उपलब्ध प्रतिभाओं से कहीं अधिक की दरकार है। उन्होंने कहा, 'यही कारण है कि कर्मचारियों द्वारा कंपनी छोड़ने की दर काफी अधिक है।'

प्रतिभाओं को बरकरार रखने के लिए एलऐंडटी इन्फोटेक ने हाइब्रिड मॉडल पर काम करने का निर्णय लिया है ताकि कर्मचारियों को अधिक सुविधा मिल सके। वैश्विक महामारी के बाद कंपनी कहीं अधिक सैटेलाइट ऑफिस अथवा बड़े परिसर के मुकाबले छोटे दफ्तर स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कोलकाता में आज ऐसे ही एक केंद्र का उद्घाटन किया जो शहर में उसका पहला केंद्र है। इसकेंद्र में करीब 340 लोगों के लिए बैठने की जगह है और हाइब्रिड मॉडल के तहत यह 500 से 550 लोगों के लिए पर्याप्त होगा।

## भारत 3 लाख करोड़ डॉलर की एम-कैप श्रेणी से बाहर हुआ

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय बाजार अब प्रतिष्ठित 3 लाख करोड़ डॉलर की बाजार पूंजीकरण श्रेणी से बाहर हो गया है। मौजूदा गिरावट से बाजार वैल्यू फिसलकर 2.99 लाख करोड़ डॉलर रह गई, जो करीब 13 महीने में सबसे कम है। जनवरी की 3.67 लाख करोड़ डॉलर की ऊंचाई से भारत का बाजार पूंजीकरण बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक निवेशकों द्वारा भारी बिकवाली के बीच 676 अरब डॉलर तक घट गया।

भारत 3 लाख करोड़ डॉलर बाजार पूंजीकरण की श्रेणी से बाहर होने वाला अकेला देश नहीं है। ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस का बाजार पूंजीकरण भी इस निशान से नीचे फिसला है। जर्मनी का बाजार पूंजीकरण 2 लाख करोड़ डॉलर से भी नीचे फिसलने के कगारपर है, क्योंकि वहां रूस और यूक्रेन के बीच लंबे खिंच रहे युद्ध से यूरोपीय शेयरों पर दबाव बढ़ रहा है और आपूर्ति को लेकर भी किल्लत पैदा हो रही है।

इस साल के शुरू में, भारत शीर्ष-पांच एम-कैप क्लब में शामिल हुआ था। मौजूदा समय में, सऊदी अरब के बाद भारत छठे पायदान पर है। सऊदी अरब को इससाल बढ़ती तेल कीमतों का लाभ मिला है। भारत ने सबसे पहले 31 मई 201 को 3 लाख करोड़ डॉलर के बाजार पूंजीकरण के आंकड़े को पार किया था और एक साल से ज्यादा समय तक यह अपनी उस हैसियत को कायम रखने में सफल रहा।

बढ़ती मुद्रास्फीति से अमेरिकी फेडरल रिजर्व और अन्य वैश्विक केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति सख्त बनाने के लिए तेजी से बाध्य होना पड़ा है। इससे मंदी की आशंका बढ़ी है, निवेशकों को जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों की ओर रुख करना पड़ रहा है। वैश्विक बाजार पूंजीकरण इस साल अब तक करीब 20 प्रतिशत घटकर 98.5 लाख करोड़ रुपये रह गया है। यह बाजार पूंजीकरण चढ़कर 122.5 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था।

दुनिया के शीर्ष 15 बाजारों में, प्रतिशत के संदर्भ में बाजार पूंजीकरण में सबसे बड़ी गिरावट स्वीडन (34.6 प्रतिशत), जर्मनी (25.5 प्रतिशत), फ्रांस (24.6 प्रतिशत) और अमेरिका (23.4 प्रतिशत) में दर्ज की गई। इस बीच, सऊदी अरब ऐसा एकमात्र बाजार है जिसने इस साल अपनी बाजार वैल्यू में 15 प्रतिशत तक का इजाफा दर्ज किया है। बढ़ती मुद्रास्फीति के संदर्भ में नीतिगत सख्ती से इस साल परिसंपत्तियों के मूल्यों में बदलाव को बढ़ावा मिला है। विश्लेषकों का कहना है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की राह इस पर निर्भर करेगी कि वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान वैश्विक बाजार क्या कदम उठाते हैं। एडलवाइस सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक एवं शोध प्रमुख (इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज) आदित्य नारायण का कहना है, 'नीतिगत सख्ती से बाजार प्रभावित हुआ है, लेकिन यह किसी स्वतंत्र कारण के बजाय मुद्रास्फीति का गुब्बार है। मुद्रास्फीति की राह अर्थव्यवस्था की राह में बदलाव लाएगी और अगली कुछ तिमाहियों में इसका शेयर बाजार पर भी असर दिखेगा।'

ऊंचे स्तर से भारत के प्रमुख सूचकांक करीब 18 प्रतिशत गिर चुके हैं। इससे मूल्यांकन को सामान्य बनाने में कुछ हद तक मदद मिली है। विश्लेषकों का कहना है कि हालांकि वैश्विक पृष्ठभूमि को देखते हुए घरेलू बाजारों में उत्साह पैदा करने के लिए सिर्फ यही पर्याप्त नहीं होगा।

## डेलिवरी की 15 शहरों में सेम-डे डिलिवरी

**बेंगलूरु, एजेंसी**

लॉजिस्टिक सेवा प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी डेलिवरी ने कहा है कि उसने देश के 15 प्रमुख शहरों में गारंटी के साथ सेम-डे डिलिवरी (एसडीडी) सेवा शुरू की है। इसके तहत डी2सी (डायरेक्ट टु कंज्यूमर) ब्रांडों से वेबस्टोर पर ऑर्डर प्राप्त होने के बाद उसी दिन डिलिवरी करने की बात कही गई है।

डेलिवरी के मुख्य परिचालन अधिकारी अजित पई ने कहा, 'यह समाधान डी2सी ब्रांडों को हमारी प्रौद्योगिकी एवं आपूर्ति श्रृंखला संबंधी दक्षता का फायदा उठाते हुए ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में समर्थ करेगी।'

यह समाधान डी2सी ब्रांडों दोनों मोर्चे पर वृद्धि को रफ्तार देने में मदद करेगा। पहला, कुछ घंटों में त्वरित डिलिवरी सुनिश्चित होने से उनके ग्राहक अनुभव में सुधार होगा जिससे ब्रांड लॉयल्टी बेहतर होगी।

दूसरा, कंपनी ने कहा कि त्वरित डिलिवरी से रिटर्न दर में कमी आएगी और ब्रांड मार्जिन में सुधार होगा। डेलिवरी विभिन्न ब्रांडों के साथ साझेदारी करेगी और फास्ट-मूविंग एसकेयू (स्टॉक कीपिंग यूनिट्स) की पहचान करेगी जिसका स्टॉक शहर के भीतर अंतिम उपभोक्ताओं के आसपास मौजूद वेयरहाउस में किया जाएगा।

जब कोई उपभोक्ता ब्रांड के वेबस्टोरके जरिये ऑर्डर देगा तो वह डेलिवरी प्रौद्योगिकी के जरिये गारंटी के साथ सेम-डे डिलिवरी के लिए उपलब्ध फास्ट-मूविंग एसकेयू के पास दिखेगा। ऑर्डर दिए जाने के बाद डेलिवरी की प्रौद्योगिकी ग्राहक के ऑर्डर को शहर में सबसे नजदीक के वेयरहाउस तक पहुंचाएगी। सेम-डे डिलिवरी के लिए ऑर्डर 3 बजे दोपहर तक प्राप्त किए जाएंगे।

साल 2011 में साहिल बरुआ, कपिल भारती और सूरज सहारन ने डेलिवरी की स्थापना मुख्य तौर पर फूड डिलिवरी सेवा के तौर पर की थी। हाल में डेलिवरी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के पूंजी बाजार में दस्तक देने की पहल की थी।

## कई राज्यों में उच्च ऋण के कारण तनाव के संकेत देने वाले आरबीआई के लेख पर मिलीजुली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कई राज्यों में वित्तीय तनाव पैदा करने पर चिंता व्यक्त की और सुधारात्मक कदम उठाने का आह्वान किया। इस संबंध में पांच सबसे अधिक कर्जदार राज्यों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। कुछ ने आकलन को गलत बताया और अन्य ने खर्च में कटौती के लिए आय में वृद्धि की ओर इशारा किया। डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में अर्थशास्त्रियों के एक दल द्वारा तैयार आरबीआई के लेख में बृहस्पतिवार को कहा गया था कि पांच सबसे अधिक कर्जदार राज्यों पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल झ्र में गैर-जरूरी चीजों पर खर्च में कटौती करने की जरूरत है। लेख के मुताबिक राज्य के वित्त कई तरह के अप्रत्याशित झटकों की चपेट में हैं, जो उनके वित्तीय परिणामों को बदल सकते हैं। जिससे उनके बजट के मुकाबले चूक हो सकती है। लेख में कहा गया कि पड़ोसी श्रीलंका में हालिया आर्थिक संकट सार्वजनिक ऋण स्थिरता के महत्व को रेखांकित करता है। भारत में राज्यों के बीच राजकोषीय स्थिति में तनाव के संकेत हैं। केरल के पूर्व वित्त मंत्री और सत्तारूढ़ माकपा के राज्य सचिवालय सदस्य टी एम थॉमस इसाक ने कहा कि राज्य अपने खर्च में कटौती नहीं कर सकता है और आरबीआई ने राज्यों के संबंध में तनाव की चेतावनी देते हुए एक अदूरदर्शी दृष्टिकोण रखा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा ने कहा कि सभी राज्यों के कर्ज बढ़े हैं और तुलनात्मक आंकड़े उपलब्ध हैं। यहां तक कि केंद्र का कर्ज भी काफी बढ़ गया है। राज्य को जीएसटी मुआवजे का भुगतान केंद्र द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, नोटबंदी, जीएसटी या यहां तक कि कोरोना काल में भी गलत फैसलों से केंद्र ने राज्यों को हुए नुकसान के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया है। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि राज्य के कर्ज में वृद्धि मुख्य रूप से लोगों की आजीविका का समर्थन करने के लिए सामाजिक कल्याण के उपायों के कारण हुई। अर्थशास्त्री और आईएसआई के पूर्व प्रोफेसर अभिरूप सरकार ने कहा, पश्चिम बंगाल का कर्ज-एसजीडीपी अनुपात 2011-12 से गिर रहा है, जो आरबीआई के शोध पत्र के मुताबिक उस समय यह 45 फीसदी पर था और अब घटकर 35 प्रतिशत पर आ चुका है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत 27वें दिन स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव घटकर 114 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत अभी स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां लगातार 27वें दिन दोनों ईंधन की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। दिल्ली में शनिवार को पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल का 94.24 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। देश के अन्य शहरों नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का दाम 96.57 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 89.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटकर 114 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 113.22 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 109.56 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ था।

## सस्ता सोना खरीदने का 20 जून से मिलेगा मौका, भाव 5,091 रुपये प्रति ग्राम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार एक बार फिर आपको सस्ता सोना खरीदने का मौका दे रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) योजना 2022-23 की पहली किस्त में खरीद के लिए 20 जून से 5 दिनों के लिए खुलेगी। एसजीबी के लिए निर्गम मूल्य 5,091 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। आरबीआई के मुताबिक एसजीबी योजना वित्त वर्ष 2022-23 की पहली श्रृंखला खरीद के लिए 20 से 24 जून, 2022 के बीच पांच दिनों के लिए खुलेगी। ह्यसॉवरेन गोल्ड बॉन्डह्ण का निर्गम मूल्य 5,091 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। इसकी दूसरी किस्त 22-26 अगस्त, 2022 के दौरान खरीदने के लिए खुलेगी। दरअसल रिजर्व बैंक सोना में डिजिटली निवेश के लिए सरकार की ओर से ये बॉन्ड जारी करता है। रिजर्व बैंक के मुताबिक ऑनलाइन या डिजिटल माध्यम से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए आवेदन और भुगतान करने वाले निवेशकों को निर्गम मूल्य में 50 रुपये प्रति ग्राम छूट मिलेगी। इस तरह के निवेशकों के लिए स्वर्ण बॉन्ड का निर्गम मूल्य 5,041 रुपये प्रति ग्राम होगा। केंद्र सरकार की ओर से रिजर्व बैंक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जारी करता है। इसे यहां के निवासी, व्यक्तियों, अविभाजित हिंदू परिवार (एचयूएफ), न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को ही बेचे जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार सोने की भौतिक मांग को कम करने के इरादे से सबसे पहले गोल्ड बॉन्ड योजना नवंबर 2015 में लाई थी। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 12,991 करोड़ रुपये मूल्य के 10 किस्तों में एसजीबी जारी किए गए थे। इस योजना में निवेश की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए 4 किलोग्राम, एचयूएफ के लिए 4 किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिए 20 किलोग्राम है।

## पूरे ऊर्जा क्षेत्र के लिए कोयले का केंद्रीकृत आयात करे कोयला मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए विदेशों से कोयला आयात बेहद जरूरी होता जा रहा है, ऐसे में कोयला मंत्रालय को सभी ऊर्जा संस्थानों के लिए केंद्रीकृत आयात करना चाहिए। इससे प्रभावशीलता बढ़ेगी और लागत घटेगी। सूत्रों ने यह कहा।

दो सूत्रों ने बताया कि ऊर्जा मंत्रालय में यह ऐसा विचार उभर रहा है कि बिजली की किल्लत दूर करने के लिए कोयला मंत्रालय को आयात की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले लेनी चाहिए।

इसमें, ऊर्जा उत्पादन करने वाली कंपनियां अपनी मासिक आवश्यकता कोयला मंत्रालय को बता सकती हैं और फिर मंत्रालय कोल इंडिया को सभी आयात के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर काम करने का निर्देश दे सकता है।

हाल के दिनों में कोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी आपूर्तियों को बढ़ाने की खातिर कोयला आयात के लिए निविदाएं निकाली थीं। राज्यों और ऊर्जा उत्पादकों को भी ऐसा करने को कहा गया। यह जिम्मेदारी अब कोल इंडिया को दी जा सकती है।

सूत्रों ने कहा कि पूरी प्रक्रिया का मानकीकरण करने और इसे सुव्यवस्थित करने की जरूरत है ताकि बिजली कटौती की आशंका और विलंब के बिना कोयले की जरूरत पूरी हो सके। उन्होंने कहा, कोयले के विषय में कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया को बहुत अनुभव है इसलिए उन्हें पूरे ऊर्जा क्षेत्र की ओर से कोयले के आयात की जिम्मेदारी उठाना चाहिए और कोयले की संयंत्र तक आपूर्ति के लिए बंदोबस्त भी करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर ऑर्डर देने से देश बेहतर तरीके से मोलभाव कर सकेगा और इससे लागत घटेगी और परिणामस्वरूप ऊर्जा उत्पादन की लागत कम होगी। अभी ऊर्जा उत्पादन कंपनियां अपने स्तर पर कोयला आयात करती हैं।

### मूडीज ने आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक का मूलभूत कर्ज आकलन सुधारा

**नई दिल्ली।** मूडीज की निवेशक सेवा ने आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के मूलभूत कर्ज आकलन (बीसीए) में सुधार किया है, जो कर्ज के मूलभूत कारकों विशेषकर परिसंपत्ति गुणवत्ता का बेहतर होना दशार्ता है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बैंकों के बीसीए को बीएए3 से सुधाकर बीए1 कर दिया है। हालांकि, इससे जमा रेटिंग में कोई परिवर्तन नहीं आएगा, जो भारत की सॉवरेन रेटिंग बीएए3 स्थिर के स्तर पर ही है। उसने कहा कि दोनों बैंकों के बीसीए को सुधारने के पीछे वजह परिसंपत्ति गुणवत्ता, पूंजी और लाभ का बेहतर होना है। उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया है और गैर निष्पादित कर्जों का सकल एवं शुद्ध अनुपात भी घट रहा है। इसके अलावा उनका लाभ भी बेहतर हुआ है। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक का परिसंपत्तियों पर रिर्टन मार्च 2022 तक क्रमशः 1.8 फीसदी और 1.2 फीसदी था। यह इससे पहले चार वर्षों तक और मार्च 2020 के अंत तक औसत 0.8 फीसदी और 0.4 फीसदी था।

## भारत, ईयू के बीच कारोबारी समझौते से उल्लेखनीय और अछूती संभावनाएं सामने आएंगी : पीयूष गोयल

**ब्रसेल्स, एजेंसी**



भारत और यूरोपीय (ईयू) संघ के बीच व्यापार, निवेश और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर प्रस्तावित समझौतों को लेकर वार्ता औपचारिक रूप से बहाल होने के बीच वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां कहा कि इन समझौतों को लागू करने से अब तक अछूती रही उल्लेखनीय क्षमता को सामने लाने में मदद मिलेगी जो दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में मददगार होगी।

भारत और ईयू ने आठ साल से भी अधिक समय के बाद प्रस्तावित समझौतों पर 17 जून से औपचारिक वार्ता बहाल की है। गोयल ने कहा कि भारत और ईयू के बीच निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता पुनः शुरू करने के लिए वह यहां आए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इससे हमारे संबंध और भी मजबूत होंगे। बीते कुछ महीनों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। अब तक अछूती रहीं संभावनाएं इन तीन समझौतों के क्रियान्वयन से सामने आएंगी। ये तीन समझौते व्यापार, निवेश और जीआई से संबंधित हैं।

भारत ने 27 देशों के आर्थिक संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौता (बीटीआईए) पर 2007 में वार्ता शुरू की थी लेकिन वाहनों पर सीमा शुल्क जैसे कई अहम मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच जब सहमति नहीं बन सकी तो 2013 में यह वार्ता ठप पड़ गई।

गोयल से भारतीय पक्ष की अहम मांगों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारत आधुनिक उत्पादों को लेकर दुनिया के साथ सरोकार रखना चाहता है और उसका ध्यान ऐसे क्षेत्रों पर है जहां वह नई प्रौद्योगिकी और निवेश के लिहाज से लाभ अर्जित करना चाहता है। यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वलदिस डोम्ब्रोवस्किस ने कहा कि दोनों ही पक्ष महत्वाकांक्षी और व्यापक एफटीए चाहते हैं। उन्होंने बताया कि अगले दौर की वार्ता नई दिल्ली में होगी और यह 27 जून से एक जुलाई तक चलेगी। हमारा उद्देश्य 2023 के अंत तक वार्ता पूरी कर लेने का है।


भारत और यूरोपीय संघ पहले से ही प्रमुख कारोबारी साझेदार हैं और उनके बीच 120 अरब यूरो का सालाना व्यापार होता है। भारत के लिए ईयू तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है और 2021 में कुल भारतीय कारोबार में उसकी हिस्सेदारी लगभग 11 फीसदी थी। ईयू के लिए भारत 10वां अहम कारोबारी साझेदार है और 2021 में ईयू के कुल व्यापार में भारत की हिस्सेदारी दो फीसदी से कुछ अधिक थी।

### जीएसटी परिषद की 47वीं बैठक अब चंडीगढ़ में 28 जून से

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई के बीच माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की दो दिवसीय 47वीं बैठक 28 जून से अब श्रीनगर की वजाय चंडीगढ़ में होगी। इससे पहले 27 जून को अधिकारियों की बैठक होगी। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने हालांकि बैठक के स्थान में परिवर्तन को लेकर कोई विशेष जानकारी नहीं दी है लेकिन कहा है कि अब बैठक चंडीगढ़ में होगी। एक अन्य सूत्र ने बैठक के स्थान को सुरक्षा कारणों से बदले जाने की बात कही है। जीएसटी परिषद की यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब पूरी दुनिया महंगाई से परेशान है और भारत पर भी इसका असर दिख रहा है। देश में महंगाई तेजी से बढ़ी है और अब लोग उम्मीद कर रहे हैं जीएसटी परिषद आवश्यक वस्तुओं पर दरों को तर्कसंगत बनाकर राहत पहुंचाने में मदद कर सकती है। देश में जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने की मांग काफी दिनों से की जा रही है। और सिर्फ इसके लिए दो ही दरों की वकालत की जा रही है। अभी चार दरें हैं और कुछ वस्तुओं पर अधिभार भी लगाये जा रहे हैं।

## अगस्त-सितंबर में शुरू होगी 5जी सेवाएं, इस साल के अंत तक 20-25 शहरों में होगा विस्तारः वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी**




दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि साल के अंत तक 20-25 शहरों और कस्बों में 5जी सेवाओं की शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने साथ ही संकेत दिया कि नई सेवाओं की शुरूआत के साथ भारत में डेटा कीमतें दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कम बनी रहेंगी। भारत में डेटा की मौजूदा कीमतें वैश्विक औसत से काफी कम हैं। वैष्णव ने कहा कि 5जी की तैनाती अगस्त-सितंबर से शुरू होगी।

मंत्री ने कहा कि भारत 4जी और 5जी स्टैक विकसित कर रहा है, और डिजिटल नेटवर्क में दुनिया के लिए एक विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है।

उन्होंने टीवी9 भारत आज क्या सोचता है वैश्विक शिखर सम्मेलन में कहा कि कई देश भारत द्वारा विकसित किए जा रहे 4जी और 5जी उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को प्राथमिकता देना चाहते हैं। वैष्णव ने बताया कि अवांछित कॉलों के मुद्दे को हल करने के लिए मंत्रालय एक महत्वपूर्ण नियमन पर काम कर रहा है। इसके तहत किसी भी कॉल करने वाले के केवाईसी-पहचान वाले नाम को जाना जा सकेगा। उन्होंने 5जी सेवाओं पर कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि साल के अंत तक कम से कम 20-25 शहरों और कस्बों में 5जी की तैनाती हो जाएगी।

5जी सेवाओं के मूल्य निर्धारण के बारे में पूछने पर वैष्णव ने कहा कि आज भी भारत में डेटा दरें लगभग दो अमेरिकी डॉलर हैं, जबकि वैश्विक औसत 25 अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा कि यही प्रवृत्ति अन्य क्षेत्रों में भी होगी।

# गेंदबाजों और मध्यक्रम के बल्लेबाजों के दम पर भारत का पलड़ा भारी

बेंगलुरू, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को टी20 श्रृंखला के पांचवें और निर्णायक मैच में आज भारत की युवा टीम अपनी कमजोरियों से पार पाकर एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने आठ दिन के भीतर चार मैच खेले हैं और राहुल द्रविड़ के निरंतरता के फलसफे के मुताबिक अंतिम एकादश में ज्यादा बदलाव नहीं किये गए हैं। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने तीसरा मैच 48 रन से और चौथा 82 रन से जीता।

दिनेश कार्तिक ने पिछले मैच में जीत के सूत्रधार की भूमिका निभाई जबकि हर्षल पटेल और आवेश खान ने भी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। युजवेंद्र चहल अपने आईपीएल के घरेलू मैदान पर इस निर्णायक मैच में कुछ खास जरूर करना चाहेंगे। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जब दोनों टीमें उतरेंगी तो पहले दो मैचों में थकी हुई लग रही भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार होगी। तेम्बा बावुमा अगर चोट से उबर नहीं पाते हैं तो दक्षिण अफ्रीका को उनकी कमी खलेगी। पिछले दो मैचों में असमान उछाल वाली पिचों पर उनकी बल्लेबाजी भी कमजोर दिखी है जिससे भारतीय आक्रामक काफी धारदार नजर आने लगा है।



इस श्रृंखला में भारतीय टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो मैचों में हारने के बाद वापसी के लिये वह बधाई की पात्र है। एक युवा कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल के बाद अपने घर रूड़की पर आराम करना पसंद करता लेकिन जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैर मौजूदगी में टीम में ह्यस्टार पावरह्व रखने की कवायद में उन्हें खेलना पड़ा। पंत कप्तानी में कोई कमाल नहीं कर सके और उनकी बल्लेबाजी भी प्रभावित हो गई। अगर भारत यह श्रृंखला जीत लेता है तो हार्दिक पंड्या और केएल राहुल के साथ पंत भी नेतृत्व दल का हिस्सा होंगे क्योंकि 2023 विश्व कप के बाद भारतीय टीम फिर बदलाव के दौर से गुजरने वाली है। द्रविड़ शीर्ष तीन में बदलाव की संभावना पर विचार कर सकते हैं। रूतुराज गायकवाड़ मौजूदा तकनीक के साथ बेहतर पिचों पर अच्छे आक्रमण के सामने कमजोर साबित हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका सामना अनुभवहीन घरेलू

**प्रदर्शन**

- दिनेश कार्तिक ने पिछले मैच में जीत के सूत्रधार की भूमिका निभाई जबकि हर्षल पटेल और आवेश खान ने भी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया

गेंदबाजों से नहीं होगा जिन पर वह भारी पड़ सकते हैं। ईशान किशन के पास सीमित शॉट्स हैं।

श्रृंखला में भले ही उन्होंने काफी रन बनाये हों लेकिन आस्ट्रेलियाई पिचों पर अतिरिक्त रफ्तार और उछाल उनके लिये परेशानी का सबब बन सकता है। श्रेयस अय्यर को पूरी श्रृंखला खेलने को मिली लेकिन वह इस मौके को भुना नहीं सके। भारतीय टीम अब आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 खेलेगी तो उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को मिल जायेगी। आईसीसी टूर्नामेंट वाले वर्ष में कार्तिक हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते आये हैं। आयरलैंड में वह विकेटकीपिंग का जिम्मा भी संभालेंगे और टी20 विश्व कप में अगर उन्हें विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका सौंप दी जाये तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिये। गेंदबाजों में भुवनेश्वर कुमार को नयी गेंद से स्विंग मिल रही है। आवेश खान अच्छे बाउंसर डाल रहे हैं और आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं।स्पिनरों का प्रदर्शन इस श्रृंखला में अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। अक्षर पटेल विविधता नहीं ला सके हैं और चहल भी लगातार अच्छा नहीं खेल सके।

टीमें : भारत : ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), रूतुराज गायकवाड़, इशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डि कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, ऐडन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया, वेन पोर्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कागिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वान डर डुसेन और मार्को यानसेन।

## दबाव तो था लेकिन हर किसी को मौका देने का श्रेय राहुल सर को : आवेश खान

राजकोट, एजेंसी

भारत के तेज गेंदबाज आवेश खान ने पहले तीन मैचों में विकेट नहीं मिलने के बाद दबाव महसूस किया लेकिन उन्होंने कहा कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के भरोसे ने उन्हें चौथे टी20 मैच में मैच जिताने वाला प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। आवेश ने अपने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथे मैच में 18 रन देकर चार विकेट लिये। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा, पिछले चार मैचों से टीम में बदलाव नहीं हुआ है जिसका श्रेय राहुल सर को जाता है। वह सभी को मौका देते हैं और लंबा मौका देते हैं। उन्होंने कहा, एक या दो खराब प्रदर्शन के बाद वह किसी को टीम से बाहर नहीं करते क्योंकि एक दो मैचों के आधार पर किसी खिलाड़ी का आकलन नहीं हो सकता। सभी को खुद को साबित करने के काफी मौके मिल रहे हैं।



आवेश ने कहा, हां मुझ पर दबाव था। तीन मैचों में मुझे विकेट नहीं मिली थी लेकिन राहुल सर और टीम प्रबंधन ने मुझे फिर मौका दिया और मैने चार विकेट लिये। यह मेरे पापा का बर्थडे भी था तो मेरी तरफ से उन्हें यह तोहफा था। इंदौर के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि सलामी बल्लेबाज ईशान किशन से बात करने के बाद उन्होंने गेंदबाजी की रणनीति बनाई। उन्होंने कहा, मैने ईशान से बात की और उसने कहा कि हार्डलैंग्थ गेंद खेली नहीं जा रही। कुछ गेंदों को उछाल मिल रहा है और कुछ नीची रह रही है। मैने स्टम्प पर आक्रमण करने की रणनीति बनाई और लगातार हार्ड लैंग्थ गेंद डाली। मेरा काम अच्छी गेंदबाजी करना है, विकेट मिलना मेरे हाथ में नहीं है। टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की संभावना के बारे में उन्होंने कहा, चयन मेरे हाथ में नहीं है। मैं हर मैच में अपना शत प्रतिशत देना चाहता हूं। मैं बाद में मलाल नहीं रखना चाहता कि मैने प्रदर्शन में कमी रखी।

## राहुल द्रविड़ इंग्लैंड में उनको चुनेंगे, जिनको वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलेगी: सौरव गांगुली

नई दिल्ली, एजेंसी

बीसीसीआई अक्ष्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में उन्हीं खिलाड़ियों को मौका देने की संभावना है, जोकि इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप खेलेंगे। टीम के प्रुमख खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों के चोटिल या अन्य वजहों के कारण भारतीय टी20 टीम में काफी प्रयोग हुए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में ऋषभ पंत कप्तानी कर रहे हैं तो वहीं आयरलैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली टी20 सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया है। लेकिन टी20 वर्ल्ड के लिए कुछ महीने बचे हैं। ऐसे में गांगुली ने



कहा है कि विश्व कप के संभावित खिलाड़ी इंग्लैंड सीरीज से खेलेंगे। सौरव गांगुली से जब पूछा गया कि क्या आईसीसी इवेंट के साल में खिलाड़ियों को रोटेट करना सही विकल्प है। इस पर जवाब देते हुए गांगुली ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, "राहुल द्रविड़ इस चीज पर नजर बनाए हुए हैं। वह कुछ स्टेज पर एक सैटल खिलाड़ियों के साथ खेलने की प्लानिंग बना रहे हैं। शायद अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे से। हम उन खिलाड़ियों के साथ खेलना शुरू करेंगे, जिनके अक्टूबर में टी20 विश्व कप में खेलने की संभावना है।₹ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेल रही युवा भारतीय टीम ने भी अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद टीम ने लगातार दो मैच जीतकर सीरीज में शानदार वापसी की है। भारत को इंग्लैंड के इस दौरे पर एक रिशेड्यूल टेस्ट मैच के अलावा तीन टी20 और इतने ही मैच की वनडे सीरीज खेलनी है। इस दौरे पर टीम इंडिया 4 दिन का एक वॉर्म-अप मैच के अलावा दो टी20 अभ्यास मैच भी खेलेगी।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (वीसी), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी , जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

## इंग्लैंड ने बनाया एकदिवसीय मैच का सबसे बड़ा स्कोर

एम्सटेलवीन, एजेंसी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ खेले गये मुकाबले में एकदिवसीय क्रिकेट के सबसे बड़े टीम स्कोर का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए 498 रन बनाए। इंग्लैंड ने नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में खेले गए 50 ओवर मुकाबले में जॉस बटलर (162), फिलिप सॉल्ट (122) और लायम लिविंग्स्टोन (66) की बदौलत 50 ओवर क्रिकेट में नया कीर्तिमान रचा। इससे पहले इंग्लैंड ने ही 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉटिंघम में 481 रन बनाकर उस समय का सबसे बड़ा एकदिवसीय टीम स्कोर दर्ज किया था। नीदरलैंड ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। शेन स्नेटर सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को एक रन के स्कोर पर आउट करने में सफल भी रहे, लेकिन इसके बाद नीदरलैंड के गेंदबाजों की एक न चली। रॉय के साथी सॉल्ट ने 93 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 122 रन बनाये, जबकि डेविड मलान ने 109 गेंदें खेलकर 125 रन जोड़े। अपनी पारी में मलान ने नौ चौके और तीन छक्के लगाए। मैच के 30वें ओवर में 223 रन के टीम स्कोर पर सॉल्ट आउट हुए, और चौथे नंबर पर आए जॉस बटलर ने पारी की रफ़्तार को बदल कर रख दिया। इंग्लैंड ने अंतिम 20.2 ओवर में 275 रन जोड़े, जिसमें बटलर ने 162 रन का विशाल योगदान दिया। बटलर ने 70 गेंदों की इस विस्फोटक पारी में 14 छक्के और सात चौके जड़े। बटलर का साथ विस्फोटक बल्लेबाज लायम लिविंग्स्टोन ने दिया। लिविंग्स्टोन ने महज 22 गेंदों में 66 रन की आतिशी पारी खेली जिसमें उन्होंने छह छक्के और छह चौके लगाए। इस मैच में 26 छक्कों की बारिश के साथ इंग्लैंड ने एक मैच में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।

## यूनिफर अंडर-23 में आयरलैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम

डबलिन, एजेंसी

भारत की जूनियर महिला हॉकी कप्तान वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने कहा है कि यूनिफर अंडर-23 5-नेशंस टूर्नामेंट 2022 के लिए टीम की तैयारी स्क्रिप्ट के अनुसार हुई है और टीम आयरलैंड के खिलाफ अपनी फॉर्म को दोहराने की उम्मीद कर रही है। टीम एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप दक्षिण अफ्रीका 2021 के बाद पहली बार एक्शन में वापस आएगी जब वह 19 जून को यूसीडी डबलिन में आयरलैंड से खेलेगी। भारत प्रतियोगिता के लीग चरण में नीदरलैंड, यूएसए और यूक्रेन से भी खेलेगा। टीम की तैयारियों के बारे में बोलते हुए भारत की कप्तान वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने कहा, हम अंत में यहां यूनिफर अंडर-23 5-नेशंस 2022 में खेलने के लिए तैयार हैं। यहां का मौसम बहुत अच्छा है। हमने प्रशिक्षण के दौरान अच्छा खेला है और अब हम आगामी मैचों में इसे दोहराने की उम्मीद कर रहे हैं। सीरीज के लिए फाल्के की उप कप्तान डुंगडुंग ने अपने कप्तान की भावनाओं को दोहराते हुए कहा कि टीम प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमने बहुत अच्छी तरह से प्रशिक्षण लिया है और हम काफी उत्साहित हैं क्योंकि यहां हमारे लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। 19 जून को आयरलैंड के खिलाफ अपने मैच के बाद भारत 20 जून को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद, टीम 23 जून को अपने अंतिम लीग मैच में अमेरिका के साथ भिड़ेगी और इससे पहले 22 जून को यूक्रेन का सामना करेगी। राउंड-रॉबिन चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## भारत में अपने मीडिया राइट्स बेचेगा आईसीसी

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपने मीडिया राइट्स को अगले आठ साल के लिए बेचने जा रहा है। पिछली बार की अपेक्षा में इस बार अहम बदलाव किए गए हैं। बदलते मीडिया परिदृश्य को देखते हुए आईसीसी सबसे पहले, अगले सप्ताह से केवल भारतीय बाजार में उतरेगा। वह पुरुषों और महिलाओं के टूनामेंटों के प्रसारण अधिकारों को अलग-अलग बेचेगा, और डिजिटल राइट्स भी अलग से बेचेगा।

आईसीसी का पहले भारत जाने का फैसला यह दिखाता है कि उनकी इस डील को बेहतर से बेहतर करने की इच्छा है। अतीत में आईसीसी ने पुरुषों और महिलाओं के टूनामेंटों को मिलाकर एक साथ विश्व स्तर पर राइट्स बेचे हैं। अब आईसीसी बोलीदाताओं से अधिक प्रतिस्पर्धा की उम्मीद में विभिन्न क्षेत्रों के राइट्स बेचना चाहता है। इससे डील के कुल मोल में वृद्धि होगा। जब राइट्स पहले भारतीय बाजार के लिए बेचे जाएंगे, तो अधिकतम छह पैकेज केवल टीवी पर, केवल डिजिटल या दोनों एक साथ




उपलब्ध होंगे। संभावित बोलीदाता 16 पुरुष विश्व टूनामेंट (आठ सालों में) और छह महिला विश्व टूनामेंट (चार सालों में) के लिए क्रमशः 362 और 103 मैचों की बोली लगा सकते हैं। इन आंकड़ों में केवल सीनियर लेवल के मैच शामिल हैं; पुरुष और महिला अंडर-19 विश्व कप (वनडे और टी20) डील का हिस्सा होंगे, लेकिन इन आंकड़ों से अतिरिक्त हैं। आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, ₹इच्छुक पार्टियों को पुरुषों के इवेंट्स के पहले चार वर्षों के लिए बोली लगाने की आवश्यकता होगी। हालांकि, उनके पास आठ साल की पार्टनरशिप के लिए बोली लगाने का विकल्प भी है।₹ यदि कोई पैकेज केवल चार वर्षों के लिए बेचा जाता है, तो आईसीसी दूसरी चार साल की अवधि के लिए राइट्स बेचने के लिए एक और अवधि देगा।

पुरुषों के इवेंट्स (अंडर-19 सहित) के लिए तीन पैकेज उपलब्ध होंगेः टीवी (चार/आठ वर्ष) डिजिटल (चार/आठ वर्ष) टीवी और डिजिटल दोनों (चार/आठ वर्ष) महिलाओं के इवेंट्स (अंडर-19 सहित) के लिए समान पैकेज उपलब्ध होंगे, सिवाय इसके कि उनमें से प्रत्येक के लिए अवधि चार वर्ष है : टीवी (चार वर्ष) डिजिटल (चार वर्ष) टीवी और डिजिटल दोनों (चार वर्ष)

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफ एलार्डिस ने विज्ञप्ति में कहा, ₹पिछले पांच वर्षों में महिला क्रिकेट में लोगों की रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हमने उस विकास में तेजी लाने के लिए एक लंबी अवधि की रणनीतिक प्रतिबद्धता बनाई है और हमारी महिलाओं के इवेंट्स के राइट्स को अलग से बेचना इसमें एक बड़ी भूमिका निभाएगा।

**फैसला**

- आईसीसी का पहले भारत जाने का फैसला यह दिखाता है कि उनकी इस डील को बेहतर से बेहतर करने की इच्छा है

हम एक ऐसे ब्रॉडकास्ट पार्टनर की तलाश कर रहे हैं जो महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका से उत्साहित हो और यह सुनिश्चित कर सके कि पहले से कहीं अधिक प्रशंसक इसका आनंद ले सकें।₹ आईसीसी 20 जून को उपरोक्त आयोजनों के लिए भारतीय बाजार के टेंडर के लिए एक आमंत्रण जारी करेगा। अतिरिक्त बाजारों के लिए टेंडर जारी करने से पहले सितंबर 2022 की शुरूआत तक सफल बोलीदाताओं की घोषणा करेगा।

## कार्तिक की वर्ल्ड कप टीम में जगह को लेकर गौतम गंभीर पर भड़के सुनील गावस्कर, पूछा- तुम्हे कैसे पता वह नहीं खेल रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिनेश कार्तिक ने आईपीएल 2022 में अपने दमदार प्रदर्शन से भारतीय टी20 टीम में वापसी की है और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पांच मैचों की सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, अब उनको ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप टीम में भी शामिल किए जाने को लेकर क्रिकेट एक्सपर्ट के बीच बहस शुरू हो गई है। इस सीरीज के बीच में भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा था, "अगर उसकी प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं है, तो उसे टीम में जगह देने का कोई मतलब नहीं है।

गंभीर के इस बयान से दिग्गज सुनील गावस्कर सहमत नहीं दिखे और उन्होंने कहा कि कार्तिक वह खिलाड़ी हो सकते हैं, जिन्हें भारत खोज रहा है। हालांकि गावस्कर ने गंभीर का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी ये टिप्पणी गंभीर के दिनेश कार्तिक के वर्ल्ड कप टीम में जगह न मिलने को लेकर दिए बयान के बाद आई है। गावस्कर ने कहा, "मुझे पता है लोग ये बातें कर रहे हैं कि आप उसे कैसे टीम में ले सकते हैं, जब वह खेलने नहीं जा



रहा है। आप कैसे देख सकते हैं कि वह खेल नहीं पाएगा? भारत जिसकी तलाश में वह यही खिलाड़ी हो सकता है। आप फॉर्म को देखते हैं न कि प्रतिष्ठा, नाम और फिर आप उस खिलाड़ी को चुनते हैं।" दिनेश कार्तिक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच में फिनिशर की भूमिका निभाते हुए शानदार पारी खेली। दिनेश ने 27 गेंदों में 55 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर भारत को एक सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दिग्गज सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में कार्तिक के खेलने की संभावनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। भारतीय टीम 13 ओवर में 81 के स्कोर पर 4 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे दिनेश कार्तिक ने 9 चौके और 2 छक्के की बदौलत भारत को 169/6 के टोटल तक पहुंचने में मदद की। साउथ अफ्रीका की टीम का टारगेट का पीछा करते हुए सिर्फ 87 रन पर ही ढेर हो गई और भारत ने ये मैच 82 रन से जीता। ये दिनेश कार्तिक की पहली अंतरराष्ट्रीय टी20 फिफ्टी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए गावस्कर ने कहा, "जहां तक दिनेश कार्तिक का सवाल है, वह ऐसे समय में आया था जब हर गेंद पर बल्ला चलाया जाता। लेकिन गावस्कर ने उनकी उम्र को लेकर किसी भी चिंता को खारिज कर दिया और कहा कि उन्हें अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2022 टी20 विश्व कप के लिए टीम में होना चाहिए। गावस्कर ने कहा, उसकी उम्र को मत देखो, देखो कि वह क्या कर रहा है। अगर डीके मेलबर्न के लिए उस फ्लाइट में नहीं है, तो यह एक बड़ा सरप्राइज होगा। 37 वर्षीय कार्तिक ने हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में वापसी की।

## संक्षिप्त खबरें

### अदिति मीजर एपीजीए क्लासिक में कट से चूकी

बेलमोंट। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का बेहतर स्कोर किया लेकिन उनका यह प्रयास यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में कट हासिल करने के लिए काफी साबित नहीं हुआ। अदिति को शुरूआती दौर में 75 के खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर ईवन पार का रहा जबकि दो अंडर तक स्कोर करने वाले खिलाड़ियों ने कट में जगह बनायी। अदिति संयुक्त रूप से 91वें स्थान पर रही और इस सत्र में वह 12 टूनार्मेंटों में चौथी बार कट में जगह बनाने से चूकी हैं।

### तीन देशों के अंडर-23 टूनार्मेंट में हिस्सा लेने स्वीडन जाएगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम तीन देशों के अंडर-23 टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए स्वीडन की यात्रा करेगी। टूनार्मेंट 22-28 जून तक स्वीडन में खेला जाएगा। भारत और स्वीडन के अलावा टूनार्मेंट में हिस्सा लेने वाली तीसरी टीम यूएसए की है। सुरेन छेत्री (अंडर-20 महिला टीम और भारतीय एरोज महिला टीम के मुख्य कोच) एक अंतरिम मुख्य कोच के रूप में शिविर का नेतृत्व करने जा रहे हैं। 23 सदस्यीय भारतीय दल फिलहाल 13 जून से पुणे में एक प्रशिक्षण शिविर में है। भारतीय टीम 22 जून को स्वीडन और 25 जून को यूएसए के खिलाफ खेलेगी।

### त्वेसा ने आरामको सीरिज में कट में प्रवेश किया

लंदन। खराब शुरूआत से उबरकर वापसी करते हुए त्वेसा मलिक ने आरामको टीम सीरिज लंदन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। त्वेसा ने आठ फीट के भीतर तीन बर्डी चूके लेकिन 18वें होल पर बर्डी लगाया। पहले दौर में 74 के बाद उन्होंने दूसरे दौर में 78 का स्कोर किया। वह छह ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 59वें स्थान पर है जबकि 62 खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया। भारत की दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना सकी। इंग्लैंड की हेली डेविड ने आखिरी दौर से पहले दो शॉट की बढत बना ली है।

### कोको गॉ बर्लिन ओपन के सेमीफाइनल में

बर्लिन। अमेरिका की कोको गॉ पहली बार ग्रासकोर्ट टेनिस सेमीफाइनल में पहुंच गई जिन्होंने बर्लिन ओपन में कैरोलिना प्लिसकोवा को 7.5, 6.4 से हराया। अब उनका सामना ओंस जबाउर से होगा। फ्रेंच ओपन उपविजेता 18 वर्ष की गॉ ने दोनों सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पिछले साल की विम्बलडन उपविजेता को हराया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त जबाउर ने एलिकसैंड्रा सेस्नोविच को 6.7, 6.2, 6.2 से मात दी।

### रणनीति के बारे में बात की और नतीजा सामने है : पंत

राजकोट। भारतीय कप्तान ऋषभ पंत ने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत से पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर करने के बाद कहा कि हमने रणनीति के कार्यान्वयन के बारे में बात की और नतीजा सामने है। मैन ऑफ द मैच दिनेश कार्तिक (55 रन) के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल बाद लगाये गये पहले अर्धशतक के बाद आवेश खान (18 रन देकर चार विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने 82 रन से जीत दर्ज की। श्रृंखला का फैसला अब 19 जून को बेंगलुरू में होने वाले पांचवें टी20 मैच से होगा।

## कार्तिक असामान्य क्षेत्र में रन बनाता है : महाराज

राजकोट, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज दिनेश कार्तिक मैदान में ऐसे क्षेत्र में रन जुटाने की कोशिश करते हैं जहां पर सामान्य रूप से रन नहीं बनते हैं जिससे उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। कार्तिक ने 27 गेंद में 55 रन की पारी खेली और यह 2006 में पहला टी20 मैच खेलने के बाद इस प्रारूप में उनका पहला अर्धशतक था। इस पारी की बदौलत भारत शुक्रवार को यहां पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-2 से बराबर करने में सफल रहा। कार्तिक (37 साल) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम में एक और वापसी की। भारतीय टीम के फिनिशर कार्तिक पावरहिटिंग पर ही निर्भर नहीं रहते। उन्होंने रन जुटाने के लिये मैदान का अच्छा इस्तेमाल किया। शुक्रवार को उन्होंने स्पिनरों और तेज गेंदबाजों के खिलाफ स्वीप शॉट के अलावा रिवर्स हिट से रन जोड़े। मैच के बाद महाराज ने कहा, वह (कार्तिक) शानदार फॉर्म में है और अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभा रहा है। वह निश्चित रूप से खेल के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर में से एक है। वह ऐसे क्षेत्र में रन जुटाता है जो सामान्य नहीं है इसलिये उसे गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, हमने देखा कि इसलिये ही वह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन खिलाड़ियों में से एक था। उसने आज शानदार क्लास दिखायी और वह बेहतरीन खेला।

## 23 साल बाद रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचा मध्य प्रदेश, बंगाल को सेमीफाइनल में 174 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

मध्यप्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइल में बंगाल को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। दिलचस्प बात ये है कि मध्यप्रदेश की टीम ने 23 साल बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई है। रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मध्य प्रदेश की टीम ने इससे पहले 1999 में कर्नाटक के खिलाफ फाइनल खेला था।

मुंबई और उत्तरप्रदेश के बीच हो रहे दूसरे सेमीफाइनल विजेता से मध्य प्रदेश फाइनल में खेलेगी। मध्य प्रदेश ने बंगाल को सेमीफाइनल में 174 रन से करारी शिकस्त दी है। मध्यप्रदेश ने सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमांशु मंत्री के 165 रनों



की बदलौत पहली पारी में सभी विकेट खोकर 341 रन बनाए थे। इसके जवाब में बंगाल की टीम मनोज तिवारी और शहबाज अहमद के शतकों के बावजूद सिर्फ 273 रन पर ही सिमट गई थी। मध्य प्रदेश को पहली पारी के आधार पर 68 रन की बढ़त हासिल हुई। दूसरी पारी में मध्य प्रदेश की टीम 281 रन पर ढेर हो गई। मध्य प्रदेश ने बंगाल के सामने जीत के लिए 350 रनों का टारगेट रखा। लेकिन बंगाल की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 175 रन पर ऑल आउट हो गए। बंगाल की दूसरी पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और पहली ही गेंद पर सलामी बल्लेबाज अभिषेक रमन को कार्तिकेय ने पवेलियन भेजा। सुदीप कुमार घारामी और अभिमन्यु ईश्वरन ने 49 रन की साझेदारी की जिसे सारांश जैन ने तोड़ा। पिछले मैच के शतकवीर घारामी 32 गेंद में 19 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक पोरेल और मनोज तिवारी सात सात रन बनाकर कार्तिकेय की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। क्वार्टर फाइनल में बंगाल के नौ बल्लेबाजों ने अर्धशतक बनाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया था लेकिन आज मध्यप्रदेश के गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी के सामने शीर्षक्रम टिक नहीं सका। अभिमन्यु ईश्वरन ने दूसरी पारी में सर्वाधिक 78 रन बनाए। बंगाल की टीम अपने चौथे दिन के स्कोर 96/4 से आगे खेलने उतरी और आखिरी दिन सिर्फ 79 रन जोड़कर अपने 6 विकेट गंवा दिए।

## चोट के कारण स्मिथ की श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे में खेलने की संभावना कम : रिपोर्ट

कोलंबो, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का श्रीलंका के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से बाहर होना तय है क्योंकि पूर्व कप्तान को सीरीज के दूसरे मैच में चोट से झूझना पड़ रहा है। स्मिथ के बाहर बैठने की संभावना के साथ, आरोन फिंच की अगुवाई में ऑस्ट्रेलियाई सफेद गेंद वाली टीम में यह सातवां खिलाड़ी चोट से पीड़ित हो गया है।

वाटोडे डॉट कॉम डॉट एयू की एक रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया, हालांकि गंभीर नहीं माना जाता है, चोट को मैच के दौरान बैंडिंग की जरूरत थी और टेस्ट सीरीज सिर्फ 11 दिनों में शुरू होने के कारण, ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से सतर्क रुख अपनाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलिया के



विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हवाले से कहा गया है, पच्चीस वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को ऑस्ट्रेलिया ए टीम से वापस बुलाकर टीम में शामिल किया गया है क्योंकि नियमित सफेद गेंद के स्पिनर एश्टन एगर को भी साइड स्ट्रेन के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था। इसके अलावा, ट्रैविस हेड को घायल मार्कस स्टोइनिस के कवर के रूप में हंबनटोटा से कैंडी भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### शंघाई की पेट्रोकेमिकल कंपनी में लगी आग

बीजिंग। चीन के शंघाई में शनिवार तड़के एक पेट्रोकेमिकल संयंत्र में आग लग गई। कंपनी ने अपने वीबो अकाउंट पर यह जानकारी दी। आग सिनोपेक शंघाई पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड के एथिलीन ग्लाइकॉल प्लांट क्षेत्र में सुबह करीब चार बजे लगी। आग पर काबू पाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस के 4,404 नये मामले

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में शनिवार को कोविड-19 के 4,404 सामुदायिक मामले सामने आए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज 4,404 सामुदायिक मामलों और कोरोना से 11 मौतों की सूचना दी। वर्तमान में 356 मरीजों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। नये सामुदायिक मामलों में से 1,318 मामले सबसे बड़े शहर ऑकलैंड के हैं। इसके अलावा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को न्यूजीलैंड सीमा पर कोविड-19 के 50 नए मामले सामने आए। महामारी की शुरूआत के बाद से न्यूजीलैंड में अब तक कोविड-19 के 12,63,333 मामले सामने आ चुके हैं।

### उत्तर कोरिया में कोविड-19 के मामलों में गिरावट दर्ज

सोल। उत्तर कोरिया में शनिवार को सामने आए पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड 19 के मामलों में लगभग 20,000 तक गिरावट देखी गई है। इसकी जानकारी वहां के मीडिया ने दी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने राज्य आपातकालीन महामारी रोकथाम मुख्यालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 24 घंटे की अवधि में शाम 6 बजे तक 20,360 से अधिक लोगों में बुखार के लक्षण देखे गए थे। हालांकि, अतिरिक्त मौतों की जानकारी सामने नहीं है। बुधवार तक, कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या 73 थी, जिसके चलते मृत्यु दर 0.002 प्रतिशत थी। 15 मई को बुखार के मामले में 392,920 से अधिक दर्ज किए गए थे, लेकिन अब मामलों में गिरावट देखी जा रही है।

### गाजा पट्टी से इजरायल पर दागा गया रॉकेट

तेल अवीव। गाजा पट्टी की ओर से इजरायल पर एक रॉकेट दागा गया लेकिन एक हवाई रक्षा प्रणाली ने उसे रोक दिया है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। कुछ मिनट पहले, आईडीएफ ने कहा कि अश्कलोन शहर सहित इजराइल के दक्षिणी हिस्से में हवाई हमले के सायरन बज गए थे। आईडीएफ ने कहा, इजरायली क्षेत्र में गाजा पट्टी से एक रॉकेट दागा गया है। रॉकेट को वायु रक्षा प्रणाली ने रोक लिया है।

### यूएसएड प्रमुख ने भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे से मुलाकात की

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिका एजेंसी (यूएसएड) की प्रशासक और बाइडन प्रशासन की एक शीर्ष अधिकारी सामंथा पावर ने लोकतंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे से मुलाकात की। पावर ने भारत में मजदूर किसान शक्ति संगठन (एमकेएसएस) और नेशनल कैंपेन फॉर पीपुल्स राइट टू इंफॉर्मेशन (एनसीपीआरआई) के संस्थापक सदस्य निखिल डे से मुलाकात की। डे ओपन गवर्नमेंट पार्टनरशिप स्टीयरिंग कमेटी के पूर्व सदस्य भी हैं। दोनों के बीच बृहस्पतिवार को यहां बैठक हुई। एक बयान में कहा गया है कि पावर और डे ने भारत और दुनिया भर में लोकतंत्र और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। यूएसएड ने एक बयान में कहा, उन्होंने कठिन माहौल में सक्रिय कार्यकताओं और पत्रकारों के लिए सुरक्षा और कानूनी बचाव के महत्व एवं मुक्त सरकार तथा सामाजिक जवाबदेही पर निरंतर प्रगति की आवश्यकता पर चर्चा की।

# अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में गुरुद्वारे पर हमला

काबुल, एजेंसी



अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को एक सिख गुरुद्वारे में कई विस्फोट और गोलीबारी की घटनाएं हुईं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

टोलो न्यूज ने धमाके का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया कि विस्फोट काबुल के कार्ते परवान इलाके में हुआ। इलाके में गोलीबारी की भी खबर है। कार्ते परवान गुरुद्वारा उसी क्षेत्र में स्थित है। फिलहाल विस्फोट और गोलीबारी में मारे गए लोगों की संख्या पता नहीं चल पाई है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ट्वीट किया, हम काबुल शहर में एक पवित्र गुरुद्वारे पर हुए हमले की घटना से बहुत चिंतित हैं।

हम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं और आगे की घटना के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। द एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, तालिबान के आंतरिक मंत्रालय द्वारा नियुक्त प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि, उन्होंने हमले में मारे गए लोगों की संख्या या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। गुरुद्वारे पर हुए इस हमले की फिलहाल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

**• विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ट्वीट किया, हम काबुल शहर में एक पवित्र गुरुद्वारे पर हुए हमले की घटना से बहुत चिंतित हैं।**

अतीत में इस्लामिक स्टेट इन खोरासन (आईएस-के) देशभर में मस्जिदों और अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है। चीन की स्थानीय समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से कहा, हमने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब छह बजे कार्ते परवान इलाके में विस्फोट की आवाज सुनी। पहले विस्फोट के लगभग आधे घंटे के बाद दूसरा विस्फोट हुआ। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। उसने बताया कि सुरक्षा बलों ने एहतियात के तौर पर इलाके की घेराबंदी कर दी है। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, विस्फोट के कारण आसमान में धुएं का गुबार फैल गया। हमले के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। उसने कहा, विस्फोट में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका है।

सुरक्षा बलों द्वारा चेतावनी के लिए कई गोलियां दागी गईं। सिख समुदाय के नेताओं का अनुमान है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में सिर्फ 140 सिख बचे हैं, जिनमें से ज्यादातर पूर्वी शहर जलालाबाद और राजधानी काबुल में हैं। इससे पहले, मार्च 2020 में काबुल के एक गुरुदारे में हुए आत्मघाती हमले में कम से कम 25 सिख मारे गए थे और आठ अन्य लोग घायल हुए थे।

यह हमला अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक सिख समुदाय पर हुए सबसे घातक हमलों में से एक था। शोर बाजार इलाके में हुए इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

# स्पेसएक्स ने मस्क की आलोचना करने वाले कर्मचारियों को निकाला

हॉथोर्न (अमेरिका), एजेंसी

टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क द्वारा संचालित अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने अपने कई कर्मचारियों को निकाल दिया है। मीडिया की खबरों के अनुसार, एक खुला पत्र लिखते हुए इन कर्मचारियों ने मस्क के व्यवहार के लिए उनकी आलोचना की थी। शुक्रवार को प्रकाशित खबर में स्पेसएक्स की अध्यक्ष ग्वेने शॉटवेल के एक ई-मेल का हवाला देते हुए कहा गया है कि कंपनी ने उन कर्मचारियों की सेवाएं खत्म कर दी हैं, जिन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए और इसे प्रसारित किया। पत्र लिखने वालों ने मस्क के कार्यों की निंदा की थी। उनका कहना था कि मस्क ने हाल के हफ्तों में कर्मचारियों का ध्यान भटकाने और उन्हें शर्मिंदा करने वाले कई कदम उठाए हैं।

सबसे पहले, न्यूयॉर्क टाइम्स ने घटनाक्रम से वाकिफ तीन कर्मचारियों से मिली सूचना के आधार पर यह खबर प्रकाशित की। कर्मचारियों के नाम उजागर नहीं किए गए हैं। फिलहाल यह नहीं पता चल पाया है कि स्पेसएक्स के कितने कर्मचारियों की नौकरियां गई हैं, लेकिन शॉटवेल के ई-मेल के मुताबिक इन कर्मचारियों पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई की गई है। शॉटवेल ने ई-मेल में लिखा कि पत्र की वजह से कई कर्मचारी असहज और भयभीत हुए तथा वे आक्रोशित महसूस कर रहे थे, क्योंकि उन पर ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डाला जा रहा था, जो उनके विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करता था। उन्होंने लिखा है, हमारे पास करने के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण कार्य हैं और इस तरह की अति सक्रियता की कोई आवश्यकता नहीं है। इन कर्मचारियों की सेवाएं बृहस्पतिवार को खत्म की गईं। उसी दिन मस्क ने पहली बार ट्विटर के कर्मचारियों को अपने कारोबार में सोशल मीडिया सेवा को जोड़ने के लिए 44 अरब डॉलर के सौदे के बारे में बताने के लिए संबोधित किया था। यह खरीद प्रक्रिया अधर में है, क्योंकि मस्क यह निर्धारित करने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या ट्विटर अपने प्लेटफॉर्म पर मौजूद फर्जी अकाउंट की संख्या छिपा रहा है।

हाल के दिनों में मस्क माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल समेत कई अन्य के बारे में अपने ट्वीट को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। मस्क की आलोचना करने वाले स्पेसएक्स के कर्मचारियों ने अपने खुले पत्र में कहा है कि इन ट्वीट की वजह से उनके 9.8 करोड़ फॉलोअर के बीच कंपनी की साख प्रभावित हुई है।

# जेलेंस्की और जॉनसन ने की मुलाकात, सुरक्षा मुद्दों पर की बातचीत

कीव, एजेंसी



यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से मुलाकात कर रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष रूप से जेलेंस्की और जॉनसन ने यूक्रेन के पूर्व और दक्षिण में अग्रिम मोर्चे पर मौजूदा स्थिति के साथ-साथ हथियारों की आपूर्ति पर विस्तार से चर्चा की।

जेलेंस्की ने बातचीत के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने भारी हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में बात की है। आज मुख्य बात यूक्रेन के लिए भी हवाई रक्षा प्रदान करना है। हमने इस दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। जॉनसन ने आगे कहा कि अपने हिस्से के तौर पर उनका देश यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने और इसके उपयोग के लिए सैन्य प्रशिक्षण का आयोजन जारी रखने के लिए तैयार है।

इसके अलावा, दोनों पक्षों ने यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी और बारूदी सुरंगों से यूक्रेनी क्षेत्र को खाली करने के प्रयासों पर भी चर्चा की। बातचीत के अन्य प्रमुख विषय कीव के लिए वित्तीय और आर्थिक सहायता, यूक्रेनी बंदरगाहों की नाकाबंदी, साथ ही यूक्रेन में ऊर्जा संकट को दूर करने के प्रयास रहे।

**बातचीत**

**• जेलेंस्की ने बातचीत के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने भारी हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में बात की है।**

जॉनसन रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरूआत के बाद से अपनी दूसरी यात्रा के लिए दिन में कीव पहुंचे। इससे पहले, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को यूक्रेन की राजधानी का दौरा किया था।

### ब्राजील में लापता ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स की मौत

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के सुदूर इलाके में लापता ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स की मौत हो चुकी है। शव के अवशेषअमेजन वर्षावन क्षेत्र में मिले हैं। ब्राजील पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स के अवशेषों की आधिकारिक पहचान कर ली गई है। उनका शव अमेजन वर्षावन में दफना दिया गया था। वह एक पुस्तक शोधयात्रा के दौरान लापता हुए थे। पुलिस के मुताबिक फिलिप्स 5 जून को स्वदेशी विशेषज्ञ गाइड ब्रूनो परेरा के साथ लापता हो गए थे। द गार्जियन और अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों में लंबे समय से योगदान देने वाले फिलिप्स के साथ परेरा अमेजन के सतत विकास पर एक पुस्तक पर काम कर रहे थे। ब्रूनो परेरा ब्राजील की स्वदेशी मामलों की एजेंसी एफयूएनएआई के विशेषज्ञ थे। उन्हें लकड़हारों और खनिकों से कई बार धमकी मिल चुकी थी। ब्राजील पुलिस ने कहा है कि 41 वर्षीय मछुआरे अमरिल्डो दा कोस्टा डी ओलिवेरा (पेलाडो) ने कबूला है कि उसने फिलिप्स और परेरा की हत्या की है। पेलाडो ने इसके लिए बंदूक का इस्तेमाल किया।

# प्रधानमंत्री को 'माफीवीर' बनना होगा, 'अग्निपथ' योजना वापस लेनी पड़ेगी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विवादित कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था, ठीक उसी तरह उन्हें युवाओं की मांग को स्वीकार करना होगा और अग्निपथ रक्षा भर्ती योजना को वापस लेना पड़ेगा। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार लगातार आठ वर्षों से जय जवान, जय किसान के मूल्यों का अपमान कर रही है।

अग्निपथ योजना के विरोध के बीच शुक्रवार को कुछ राज्यों में राजमार्ग और रेलवे स्टेशन में हिंसा देखी गई। तेलंगाना के सिकंदराबाद में पुलिस की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि कुछ शहरों में ट्रेन में आग लगाए जाने और निजी एवं सार्वजनिक वाहनों में तोड़फोड़ किए जाने की घटनाएं सामने आई थीं।

राहुल ने ट्वीट किया, आठ वर्षों से भाजपा सरकार ने जय जवान, जय किसान के मूल्यों का लगातार अपमान किया है। मैंने पहले भी कहा था कि प्रधानमंत्री जी को काले कृषि कानून वापस लेने पड़ेंगे। ठीक उसी तरह उन्हें माफीवीर बनकर देश के युवाओं की बात माननी पड़ेगी और अग्निपथ को वापस लेना ही पड़ेगा।

सरकार ने मंगलवार को इस योजना की शुरूआत करते हुए कहा था कि साढ़े 17 से 21 साल तक की उम्र के युवाओं को संविदा के आधार पर चार साल के कार्यकाल के लिए थल सेना, वायुसेना और नौसेना में भर्ती किया जाएगा। सरकार ने कहा था कि रक्षा जरूरतों के आधार पर 25 प्रतिशत जवानों को नियमित सेवा के लिए बरकरार रखा जाएगा। अग्निपथ योजना को लेकर बढ़ते विरोध के मद्देनजर भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा बृहस्पतिवार को बढ़ाकर 23 साल कर दी गई थी।

नई भर्ती योजना को सरकार ने तीनों सेनाओं में युवाओं की संख्या बढ़ाने के लिए दशकों पुरानी चयन प्रक्रिया में एक बड़े बदलाव के रूप में पेश किया है।

# लैंगिक असमानता में बढ़ोतरी हुई: भारतीय-अमेरिकी गीता राव

वाशिंगटन, एजेंसी


वैश्विक महिला मामलों के दूतावास प्रभारी पद के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा नामित भारतीय-अमेरिकी गीता राव गुप्ता ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्षों के अलावा कोविड-19 वैश्विक महामारी, जलवायु संकट और निरंकुशता बढ़ने से लैंगिक असमानता में वृद्धि हुई है। पद पर गुप्ता के नाम की पुष्टि के लिए बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान उन्होंने सीनेट कमेटी ऑन फॉरेन रिलेशंस के समक्ष कहा कि उन्हें अमेरिकी नागरिक होने और समुदायों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली पेशेवर महिलाओं एवं उनका पूरा समर्थन करने वाले पुरुषों के परिवार से संबंध रखने वाली पहली पीढ़ी की प्रवासी होने पर गर्व है। गुप्ता ने कहा, यदि आप आज दुनिया को देखें, महिलाओं के हालात देखें, यदि आप लैंगिक असमानता के संकेतकों को देखें तो वे दशार्ते हैं कि असमानता बढ़ी है। लैंगिक एवं महिलाओं संबंधी मामलों की विशेषज्ञ गुप्ता ने सीनेटर जिएने शाहीन के एक सवाल के जवाब में कहा, हम हमारे सामने मौजूद खतरों के कारण लैंगिक समानता के मामले में पीछे खिसके हैं। इस समय हमारे सामने महिलाओं को श्रम बल से दूर करने वाली कोविड-19 महामारी, जलवायु संकट, तानाशाही उदय और दुनियाभर में संघर्ष जैसे खतरे हैं। गुप्ता के अनुसार, दुनियाभर में महिलाओं को कई असमानताएं और अपमान झेलने पड़ते हैं, जो उन्हें अर्थव्यवस्था में पूर्ण भागीदारी से रोकते हैं। गुप्ता ने सांसदों को बताया कि उन्होंने भारत में अपना डॉक्टरेट शोध उन बाधाओं को समझने के लिए किया, जिनका सामना महिलाओं को अपने करियर में करना पड़ता है और इसी ने उन्हें महिलाओं के समक्ष पेश आने वाली असमानताओं को दूर करने के लक्ष्य पर केंद्रित करियर अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### मोदी ने हीराबा के चरण धोकर लिया आशीर्वाद

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अपनी मां हीराबा के चरण धोकर उनका आशीर्वाद लिया। श्री मोदी माता हीराबा के 100वें जन्म दिन के मौके पर अपने छोटे भाई के साथ रह रही मां हीराबा से मिलने आज सुबह उनके घर पहुंचे। जहां पूज्य हीराबा के चरणों में बैठकर उन्होंने पुत्र सहज भाव से मातृश्री के चरण धोए और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। वह करीब 30 मिनट उनके साथ रहे और हीराबा के शतायु होने के अवसर उनके स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार की शाम गांधीनगर राजभवन पहुंचे थे। जहां से गांधीनगर में आज सुबह अपनी माता हीराबा से मिलने के बाद वह सुबह लगभग 09:15 बजे प्रधानमंत्री पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित श्री कालिका माता के पुनर्निमित मंदिर की यात्रा करेंगे और इसका उद्घाटन करेंगे।

# एससीओ सीमा सुरक्षा बलों के प्रमुखों की बैठक संपन्न

नई दिल्ली, एजेंसी



शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सीमा सुरक्षा बलों के प्रमुखों ने माना कि सीमाओं पर नई चुनौतियों एवं खतरों के संबंध में समान रुख का विकास तथा पेशेवराना वैचारिक आदान प्रदान सभी सदस्य देशों की सीमाओं पर सुरक्षा एवं विश्वास को मजबूत करने में योगदान देगा। एससीओ के सदस्य देशों के सीमा सुरक्षा बलों के प्रमुखों के तीन दिवसीय सम्मेलन के आज संपन्न होने पर सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह और एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक प्रणाली (आरएटीएस) की कार्य समिति के निदेशक मिर्जाएव रस्लेन इकीनोविच ने एक वक्तव्य में इसकी जानकारी दी।

वक्तव्य में उन्होंने कहा कि एससीओ सदस्य देशों की सीमा सेवाओं के सक्षम प्राधिकारों के प्रमुखों की आठवीं बैठक भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कजाखस्तान, चीन, किर्गीज गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्ब्रेकिस्तान और एससीओ -आरएटीएस की कार्य समिति के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रतिभागियों ने एससीओ में सदस्य देशों की सीमाओं की स्थिति दशार्ने वाली सूचनाओं, रुझान एवं आगे होने वाली गतिविधियों के आकलन का आदान प्रदान किया। बैठक में वर्ष 2021 में संचालित किये गये संयुक्त सीमा अभियान सॉलिडेयरिटी 2019-21 के परिणामों की समीक्षा की गयी और उसकी सराहना की गयी। वर्ष 2022 में संयुक्त सीमा अभियान -फ्रेंडशिप बॉर्डर 2022 की तैयारियों एवं संचालन की योजनाओं का जायजा लिया गया और उसे स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी के साथ वर्ष 2023 में चीन की अगुवाई में होने वाले संयुक्त सीमा अभियान -सॉलिडेयरिटी 2023 में भाग लेने पर भी सहमति व्यक्त की गयी। उन्होंने माना कि पेशेवराना वैचारिक आदान प्रदान तथा सीमाओं पर नई चुनौतियों एवं खतरों के संबंध में समान रुख का विकास सभी सदस्य देशों की सीमाओं पर सुरक्षा एवं विश्वास को मजबूत करने में योगदान देगा। बैठक में वर्ष 2023 के लिए एससीओ सदस्य देशों की सीमा सेवाओं के सक्षम प्राधिकार के विशेषज्ञ समूह की कार्ययोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। पेशेवराना एवं रचनात्मक वातावरण में हुई इस बैठक में अगली बैठक के समय एवं स्थान को लेकर प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। बाद में बैठक में एससीओ -आरएटीएस कार्यसमिति के निदेशक श्री इकीनोविच ने पुलिस स्मारक जा कर शहीद सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# यूपी सरकार शहीद सैनिकों की अंत्येष्टि प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए बनाए कानून : हाई कोर्ट

प्रयागराज, एजेंसी



इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले सैनिकों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एक ऐसा अधिनियम बनाए, जिससे कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए सैनिकों के पार्थिव शरीर को प्राप्त करने, अंतिम संस्कार और किसी भी अन्य संबद्ध मामलों के लिए प्रोटोकॉल निर्धारित किया जा सके। कोर्ट ने इसके लिए यूपी सरकार को छह महीने का समय दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि इस आदेश की कॉपी यूपी मुख्य सचिव को भेजी जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने गोरखपुर निवासी विवेक यादव उर्फ सूर्य प्रकाश यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि राज्य का दायित्व और कर्तव्य है कि देशभक्त अनसुने न रह जाएं और देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैन्य नायकों को पूरा सम्मान दे। शहीदों का सम्मान न करने वाले देश की आजादी कायम नहीं रहती।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि एक राष्ट्र जो स्वतंत्रता की रक्षा और शांति बनाए रखने के लिए अपने शहीदों का सम्मान नहीं करता है, उसकी स्वतंत्रता और शांति खो जाएगी। भारत ने गुलामी की कीमत जानी है और भारतीयों ने स्वतंत्रता की कीमत चुकाने में कभी संकोच नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि शहीदों के कार्यों को हमेशा याद किया जाना चाहिए। राज्य का गंभीर दायित्व देश की रक्षा में अंतिम बलिदान देने वाले सैन्य नायकों को पूर्ण सम्मान देना है। यह उसका कर्तव्य है कि उसके देशभक्त बिना रोये, असम्मानित और अनसुने न रह जाएं। कोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार को सर्वोच्च सैन्य अधिकारियों से परामर्श करने और सम्मान के साथ व्यवहार करने के लिए अधिनियम तैयार करने पर विचार करने का निर्देश दिया, जो अपने कर्तव्य के दौरान मरने वाले सैनिक की याद दिलाए। शहीद को सम्मान न मिलने पर हुआ था आंदोलनः मामला सीमा पर शहीद धनंजय यादव के पार्थिव शरीर को जिला प्रशासन की ओर से सम्मान न दिए जाने से जुड़ा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि जिला प्रशासन ने शहीद को सम्मान देने में प्रोटोकॉल का अनुपालन नहीं किया।


" Nritya Shala "

Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by

Ms.Vani Madhav

only on @ddbharati1 @prasarbharati will be telecasted on

02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129